4 रायपुर संभाग
वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अघरिया छात्रावास में ड्रोम के...

6 अभिमत
सांस लेने का अधिकार दिल्ली की जहरीली हवा

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
अन्वेषण कार्यक्रम के तहत अंतरिक्ष ज्ञान अभियान का...

10 संस्कारधानी
1992 में बना भवन खंडहर हो चुका

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 19 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-88 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### विधानसभा का चतुर्थ सत्र 16 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू होगा। विधानसभा सचिवालय की ओर से इसके लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। नोटिफिकेशन के मुताबिक, विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू 20 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान 4 बैठकें होंगी।

### राजोआना की दया याचिका राष्ट्रपति के समक्ष पेश करें : सुप्रीम कोर्ट



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के सचिव को निर्देश दिया कि वह 1995 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में मृत्युदंड की सजा पाए बलवंत सिंह राजोआना से संबंधित दया याचिका दो सप्ताह के भीतर फैसला करने के अनुरोध के साथ उनके (राष्ट्रपति) समक्ष पेश करें। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने राजोआना की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि याचिकाकर्ता मृत्युदंड की सजा काट रहा है। हम भारत के राष्ट्रपति के सचिव को निर्देश देते हैं कि वे मामले को उनके (राष्ट्रपति) समक्ष पेश करें और दो सप्ताह के भीतर इस पर विचार करने का उनसे अनुरोध करें।

### देश में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ रही है और केंद्र सरकार है चुप : आतिशी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा है कि पूरे उत्तर भारत में पराली जलने से बढ़ते प्रदूषण के कारण लोगों का सांस लेना दुश्वार हो गया है, लेकिन भाजपा शासित केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। आतिशी ने पत्रकारों से कहा कि देश में पराली जलाने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है लेकिन भाजपा शासित केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। प्रदूषण के कारण बुजुर्ग सांस नहीं ले पा रहे है, छोटे-छोटे बच्चे एस्ट्रॉयड, इनहेलर लेने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि हरियाणा, उत्तर-प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में पिछले 6-7 सालों में लगातार पराली जलाने की घटनाएं बढ़ी हैं, लेकिन केंद्र सरकार कुछ नहीं कर रही है।

## बस्तर में पूर्ण शांति बहाली करते हुए अंदरूनी क्षेत्रों तक लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का संकल्प: सीएम साय

पायनियर संवाददाता ◀ चित्रकोट
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में चित्रकोट में आयोजित बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की पहली बैठक में बस्तर में पर्यटन को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए टूरिज्म कॉरिडोर बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही बस्तर अंचल के पर्यटन के लिए चिन्हित स्थानों को विकसित करने के लिए रणनीति तैयार की गई। बैठक में बस्तर में एनएमडीसी द्वारा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण के संबंध में भी चर्चा की गई। इस मौके पर साय ने सौर समाधान और मनो बस्तर एप्प लॉन्च किया तथा सौर ऊर्जा चलित पॉवर बैंक का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री साय ने संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के उन्नयन कार्यक्रम के लिए कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित धूड़मारास गांव के



चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे बस्तर को नई पहचान मिली है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र के पर्यटन ग्राम उन्नयन कार्यक्रम के लिए 60 देशों से चयनित 20 गांवों में भारत के छत्तीसगढ़ राज्य के धूड़मारास ने भी अपनी जगह बनाई है। मुख्यमंत्री साय ने प्राधिकरण की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने बस्तर और सरगुजा के विकास पर अपना ध्यान विशेष रूप से केंद्रित किया है। इन क्षेत्रों के विकास में आदिवासी विकास प्राधिकरणों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि जनजाति क्षेत्रों के विकास के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी। सीएसआर मद में भी काफी राशि उपलब्ध है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। केन्द्र और राज्य दोनों में जनजातीय समुदायों के विकास के लिए संवेदनशील सरकारें हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक माओवादी आतंकवाद को खत्म करने का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में राज्य में बेहतर काम हो रहा है। माओवादी आतंकवाद छोटे से क्षेत्र में सिमट कर रह गया है। हम लोगों ने बस्तर में पूर्ण शांति बहाली करते हुए अंदरूनी क्षेत्रों तक लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का संकल्प लिया है। यह तभी होगा जब शासन के प्रति नागरिकों का विश्वास मजबूत होगा। यह विश्वास विकास से ही निर्मित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल, अस्पताल, आंगनवाड़ी, पेयजल, बिजली, मोबाइल टॉवर जैसी अधोसंरचनाएं अंदरूनी गांवों तक पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा कि नियद नेल्लानार योजना के तहत 34 नए सुरक्षा कैंप खोले गए हैं जहां ग्रामीणों को विभिन्न सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

## पीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



सीबीआई ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी को गिरफ्तार कर लिया है। सीजी पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है। कुछ माह पूर्व सोनवानी के घर पर सीबीआई ने दबिश दी थी। पूर्व की कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री के सचिव रहे टामन सिंह सोनवानी को छत्तीसगढ़ पीएससी का चेयरमैन बनाया गया था। सोनवानी के ऊपर पीएससी भर्ती में गड़बड़ी को लेकर गंभीर आरोप है। ज्ञात हो छत्तीसगढ़ में एक ही परिवार के सदस्यों का चयन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा किया गया था, जिसको लेकर राज्य में जमकर विरोध हुआ। टामन सिंह सोनावानी के चेयरमैन रहते हुए विपक्ष की भूमिका निभा रही भाजपा ने सीजी पीएससी की गड़बडियों की सीबीआई से जांच कराने की बात कही थी। वहीं मोदी की गारंटी में भी इस बिन्दू को शामिल किया गया था। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही मामले की सीबीआई से जांच कराने की घोषणा की गई थी। जिसके तहत सीबीआई ने जांच करना शुरू कर दिया है। घोटाले के प्रमुख आरोपी टामन सिंह सोनवानी को सीबीआई द्वारा सोमवार को गिरफ्तार किया गया है।

## पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच ईनामी नक्सली ढेर

पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com



15-16 नवम्बर की दरमियानी रात्रि को जिला नारायणपुर व कांकेर के सीमावर्ती क्षेत्र उत्तर अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियो की उपस्थिति की खबर मिलने की पर पुलिस टीम के द्वारा सर्चिंग अभियान चलाया गया। सर्चिंग के दौरान 16 नवंबर की सुबह 8 बजे डीआरजी, एसटीएफ और बीएसएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ के बाद जब जंगल में सर्चिंग की गई तो दो महिला माओवादी समेत कुल 5 वर्दीधारी ईनामी नक्सलियों के शव बरामद किये गये है। मारे गये नक्सलियों में वनोजा मिचा कारम, डीवीसीएम , ईनामी-08 लाख। सुरेश गावड़े एसीएम ईनामी-05 लाख। संतोष कुरचामी, पीएम ईनामी-05 लाख। मनीष पद्दा, पीएम ईनामी-05 लाख। पुनीता, पीएम, ईनामी-05 लाख। जंगल से बरामद हथियार में एस.एल.आर. रायफल 01 नग, इंसास रायफल 01 नग, 12 बोर रायफल 02नग, 315 रायफल 01 नग, बीजीएल लॉन्चर 01 नग एवं भारी मात्रा में नक्सली विस्फोटक सामान सहित अन्य नक्सली दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद हुआ। मुठभेड़ के बाद वापसी में सर्चिंग के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाये गये दो आईईडी को भी बरामद किया गया जिसे जवानों द्वारा निष्क्रिय किया गया।

## छह देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र सौंपे

**नयी दिल्ली।** छह देशों के राजनयिकों ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किये। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति ने स्विट्जरलैंड, जॉर्डन, पापुआ न्यू गिनी, दक्षिण अफ्रीका, म्यांमार और मिस्र के राजनयिकों के परिचय पत्र स्वीकार किए।



परिचय पत्र प्रस्तुत करने वाले राजनयिकों में स्विट्जरलैंड की राजदूत माया टिसफ़ी, जॉर्डन के राजदूत यूसुफ मुस्तफा अली अब्देल गनी, पापुआ न्यू गिनी के उच्चायुक्त विंसेंट सुमाले, दक्षिण अफ्रीका के उच्चायुक्त प्रोफेसर अनिल सूकलाल, म्यांमार के राजदूत ज़ॉ ऊ और मिस्र के राजदूत कामेल जायद कामेल गलाल शामिल है।

## चुनावों में 1000 करोड़ रुपये की नकदी, शराब, सामग्री जब्त : आयोग

वार्ता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

चुनावों में मतदाताओं को प्रलोभन देने के हथकंडों पर रोक के लिए चुनाव आयोग की सख्ती के बीच प्रवर्तन एजेंसियों ने महाराष्ट्र और झारखंड दोनों विधान सभा चुनावों के साथ-साथ उपचुनावों के प्रचार अभियान के दौरान 1082 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब और अन्य सामग्री जब्त की हैं। आयोग ने सोमावार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि इस बार महाराष्ट्र और झारखंड में कुल जब्ती 2019 की तुलना में सात गुना अधिक हुई है। दोनों राज्यों में प्रचार अभियान आज शाम पांच बजे थम गया। इस समय 14 राज्यों में उपचुनाव भी चल रहे हैं। आयोग की विज्ञप्ति में कहा गया है, चुनाव आयोग के तहत प्रवर्तन एजेंसियों ने महाराष्ट्र, झारखंड विधानसभा चुनावों और उपचुनावों में 1082.2 करोड़ रुपये की नकदी, शराब, ड्रग्स, मुफ्त उपहार और अन्य प्रलोभन की वस्तुओं को जब्त किया है। महाराष्ट्र और झारखंड राज्यों में कुल मिलाकर 858 करोड़ रुपये की जब्ती की गयी है जो इन राज्यों में 2019 के विधानसभा चुनावों के दौरान की गई जब्ती से सात गुना अधिक है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों में, महाराष्ट्र में 103.61 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गयी थी।

## अवसरों से भरपूर क्षेत्र में एमएसएमई को देखने की जरूरत : सीतारमण

एजेंसी ◀ मुंबई
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बैंकिंग समुदाय को एमएसएमई को केवल जोखिम वाले क्षेत्र के रूप में नहीं बल्कि अवसरों से भरपूर क्षेत्र के रूप में देखना चाहिए। सीतारमण ने एसबीआई बैंकिंग एंड ईकॉनोमिक कान्कलेव 2024 में कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था, अपने पारंपरिक या आधुनिक रूप में, एमएसएमई पर बहुत अधिक निर्भर करती है और हमें उनकी आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता है। ऋण मूल्यांकन में नवाचार के माध्यम से एमएसएमई का समर्थन करना एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। छोटे ऋण उद्यमशीलता और रोजगार सृजन को सक्षम करते हैं और इसलिए उन्हें उचित ध्यान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि परंपरागत रूप से, बैंकिंग क्षेत्र ने संपार्श्विक-आधारित ऋण मॉडल पर बहुत अधिक भरोसा किया है। यह दृष्टिकोण, कुछ मामलों में प्रभावी होने के बावजूद, हमेशा एमएसएमई की विशिष्ट आवश्यकताओं और वित्तीय संरचनाओं के साथ संरेखित नहीं होता है। सीतारमण ने कहा यही कारण है कि इस साल जुलाई के बजट में, हम एमएसएमई के लिए घोषणाएं लेकर आए हैं। यदि बैंक उन्हें सावधि ऋण देने में हिचकिचाते थे क्योंकि उन्हें पर्याप्त संपार्श्विक की आवश्यकता होती थी, तो सरकार ने बजट में एमएसएमई के लिए संपार्श्विक मुक्त ऋण देने की घोषणा की है। नकदी प्रवाह आधारित ऋण में एमएसएमई इकाइयों की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को संबोधित करने की परिवर्तनकारी क्षमता है। कुछ दिन पहले, मैंने एससीबी और एनबीएफसी के लिए इस वित्तीय वर्ष में 1.54 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त एमएसएमई ऋण का लक्ष्य निर्धारित किया था, जो कि 'सामान्य रूप से व्यवसाय' दृष्टिकोण के साथ इस वर्ष दिए जाने वाले अनुमानित 4.21 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में शांति व्यवस्था बनाये रखने को कहा

पायनियर संवाददाता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में हिंसा की बढ़ती घटनाओं के बीच सोमवार को लगातार दूसरे दिन वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में सुरक्षा व्यस्था की स्थिति की समीक्षा की और सुरक्षा बलों तथा राज्य एजेन्सियों से राज्य में शांति व्यवस्था कायम करने के कदम उठाने को कहा। केंद्र में सुरक्षा तंत्र से जुड़े सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री ने रविवार के बाद सोमवार को भी यहां लंबी बैठक में वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के साथ स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने केन्द्रीय पुलिस बलों तथा राज्य पुलिस से राज्य में शांति व्यवस्था कायम करने और शांति बहाली के कदम उठाने को कहा। इस बीच केन्द्र सरकार मणिपुर में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाये रखने के लिए केन्द्रीय पुलिस बलों की तैनाती भी बढा रही है।

## आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक के लिए लाओस जायेंगे राजनाथ सिंह

पायनियर संवाददाता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए बुधवार को लाओस जायेंगे। बैठक के दौरान वह क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर अपने विचार रखेंगे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सिंह के बैठक से इतर अमेरिका, चीन, ऑस्ट्रेलिया, जापान, लाओस, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस और दक्षिण कोरिया अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की उम्मीद है। इन बैठकों का उद्देश्य इन देशों के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और अधिक बढ़ाना है। आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की यह बैठक आसियान में सर्वोच्च रक्षा परामर्श और सहयोग तंत्र है। यह आसियान सदस्य देशों ब्रूनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस , मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम और इसके आठ संवाद भागीदारों भारत, अमेरिका, चीन, रूस, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के लिए सुरक्षा तथा रक्षा सहयोग को मजबूत करने का एक मंच है। भारत 1992 में आसियान का संवाद साझेदार बना था और इस संस्था की पहली बैठक 12 अक्टूबर 2010 को वियतनाम के हनोई में आयोजित की गयी थी। वर्ष 2017 से इसकी बैठक हर वर्ष हो रही है। लाओस 11वीं बैठक का अध्यक्ष और मेजबान है।

## सरकार स्थानीय निकाय के चुनाव कार्यक्रम तत्काल घोषित करे : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने मांग किया है सरकार स्थानीय निकायों के चुनाव कार्यक्रम तत्काल घोषित करे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार ने अभी तक स्थानीय निकायों के चुनाव कार्यक्रम को घोषित नहीं किया है। न ही वार्डो, निकाय अध्यक्षों, महापौरों के आरक्षण की प्रक्रिया को शुरू किया है। जबकि प्रदेश की अधिसंख्यक निर्वाचित निकायों का कार्यकाल दिसंबर के अंत तक समाप्त हो जायेगा, ऐसे में समय पर चुनाव कराने के लिये आवश्यक है कि चुनाव कार्यक्रम तुरंत घोषित किया जाये। चुनाव कार्यक्रम नहीं घोषित करने से साफ हो रहा सरकार की मंशा चुनावों को समय पर कराने की नहीं लग रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार हार के डर से स्थानीय निकायों के चुनाव को आगे बढ़ाना चाहती है। इसी संदर्भ में सरकार ने राजस्व में अधिसूचना जारी करके नगरीय निकायों के कार्यकाल को 6 माह बढ़ाने को अधिसूचित किया है। इस अधिसूचना के माध्यम से भाजपा सरकार लोकतंत्र का गला घोटने जा रही है। निर्वाचित निकायों का कार्यकाल दिसंबर अंत में समाप्त होते ही सरकार प्रशासन अथवा अपने प्रतिनिधियों को मनोनीत कर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बेदखल करेगी तथा सभी निकायों में सरकार अपनी मनमानी चलायेगी। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में जिस प्रकार से भाजपा के खिलाफ माहौल है, सरकार फिर से चुनाव में जाने का साहस नहीं दिखा पा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार को पता है कि उसके पिछले 11 माह के कार्यकाल के कारण पूरे प्रदेश में सरकार के खिलाफ आक्रोश है। यदि समय पर चुनाव हो जाते है तो भाजपा का नगरीय निकायों और स्थानीय निकायों में सफाया हो जायेगा।

### ब्राजील में भारतीय समुदाय के लोगों ने गर्म जोशी से किया स्वागत

## मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रियो डी जेनेरियो पहुंचे

वार्ता ◀ रियो डी जनेरियो/ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण में सोमवार सुबह ब्राज़ील के रियो डी जेनेरियो पहुंचे। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, 'जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राज़ील के रियो डी जनेरियो पहुंच गया। मैं शिखर सम्मेलन के विचार-विमर्श और विभिन्न विश्व नेताओं के साथ सार्थक बातचीत की आशा करता हूं।' मोदी के आगमन पर ब्राजील में भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा, 'रियो डी जेनेरियो पहुंचने पर भारतीय समुदाय के गर्मजोशी भरे और जीवंत स्वागत से मैं बहुत प्रभावित हुआ। उनकी



ऊर्जा उस स्नेह को दर्शाती है जो हमें सभी महाद्वीपों से जोड़ता है।' भारतीय समुदाय के लोगों ने मोदी का स्वागत संस्कृत में मंत्रोच्चार साथ किया। मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के अलावा विश्व नेताओं के साथ भी बातचीत करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी इस सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। मोदी सम्मेलन में विभिन्न ज्वलंत और वैश्विक मुद्दों पर भारत का रुख रखेंगे। पिछले वर्ष जी-20 शिखर सम्मेलन का भारत की अध्यक्षता में राजधानी दिल्ली में आयोजन किया गया था।

## महाराष्ट्र, झारखंड में प्रचार अभियान थमा, बुधवार को होगा मतदान

वार्ता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की कुल 288 और झारखंड विधानसभा के लिए दूसरे चरण की 38 सीटों पर चुनाव के लिए सोमवार शाम पांच बजे सार्वजनिक प्रचार अभियान थम गया। दोनों राज्यों में मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा और अधिकांश सीटों पर शाम छह बजे तक वोट डाले जायेंगे। महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस जैसे प्रमुख राष्ट्रीय दलों और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के दोनों गुटों, शिव सेना और शिव सेना (उद्धव बाल ठाकरे) के अलावा समाजवादी पार्टी और ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मस्लमीन के स्टार प्रचारकों और अन्य क्षेत्रीय नेताओं ने धुंआधार रैलियां निकाली एवं प्रचार किया। भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार किया। भाजपा के साथ महायुति गठबंधन के प्रचार में शिव सेना के नेता एवं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और राकांपा के नेता एवं उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने दिन-रात एक किया। कांग्रेस के ओर से पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के अलावा प्रदेश पार्टी अध्यक्ष नाना पटोले और अन्य नेताओं ने बड़ी रैलियां की और एमवीए के दिग्गज प्रचारकों में पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मोर्चा संभाले रखा। कांग्रेस और भाजपा के नेताओं ने प्रचार के दौरान एक-दूसरे पर विभाजनकारी राजनीति करने और संविधान का तिरस्कार करने का आरोप लगाया तथा तल्खियां इतनी बढ़ गयी की दोनों पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंच गयी। सार्वजनिक चुनाव प्रचार का दौर समाप्त होने के बाद उम्मीदवार और उनके समर्थक निजी संपर्क के माध्यम से समर्थन जुटाने में लग गये हैं।

## भारतीय तटरक्षक बल सबसे बड़ा समुद्री खोज और बचाव अभ्यास करेगा

पायनियर संवाददाता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय तटरक्षक बल 28 और 29 नवंबर को केरल के कोच्चि में 22वीं राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव बोर्ड बैठक के साथ-साथ अब तक के सबसे बड़े राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव अभ्यास (सारेक्ष-24) की मेजबानी के लिए तैयार है। तटरक्षक बल के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया की इस कार्यक्रम की विषय वस्तु क्षेत्रीय सहयोग के माध्यम से खोज और बचाव क्षमताओं को बढ़ाना है। दो दिन के कार्यक्रम में अब तक के सबसे बड़े रियल-टाइम सिमुलेशन होंगे जिनका उद्देश्य प्रभावी खोज और बचाव संचालन तथा क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री हितधारकों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों के लिए आवश्यक कौशल को निखारना है। समुद्री विशेषजों का यह जमावड़ा न केवल खोल और बचाव क्षमताओं को बढ़ाएगा बल्कि भागीदार देशों के 40 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों की भागीदारी से संबंधों को भी मजबूत करेगा। यह अभ्यास दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत के समुद्री सुरक्षा के लिए मजबूत क्षेत्रीय समन्वय के सक्रिय रुख को दर्शाता है। यह पहल न केवल अपनी स्वयं की एसएआर क्षमताओं को मजबूत करने बल्कि वैश्विक समुद्री सुरक्षा मानकों में योगदान देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करती है। यह कार्यक्रम परिचालन तत्परता बढ़ाने और समुद्री सुरक्षा में मजबूत क्षेत्रीय समन्वय स्थापित करने में भारत के नेतृत्व को प्रदर्शित करेगा। कार्यशाला सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और मित्र देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगी।

# खेती में तकनीक, भविष्य के लिए जरूरी: असीम अरुण

पायनियर संवाददाता ◂ लखनऊ
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के सामाजिक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि कृषि में उन्नत प्रौद्योगिकी समय की मांग और अनिवार्यता है। यह न केवल चुनौतियों का समाधान करेगा बल्कि किसानों के लाभ को भी बढ़ाएगा। किसानों को सशक्त बनाने और उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए कृषि वित्त और बाजार संपर्क महत्वपूर्ण हैं। सीआईआई एग्रोटेक इंडिया कृषि भारत 2024 के अंतिम दिन 'एक सशक्त भविष्य के लिए सतत कृषिः नवाचार, जलवायु कार्रवाई और सामुदायिक सशक्तिकरण का एकीकरण' विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में विशेषज्ञों ने किसान समुदाय के लिए इनोवेटिव प्रैक्टिस, जलवायु-स्मार्ट समाधानों और सशक्तिकरण रणनीतियों पर चर्चा की। पैनल में शामिल लीड्स कनेक्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के डीजीएम पुनीत पांडे, एचसीएल फाउंडेशन के समुदाय और माई क्लीन सिटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आलोक वर्मा, सीएसआईआर-सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिनल एंड एरोमेटिक प्लांट्स के सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट संजय कुमार, एरीज एग्रो लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रदीप मिश्रा और आशीष श्रीवास्तव ने गुणवत्तापूर्ण बीजों, सूखा प्रतिरोधी किस्मों जैसी उन्नत बीज तकनीकों और वैज्ञानिक फसल प्रबंधन पर किसानों को शिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। न्होंने जलवायु-स्मार्ट कृषि तकनीकों को अपनाने की चर्चा की, जो उत्पादकता बढ़ाने में और प्रक्रिया आसान बनाने में मदद करती हैं। पैनल ने आगे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और क्रियाशील बुद्धिमत्ता की भूमिका पर चर्चा की, जो कृषि परिणामों को बेहतर बनाने में सहायक हो सकती है। एक अन्य चर्चा में, जिसमें अवनेश सिंह, शेनॉय सी. मैथ्यू,उमाकांत पांडे, सौरभ राय और विजय वर्धन शामिल थे, ने किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सामूहिक विकास को बढ़ावा देने, बाजार तक पहुंच में सुधार करने और उत्पादकता बढ़ाने में एफपीओ की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। सीआईआई एग्रोटेक कृषी भारत 2024 के चौथे दिन 'जल और सिंचाई प्रबंधन' पर एक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसका विषय था - 'गैप्स को पाटनाः प्रौद्योगिकी, साझेदारी और सिंचाई'। इस सत्र में प्रतिष्ठित सरकारी अधिकारियों, उद्योग के नेताओं, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रतिनिधियों और ष्टद्धद्ध अधिकारियों ने भाग लिया। चर्चा का मुख्य उद्देश्य भारत में जल और सिंचाई प्रबंधन को सुधारने के लिए परिवर्तनकारी समाधानों की खोज करना था। प्रदेश के कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के माननीय राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलाख ने जल संरक्षण और टिकाऊ खेती के तरीकों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणालियों के महत्व पर जोर दिया, जिससे फसल की जड़ों तक सीधे पानी की कुशल आपूर्ति सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा, सरकार किसानों को जल-कुशल तरीके अपनाने और बाजरा, सब्ज़ियाँ और फलों जैसी फसलों में विविधता लाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जिन्हें कम पानी की आवश्यकता होती है। सीआईआई उत्तरी क्षेत्र जल समिति के अध्यक्ष भवदीप सरदाना ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में कुशल जल प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने जोर देकर कहा, डेटा और उन्नत प्रौद्योगिकियों के रणनीतिक उपयोग से टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देते हुए पानी की खपत में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।

# तालाबों एवं बावडियों के जीर्णोद्धार की बनाएं कार्य: पटेल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों में रिजल्ट ओरिएंटेड काम किए जाएं। सभी तालाबों एवं बावडियों का जीर्णोद्धार करें। इसके लिये पंचायत बार कार्य-योजना बनाए चरणबद्ध तरीके से काम करें। पौध-रोपण के बाद उनका सर्वाइवल रेट अधिक रहे, इस पर भी कार्य किया जाए। पटेल ने मंत्रालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास के विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिये। पटेल ने कहा कि मनरेगा में गत 15 नवंबर की स्थिति में जिन जनपद पंचायतों में श्रम सामग्री का अनुपात सही होगा, उनमें ग्रेवल रोड, खेत तालाब तथा अन्य नये कार्य प्रारंभ करने की मंजूरी जारी की जा रही है। यह राशि 1 से 3 करोड़ रूपये तक स्वीकृत की जाएगी। उन्होंने कहा कि जैन मुनियों के प्रवास मार्ग चिन्हित कर प्रमुख मार्गों पर उनके रुकने के लिए समुचित व्यवस्था की जाये। शासकीय भूमि पर समुचित पौध-रोपण किये जायें। समीक्षा में पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों में खेत सड़क एवं सुदूर सड़क योजना में सड़कों की मांग एक बार में ही चिन्हित कर ली जाये, जिससे स्वीकृति के लिए निर्णय लिया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूल शिक्षा विभाग के तहत स्कूलों की बाउंड्रीवॉल निर्माण में मनरेगा कन्वर्जेंस रेट भी तय किया जाए। पटेल ने कहा कि मनरेगा में किए जा रहे पौध-रोपण को बाउंड्रीवॉल से सुरक्षित किया जाए। पौधे जल-स्त्रोतों के निकट ही लगाये जाये कि ये पौधे सुरक्षित भी रहें। हम सबको इसके लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने नर्मदा नदी के किनारों पर सघन पौध-रोपण करने के निर्देश दिए। मंत्री पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों की जनपद स्तर पर क्लस्टर मीटिंग नियमित रूप से होना चाहिए। बैठकों में ग्राम विकास की कार्ययोजना तय की जानी चाहिए।

# वैश्विक परिदृश्य में भारत के बढ़ते वर्चस्व का प्रमाण: यादव

पायनियर संवाददाता ◂ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नाइजीरिया के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार, ग्रैंड कमान्डर ऑफद ऑर्डर ऑफ द नाइजर से सम्मानित होने पर नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।
डॉ यादव ने कहा कि यह सम्मान केवल 140 करोड़ भारतीयों के लिए गर्व का ही क्षण नहीं, अपितु वैश्विक परिदृश्य में भारत के बढ़ते वर्चस्व का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक और कीर्तिमान, एक और वैश्विक सम्मान प्राप्त कर पूरे विश्व में मां भारतीय का गौरव बढ़ाया है।

## यादव ने सिद्धि विनायक मंदिर में भगवान श्री गणेश का किया पूजन

**मुंबई/भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोमवार को मुंबई के सुप्रसिद्ध 'श्री सिद्धि विनायक मंदिर' में प्रथम पूज्य एवं ऋद्धि-सिद्धि के दाता श्री गणेश के दिव्य दर्शन कर पूजन किया। डॉ यादव ने विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश से देश एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए मंगल कामना की।

# चरणजीत चन्नी की टिप्पणी शर्मनाक, महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाना निंदनीय: अमन अरोड़ा

वार्ता ◂ गिद्दड़बाहा
www.dailypioneer.com

पंजाब के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कांग्रेस नेता राजा वड़िंग, चरणजीत सिंह चन्नी और भाजपा उम्मीदवार मनप्रीत बादल पर क्षेत्र की उपेक्षा करने और सत्ता पर अपनी पकड़ बनाये रखने के लिये भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया। अरोड़ा ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुये असफल नेतृत्व और चुनाव जीतने की खातिर भ्रष्ट हथकंडे अपनाने के लिये राजा वड़िंग की निंदा की। उन्होंने कहा कि यहां से तीन बार चुने जाने के बावजूद वड़िंग ने गिद्दड़बाहा के विकास के लिये कुछ नहीं किया। उनकी हताशा अब दिखाई दे रही है और वह वोट खरीदने की कोशिश में पकड़े गये। पुलिस ने नकदी और उनके लोगों से जुड़े एक वाहन को जब्त कर लिया, जो वोट-खरीद की प्रक्रिया में शामिल थे। उन्होंने कहा कि कानून का सम्मान करने के बजाय राजा वड़िंग ने जवाबदेही से बचने की कोशिश में पुलिस का सामना किया। अरोड़ा ने महिलाओं के बारे में पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी की हालिया अपमानजनक टिप्पणियों के लिये उन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चन्नी के शब्द न केवल अपमानजनक है, बल्कि महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि एक नेता जो कभी मुख्यमंत्री का पद संभाल चुके हों, उससे इस तरह की अभद्र और घटिया भाषा के उपयोग की उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि चन्नी के भाषण के दौरान गिद्दड़बाहा से कांग्रेस उम्मीदवार अमृता वड़िंग मौजूद थीं, लेकिन महिलाओं के सम्मान के लिये खड़े होने के बजाय, उन्होंने चुप रहना उचित समझा। उन्हें तुरंत चन्नी की शर्मनाक टिप्पणियों पर आपत्ति जतानी चाहिये थी, पर उन्होंने ऐसा नहीं किया। यह उनके बारे में बहुत कुछ बताता है। अरोड़ा ने मनप्रीत बादल पर गिद्दड़बाहा छोड़ने का आरोप लगाया, उन्होंने कहा कि गिद्दड़बाहा के प्रतिनिधि होने और दो बार वित्त मंत्री का महत्वपूर्ण पद संभालने के बावजूद मनप्रीत बादल ने निर्वाचन क्षेत्र के लिये कुछ नहीं किया। उनका ध्यान हमेशा भ्रष्ट बादल परिवार के साथ गठबंधन करने पर था, जबकि गिद्दड़बाहा के लोगों ने हमेशा उनका साथ दिया। उन्होंने आप उम्मीदवार की जीत का दावा किया और कहा कि गिद्दड़बाहा के लोग कांग्रेस के भ्रष्टाचार और झूठ से तंग आ चुके हैं।
उनके खोखले वादों का समय अब खत्म हो गया है।

# केदारनाथ उप चुनाव के लिए दूरस्थ सात पोलिंग पार्टियां रवाना

वार्ता ◂ रुद्रप्रयाग
www.dailypioneer.com




उत्तराखंड के केदारनाथ विधानसभा में उप चुनाव मतदान के लिए सड़क से चार किमी से अधिक दूरी वाली सात पोलिंग पार्टियों को सोमवार को रवाना कर दिया गया। शेष 166 पोलिंग पार्टियां मंगलवार को रवाना होंगी। उप चुनाव के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। सोमवार को खेल मैदान अगस्त्यमुनि से जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी डा. सौरभ गहरवार की देखरेख में केदारनाथ विस में दूरस्थ गौंडार, तोषी, चिलौंड, जग्गी-बग्वान, ब्यूंखी, बेडूला और कुणजेठी पोलिंग पार्टी को रवाना किया गया। इससे पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी पोलिंग पार्टियों को कर्त्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने को कहा। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान हम सबकी प्राथमिकता है, इसके लिए सभी पूरे मनोयोग से काम करें। इधर, रिटर्निंग अधिकारी अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि शेष 166 पोलिंग पार्टियां मंगलवार को अपने गंतव्य के लिए रवाना होंगी। दूसरी तरफसामान्य चुनाव प्रेक्षक विनोद शेषन ने चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों का पोस्टल बैलेट से हो रहे मतदान का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर लगे सभी कार्मिकों का मतदान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि निर्वाचन कार्य में तैनात कार्मिकों में 52 ने पोस्टल बैलेट से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया है।

# वन मित्र भर्ती के लिये दस्तावेजों की जांच 26 नवं को

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में वन मित्र भर्ती के लिये वन मंडल शिमला शहरी के वन परिक्षेत्र चौड़ा मैदान के अंतर्गत आठ बीटों (समरहिल, ग्लेन, टूटीकंडी, फागली, कैथू, भराड़ी, जाखू और खलीनी) के लिये दस्तावेज़ सत्यापन की तिथि 26 नवंबर निर्धारित की गयी है। इस दिन सभी अभ्यर्थी जिन्होंने शारीरिक दक्षता परीक्षा पास की है। वे सभी दस्तावेज़ सत्यापन के लिये अपने मूल दस्तावेज़ों जो कि आवेदन के दौरान जमा करवाये गये थे और प्रत्येक की तीन प्रतियों के साथ पूर्वाह्न 11 बजे उप मंडल अधिकारी (नागरिक) शिमला (शहरी) के कार्यालय में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। इस सन्दर्भ में सभी अभ्यार्थियों को कॉल लेटर अलग से जारी किये जायेंगे। किसी भी जानकारी और पूछताछ के लिए 0177 - 2629915 पर संपर्क करें।

## बस ने मारी मोटरसाइकिल को टक्कर, एक की मौत, एक घायल

हिसार, 18 नवम्बर (वार्ता) हरियाणा में हिसार जिला के हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर सरसौद गांव के पास एक मोटरसाइकिल को बस ने टक्कर मार दी जिसमें एक युवक की मौत हो जबकि एक अन्य गंभीर घायल हो गया। मृतक की पहचान बरवाला निवासी सज्जन के रूप में हुई है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों की शिकायत पर बावाला पुलिस ने बस चालक के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




## प्रतापगढ़ में पत्नी से नोकझोंक के बाद की आत्महत्या

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के फतनपुर क्षेत्र में घरेलू कलह से आजिज एक व्यक्ति ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रतापगढ़-वाराणसी रेलवे ट्रैक पर सोमवार सवेरे शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सुबह शौच के लिए निकले ग्रामीणों ने शव को देख पुलिस को सूचना दिया। सूत्रों के अनुसार मृतक की पहचान सूरज लाल पाल (26) ग्राम बगदाहा हाब्सा बाद थाना सराय मामरेज जिला प्रयाग राज के रूप में की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सूरज पाल पत्नी की विदाई कराने के लिए ससुराल आया था पति पत्नी से नोंकझोंक हुई तो पति ने ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी।



## हकेवि के दीक्षांत समारोह में दत्तात्रेय की शिरकत

**चंडीगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के दसवें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राघवेंद्र प्रसाद तिवारी दीक्षांत समारोह में शामिल हुये। दीक्षांत समारोह में चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी की कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी भी उपस्थित रहीं। बंडारू दत्तात्रेय ने डिग्री प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थी जीवन का सबसे यादगार अवसर होता है। उन्होंने युवा शक्ति का आह्वान किया और कहा कि आने वाला समय आपका है। आप देश का वर्तमान और भविष्य है। आज के समय में राष्ट्र निर्माण के लिये पैसा नहीं बल्कि ज्ञान ही सबसे बड़ी शक्ति है।

# केदारनाथ उपचुनाव में सियासत हुई तेज

एजेंसी ◂ रुद्रप्रयाग
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के केदारनाथ उपचुनाव प्रचार का शोर पांच बजे समाप्त होते ही इस सीट को लेकर सियासत और तेज हो गयी। जीत को लेकर सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी व विपक्षी दल कांग्रेस के अपने-अपने दावे हैं। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा कि जनता, विकास और सनातन संरक्षण के पक्ष में वोट करेगी और चुनाव जीतने के लिए पवित्र धामों की छवि खराब करने और मौलानाओं से फतवा लेने वालों को सबक सिखाएगी। गुटबाजी की शिकार, कांग्रेस के नेता और उम्मीदवार सभी जनाक्रोश के चलते अपना बोरिया बिस्तर समेट चुके हैं। ऐसे में पार्टी नेताओं के जीत के दावे भी खोखले ही माने जायेंगे। वहीं अवैध शराब को लेकर फैलाई जा रही अफवाह की पोल खोलते हुए जोशी ने कहा कि पर्यवेक्षक से शिकायत हमने की, सबूत हमारे पास हैं षड्यंत्र के। कांग्रेस ने तो अपनी तय रणनीति के अनुसार एक ही कार्य किया, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने का। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशों और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में देवभूमि के साथ-साथ केदारपुरी में विकास एवं पुनर्निर्माण के ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। जिसका नतीजा है कि 2013 की आपदा के बाद यहां पहुंचने वाली 40 हजार की संख्या आज 16.5 लाख पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि यहां पहुंचने वाला प्रत्येक भक्त भव्य दिव्य केदारपुरी और सफल, सुगम, सुरक्षित यात्रा की स्मृति साथ लेकर जा रहा है। उन्होंने इस सबसे अलग एक और अहम वजह जीत की बताई है, कांग्रेस का हमारे इन तमाम विषयों पर नकारात्मक राजनीति करना। यूसीसी, धर्मांतरण, दंगारोधी कानून, लव जिहाद लैंड जिहाद, नकल निरोधक कानून प्रत्येक जनहित के विषय का कांग्रेस ने विरोध करने का काम किया। इसबीच कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से सचिवालय में मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

# फिर दिखा धामी का गैरसैण प्रेम, करेंगे रात्रि प्रवास

एजेंसी ◂ गैरसैंण
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बिना किसी सूचना और कार्यक्रम के राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण जा पहुंचे। उन्होंने यहां जाने के लिए अपने निर्धारित प्रोटोकॉल की भी चिन्ता नहीं करते हुए, सुरक्षा अधिकारियों को भी गैरसैंण जाने का कार्यक्रम नहीं बताया। वह आज रात्रि प्रवास भी यहीं करेंगे। गैरसैण का यह दौरा बिना किसी सरकारी कार्यक्रम या विधानसभा सत्र के, इस बात का प्रतीक है कि धामी प्रदेश के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों को लेकर न केवल सजग हैं, बल्कि उन्हें प्राथमिकता भी दे रहे हैं। मुख्यमंत्री आज केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव प्रचार के विभिन्न कार्यक्रमों और जनसंवाद के बाद, बिना किसी प्रोटोकॉल व सुरक्षा के अचानक गैरसैण पहुंच गए। उनके इस अप्रत्याशित आगमन की खबर, जैसे ही गैरसैंण के अधिकारियों को मिली, वे हैरान रह गए। यह इसलिए भी खास है, क्योंकि राज्य गठन के बाद से अब तक किसी मुख्यमंत्री ने इस तरह बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम या सूचना के गैरसैण का दौरा नहीं किया। धामी का बार-बार गैरसैण आना, उनके इस क्षेत्र के प्रति विशेष संवेदनशीलता और लगाव को दर्शाता है। यह उनके नेतृत्व की समर्पित सोच और जमीनी जुड़ाव को रेखांकित करता है। उल्लेखनीय है कि गैरसैंण में अभी तक कोई भी मुख्यमंत्री महज, विधानसभा सत्र अथवा किसी कार्यक्रम में ही आता रहा है। वहीं, धामी रात्रि प्रवास भी यहीं कर रहे हैं।

# किशन रेड्डी ने 'गंदी राजनीति' करने के लिए कांग्रेस, बीआरएस पर साधा निशाना

एजेंसी ◂ हैदराबाद
www.dailypioneer.com



केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति नेताओं पर व्यक्तिगत हमलों और निराधार आरोपों के माध्यम से राजनीतिक माहौल को खराब करने का आरोप लगाया। रेड्डी ने शहर के बाहरी इलाके बोंगुलूर स्थित वेधा कन्वेंशन सेंटर में एक राज्य-स्तरीय भाजपा कार्यशाला में तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस की आलोचना की कि वह अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है और अन्य राज्यों में इसके अभियानों की वैधता पर सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार तेलंगाना में अपनी सरकार के बारे में गलत तथ्यों को पेश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी तेलंगाना में गारंटी लागू करने का दावा करते हुए महाराष्ट्र में विज्ञापन चला रही है लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी बिना किसी विश्वसनीयता के चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इन आरोपों का जवाब देते हुए कि वह गुजरात के गुलाम हैं, श्री रेड्डी ने कहा, ÷मैं किसी का गुलाम नहीं हूं। मैं भारत के नागरिकों का सेवक हूं। अगर महात्मा गांधी, सरदार पटेल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मस्थली गुजरात से जुड़े रहना गुलामी है, तो मैं इसपर गर्व करता हूं। मैं तथाकथित गांधी परिवार या उनकी विभाजनकारी राजनीति के सामने नहीं झुकूंगा। भाजपा नेता ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह अपने आलाकमान के लिए राज्य को एटीएम की तरह चला रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और पहले केसीआर परिवार ने तेलंगाना का निजी लाभ के लिए उपयोग किया। कांग्रेस सरकार ने राज्य की स्थिति में सुधार लाने के लिए नहीं, बल्कि कर्ज जमा करने और अपने करीबी सहयोगियों को प्रदान किए गए निविदाओं के माध्यम से कमीशन कमाने के लिए एक विशेष कार्य बल का गठन किया है। भाजपा के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए, श्री रेड्डी ने पीएम-किसान योजना, मुफ्त राशन वितरण, प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत ग्रामीण सड़क विकास और ग्राम पंचायतों और बस्ती अस्पतालों के लिए धन सहित केंद्र सरकार की पहलों को रेखांकित किया।

# नई करुणामूलक रोजगार नीति बनाएगी सरकार: सुक्खू

वार्ता ◂ शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार एक नई करुणामूलक रोजगार नीति बनाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि सेवा के दौरान अपने परिवार के सदस्यों को खोने वाले लोगों को रोजगार देने के लिए प्रदेश सरकार उदार और सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवेदकों का विभागवार ब्यौरा संकलित कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अधिक से अधिक आवेदकों को लाभान्वित करने के लिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विधवाओं और अनाथों को अनुकंपा के आधार पर रोजगार प्रदान करने में प्राथमिकता देकर आश्रितों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं। पहली कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार ने सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया है ताकि सेवानिवृत्ति के बाद वह सम्मानजनक जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल के भीतर सभी सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को 11 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया गया है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार सचिव एम. सुधा देवी, राकेश कंवर और सचिव विधि शरद कुमार लग्वाल भी बैठक में उपस्थित रहे।

## जौनपुर में मुठभेड़ में गौतस्कर गिरफ्तार

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार एक मुठभेड़ के दौरान गैंगेस्टर में वांछित गौ-तस्कर व शातिर अपराधी नीरज गौड़ को पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर , दो खोखा कारतूस 315 बोर , एक खोखा कारतूस 09 एमएम व एक मोटरसाइकिल पल्सर बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल ने बताया कि मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस टीम चेकिंग के लिये नीभापुर में मौजूद थी कि मुखबिर से सूचना मिली कि मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाश जो मुंगराबादशाहपुर होते हुए इधर आ रहे है और मड़ियाहूं होते हुए जलालपुर जाएंगे, उनके पास असलहा भी है। सूचना पर पुलिस आने जाने वाले वाहनों पर नजर रखने लगी कि कुछ देर में एक मोटरसाइकिल आती हुई दिखायी दी। मोटरसाइकिल करीब आने पर पुलिस बल द्वारा सड़क पर सामने आकर रोकने का प्रयास किया गया तो उक्त बदमाश मोटरसाइकिल की स्पीड बढ़ाकर भागने लगे।



# डेंगू की रोकथाम के लिये फॉगिंग में लायी जायेगी तेजी: सैनी

वार्ता ◂ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रदेश में डेंगू की रोकथाम और इसके बचाव के लिये स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तैयारी की है और लगातार फॉगिंग करवाई जा रही है। सैनी हरियाणा विधानसभा में डेंगू के नियंत्रण के संबंध में लाये गये ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आंकड़े न कभी छुपाये जाते हैं, न कभी छुपाये जायेंगे। डेंगू के नियंत्रण के लिये सरकार की ओर से व्यवस्था पूरी है। हर सप्ताह लगातार फॉगिंग की जा रही है। इसके अलावा, घरों में जाकर भी जांच की जा रही है, गमलों, कूलरों इत्यादि में पानी इकट्ठा न हो और मच्छर न पनपे। उन्होंने कहा कि मौसम के बदलाव को देखते हुये भी अब फॉगिंग में और तेजी लायी जायेगी, इसके लिये भी निर्देश दे दिये गये हैं। इसके अलावा, हर शहर, हर गली मोहल्ले में और पंचायतों को भी गांवों में फॉगिंग तेज करने के लिये निर्देश दिये गये हैं, ताकि डेंगू के मच्छरों से निजात मिले। सैनी ने कहा कि डेंगू से बचाव के लिये स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे घरों में ध्यान रखें और पानी एकत्र न होने दें। दे, तो तुरंत सफाई करें, ताकि मच्छर पैदा न हो सकें।

# संसार में कलम और विचार राज करता है हथियार नहीं : बिपीन मांझी

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर रामकृष्ण मिशन आश्रम ने किया पत्रकारों को सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◀ नारायणपुर
www.dailypioneer.com




रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर मे 16 नवम्बर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें नारायणपुर जिले के सभी पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नारायणपुर जिले के जिलाधीश विपिन मांझी उपस्थित थे, विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर वीरेन्द्र बहादुर पंच भाई तथा स्वामी अनुभवानन्द उपस्थित थे और कार्यक्रम की अध्यक्षता आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानंद जी किया। नारायणपुर जिले के समस्त पत्रकार बंधुओं को रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के ओर से आमंत्रित किया गया एवं कलेक्टर के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकारों सुनिल राठौड़, हेमंत संचेती, अभिषेक बैनर्जी, अनिल खोबरागड़े और विंदेश पात्र ने अपने अपने भाषण के माध्यम से पत्रकारिता और इस कार्य में किस प्रकार साहस के साथ कार्य करना होता यह जानकारी साझा की। कलेक्टर नारायणपुर बिपीन मांझी ने अपने संबोधन में कहा कि संसार में कलम राज करता है, विचार राज करता है, ज्ञान राज करता है हथियार नहीं । उन्होंने ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पत्रकारों को बधाई देते हुए इस सराहनीय कार्य के लिए रामकृष्ण मिशन आश्रम का साधुवाद किया। अपने संबोधन में अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई ने समाज के चौथे स्तंभ पत्रकारों के कार्य को चुनौती पूर्ण बताते हुए राष्ट्रीय प्रेस दिवस की बधाई दी।आश्रम के सचिव महाराज ने अपने अध्यक्षीय भाषण के माध्यम से पत्रकारिता को पवित्र कार्य बताया और साथ ही पत्रकारों को सच्चाई को सामने लाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की सलाह दिया।

इस मौके पर पत्रकार डीगेश जैन, आकाश ठाकुर, विशाल चौहान, सैयद वली आजाद, प्रशांत सिंह, सूरज सरकार, नरेन्द्र मेश्राम, दिनू बघेल, पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर, अनामिका विश्वास, संजय राय , मोनू मिश्रा, दीपक गांधी एवं अन्य पत्रकारगण शामिल हुए।कार्यक्रम का स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन आश्रम के प्राचार्य स्वामी कृष्णामृतानंद ने किया। कार्यक्रम में लगभग 800 विद्यार्थी एवं आश्रम के कर्मचारी उपस्थित थे।

# बांसला में नवीन धान संग्रहण खरीदी केन्द्र खोलने की मांग, नहीं खुलने पर दी चक्का जाम की चेतावनी



पायनियर संवाददाता ◀ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम बांसला में नवीन धान संग्रहण खरीदी केन्द्र खोलने की मांग की गई थी ग्रामीण 14 नवम्बर तक आदेश का इंतजार कर रहे थे। खरीदी केन्द्र नहीं खोले जाने से किसानों का आकोश बढ़ गया उन्होने गांव में बैठक कर निर्णय लिया है कि एक सप्ताह के भीतर अगर शासन प्रशासन द्वारा यहां पर धान खरीदी केंद्र नहीं खोला जाता है तो वे संबलपुर चौक में चक्का जाम करेंगे। ग्रामीणों ने बताया आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या0 लेम्पस संबलपुर के कार्य क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत बांसला में कई वर्षों से पूर्व मुख्य मंत्री डॉ. रमन सिंह भूपेश बघेल पूर्व मुख्य मंत्री छ0ग0 सरकार के समय से लगातार हर वर्ष धान संग्रहण केन्द्र खोलने की मांग लंबित है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत बांसला आश्रित ग्राम जुनवानी, ग्राम पंचायत चवेला आश्रित ग्राम तुडगे, एवं ग्राम पंचायत जातावाड़ा के आश्रित ग्राम उत्तामार व जेपरा, इतने ग्राम आते हैं। जो कि नवीन धान केन्द्र संग्रहण से दूरी लेम्पस संबलपुर तक 10 एवं 15 किलोमीटर के दूरी पर ग्राम स्थित हैं। एवं सभी ग्राम के धान संग्रहण केन्द्र संबलपुर ले जाने से काफी परेशानी होती हैं। वहीं अधिक भीड़ होने के कारण समय पर धान की तौलाई नहीं हो पाती। लाईन लगाना पड़ता है। एवं कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ता हैं।समस्त ग्राम पंचायत व कृषकों के द्वारा कई बार नवीन धान उपार्जन केन्द्र हेतु शासन व प्रशासन को मांग पत्र प्रति वर्ष प्रेषित किया गया हैं। ग्राम पंचायत बांसला मेंनवीन धान एक सप्ताह के अंदर तत्काल खोला जाए अन्यथा आंदोलन करेंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# बचेली के टीएम थॉमस और ई रवि को मिला एनएमडीसी का सर्वोच्च सम्मान, खनिज रत्न पुरस्कार से हुए सम्मानित

■ विगत पूर्व 2 वर्ष से प्रारंभ यह पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ◀ बचेली
www.dailypioneer.com




एनएमडीसी परियोजना द्वारा उत्पादन के क्षेत्र पे सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी को सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित करना प्रारंभ किया जो इस वर्ष बचेली के टी एम थॉमस और डंपर ऑपरेटर ई रवि को मिला इन्हें इस पुरस्कार इनके कार्य शैली को देखते हुए सबसे अधिक कार्य किया और परियोजना के उत्पादन को बढ़ाने में अपना सर्वस्व योगदान देने के कारण इन्हें यह पुरस्कार से सम्मानित किया गया टी एम थॉमस ने परियोजना के उत्पादन को बढ़ाने के लिए सदैव अपना पॉजिटिव सोच रखा और लगातार अपने कार्य को परियोजना के लिए समर्पण भाव से कार्य को अंजाम दिया और डंपर चालक ई रवि को 2022 23 में इन्हें सर्वाधिक डंपर परिचालन के लिए नेहरू पुरस्कार से सम्मानित मिल चुका है इन्होंने 1 वर्ष में 5000 से ज्यादा डंपर लोडिंग कर उत्पादन के क्षेत्र में एक कीर्तिमान स्थापित किया जैसा कि बरसात और कोहरे जैसे विषम परिस्थिति में भी लगातार अपना कार्य में सर्वश्रेष्ठ योगदान देते रहे है इस तरह इनके कार्य के आधार पे इन्हें यह सम्मान हैदराबाद में केंद्र सरकार के स्टील सेक्रेट्री द्वारा प्रदान किया गया और इन्हें इस पुरस्कार मिलने पर बचेली की जनता ने हर्ष व्याप्त है लोगो ने एनएमडीसी के अधिकारियों की सराहना किया जिसमें सही लोगो का चयन हुआ।

# नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी का जिला स्तरीय अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी

पायनियर संवाददाता ◀ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर प्रदेश भर के नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी 19 नवम्बर 2024 से जिला स्तरीय अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहे है, कर्मचारियों कि प्रमुख मांग है कि उन्हें लोक निर्माण विभाग, पी.एच.ई. विभाग एवं वन विभाग के तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन भुगतान किया जावे। महासंघ के नेतृत्व में काम कर रहे कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों की अनदेखी से नाराज होकर यह आंदोलन शुरू करने का फैसला लिया है। कर्मचारियों का कहना है कि ठेका प्रथा समाप्त कर उन्हें नियमित किया जावें, और उनके बैंक खातों में सीधे वेतन भुगतान किया जावें, जैसा अन्य विभागों में किया जा रहा है, इसके अलावा वे सम्मान राशि के रूप में 4000.00 रूपये की राशि की मांग कर रहे है। जो अन्य विभागों के कर्मचारियों को दी जा रही है लेकिन नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों को वह राशि नही मिल रही हैं। महासंघ के नारायणपुर जिला अध्यक्ष विकास शर्मा द्वारा बताया गया कि, हमने कई बार ज्ञापनों के माध्यम से शासन को अपनी मांगों से अवगत कराया है, लेकिन हमारी आवाज हमेशा अनसूनी की गई है। हमारी प्रमुख मांग है कि नगरीय निकायों में प्लेसमेंट एवं ठेका प्रथा को तत्काल बंद किया जाएं, और कर्मचारियों को निकायों में 5 से 10 वर्ष की सेवा के बाद समायोजित किया जावे, इसके अलावा हम चाहते है कि 13 मार्च 2024 को गठित बारिक समिति में महासंघ के पदाधिकारियों को सदस्य के रूप में शामिल किया जावे। उन्होनें यह भी कहा हमने शासन से कई बार हमारी मांगों पर ध्यान देने की अपील की गई है लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये है इसलिए हम 19 नवम्बर 2024 से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय ले रहे है।

# जयंती समारोह पर भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन का छाया चित्र पर पूजा-अर्चना माल्यार्पण किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com




डड़सेना कलार समाज हाट कोंगेरा में बड़े ही धूम धाम हर्ष उल्लास गाजे बाजे के साथ अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया तत्पश्चात भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन जी का छाया चित्र पर पूजा अर्चना माल्या अर्पण किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ड़ड़सेना कलार समाज पूर्व संभागीय अध्यक्ष महेश जैन कार्यक्रम अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष पुरषोत्तम गजेंद्र रहे विशिष्ट अतिथि रोमनाथ जैन जनपद उपाध्यक्ष कांकेर जनपद कृषि सभापति ईश्वर सिंह कावड़े जनपद सदस्य नूतन सुभाष जैन कलार समाज महामंत्री सोनीलाल जैन,कोषाध्य देव कुमार जैन, जिला अध्यक्ष आदरणीय नंकुमार जैन जी कांकेर मंडल अध्यक्ष हेमलाल जैन कलार समाज मुख्य निर्वाचन अधिकारी शंकर लाल जैन, डडसेना कलार समाज युवा प्रकोष्ठ सभागीय उपाध्यक्ष सुरेश नाग एवं ग्राम प्रमुख गौतम जैन वीरेंद्र नाग रूपेशनाग नागेश्वर नाग ग्राम सरपंच पटेल गायता पुजारी एवं ग्राम आस पास के गांव के सामाजिक एवं अन्य समाज के भी जन मानसभारी संख्या में उपस्तिथ रहे।

# भूमि संबंधी मामले को लेकर बड़े बचेली तहसीलदार को नागरिकों ने सौंपा आवेदन



पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल वार्ड क्रमांक 5 एवं 6 के लगभग 200 परिवार के सदस्य सोमवार दोपहर 01 बजे कार्यालय तहसीलदार बड़े बचेली पहुंचकर भूमि संबंधी मामले को लेकर वकील के साथ आपत्ति दर्ज कराएं। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। नगरपालिका परिषद अध्यक्ष एवं समस्त पार्षदों के द्वारा भी आपत्ति दर्ज करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया।लोगों ने बताया कि किरंदुल वार्ड क्रमांक 05 एवं 06 में पिछले 05 दशक से अधिक समय से 261 परिवार वहां निवास कर रहें हैं। जिस पर एक व्यक्ति द्वारा अपना स्वामित्व के बारे में तहसील बड़े बचेली में नामांतरण बावत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिसके विरोध में लोगों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए तहसीलदार जीबेश सोरी को आवेदन सौंपा।

# बीजापुर में हो रही वन-रक्षक भर्ती परीक्षा में पारदर्शिता नहीं, सरकार आदिवासी युवाओं के भविष्य के साथ कर रही है खिलवाड़ : विक्रम मंडावी

पायनियर संवाददाता ◀ बीजापुर
www.dailypioneer.com



बीजापुर वन विभाग में इन दिनों हो रहे वन-आरक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर वन विभाग और सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वन आरक्षक की शारीरिक दक्षता परीक्षा में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है पत्रकारों को भर्ती परीक्षा की कवरेज करने से रोका जा रहा है इससे यह स्पष्ट है कि सरकार जान बूझकर इस भर्ती प्रक्रिया को गुप चुप तरीके से करवा रही है इसका ख़ामियाज़ा प्रदेश के आदिवासी युवाओं को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने अपने प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि जब प्रदेश सरकार ने भर्ती प्रक्रिया के संबंध में पूरे नियम और शर्तें तय कर रखी हैं तो फिर सरकार के नियमों और शर्तों के विरुद्ध जाकर अधिकारी रात्रि में शारीरिक दक्षता परीक्षा कैसे ले सकते हैं क्या भर्ती से संबंधित कोई सरकारी आदेश अधिकारियों के पास विधिवत रूप से था या अधिकारी जानबूझकर भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं दिखाना चाहते हैं इस पूरी भर्ती प्रक्रिया की सूक्ष्म जांच की जाए ताकि यह पता चल सके की ऐसी कौन सी जरूरत आई थी कि देर रात तक भूखे प्यासे बैठे युवाओं की शारीरिक दक्षता परीक्षा लेनी पड़ी।

विधायक विक्रम मंडावी ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में यह भी कहा कि भाजपा ने चुनावों के दौरान स्थानीय युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है और स्थानीय युवा भाजपा के वादे को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। विक्रम मंडावी ने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में युवाओं के साथ मिलकर भर्ती प्रक्रिया को लेकर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## नगर पंचायत द्वारा किया जा रहा था दुकानों की नीलामी

# भाजपा पार्षदों ने एसडीएम को दिया आवेदन, बोली कर्ताओं ने घेर दिया था सीएमओ का चेंबर

पायनियर संवाददाता ◀ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com





नगर पंचायत भानुप्रतापपुर द्वारा दल्ली रोड़ स्थित पीपीपी पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मॉडल पर दुकानो की नीलामी दोपहर 12 बजे होनी थी। इसके लिए नगर पंचायत परिसर पर नगर पंचायत द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई थी। बोली करता पहुंच चुके थे। इसी बीच भाजपा के पार्षदों ने नगर पंचायत आकर सीएमओ से चर्चा की और दुकान निर्माण नीलामी की बोली में नियमों का हवाला देकर निरस्त करने के लिए आवेदन एसडीएम कार्यालय में जाकर दे दिया। इसके बाद तत्काल एसडीएम ने सीएमओ को जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। इस बीच भारी गहमा गहमी का माहौल बन गया और बोली कर्ताओ ने भी सीएमओ चेंबर का घेराव करते हुए हंगामा शुरू कर दिया था। सीएमओ की समझाइए के बाद वापस वे पंडाल पर बैठे। दोपहर करीब 3:00 बजे तक कोई भी नतीजा नहीं आने पर बोली बोली कर्ताओ ने भी एक आवेदन बनाकर एसडीएम को शिकायत दर्ज किया।

**आरोप प्रत्यारोप जारी :** निरस्त करने के लिए आवेदन देने वाले पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा दुकान नीलामी की नियमों में कुछ त्रुटियां हैं साथ ही कुछ जमीन शेष है उसके लिए भी नीलामी एक साथ हो इसके लिए निरस्त हेतु आवेदन दिया गया है।

**नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने कहा :** नगर पंचायत के पूरे 15 पार्षदों के बीच परिषद में नीलामी की पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए निविदा निकाली गई थी। आज अचानक भाजपा के पार्षद अपना विरोध दर्ज करते हुए निरस्त करने के लिए आवेदन लगाया हैं। जो समझ से परे है पाढ़ी ने कहा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा जांच किया जा रहा है। उनके निर्देश पर आगे की कार्यवाही किया जाएगा।

**इससे पहले इतनी बड़ी जमीन को एक व्यक्ति को दिया जा रहा था :** हरेश चक्राधारी ने कहा आज से पहले भी नगर पंचायत द्वारा दल्ली रोड स्थित नाका पास की जमीन को एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए निविदा प्रक्रिया की गई थी।उस समय भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों को कोई आपत्ति नहीं था लेकिन आज भाजपा के पार्षदों को जब यह दुकान 10 लोगों के लिए आरक्षित था और लगभग 93 बोली दाता ने भाग लिया तो भाजपा के कुछ पार्षदों को आपत्ति हुई जो कि कई संदेह को जन्म देता है।

**नीलामी में कमियां बता कर निरस्त करना गलत :** भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने कहा 18 नंबर को दल्ली रोड स्थित भूखंड नीलामी होनी थी। परिषद में प्रस्ताव पारित कर निविदा निकाली गई थी। पर आज अचानक नीलामी के आधा घंटा पूर्व कुछ पार्षदों के द्वारा अनुभागीय अधिकारी राजस्व को एक लिखित में पत्र दिया गया कि इसमें कुछ कमियां है इसलिए आज की नीलामी निरस्त की जाए। उन्होने कहा अचानक आज नीलामी में कमियां बता कर निरस्त करना गलत है उनको एक-दो दिन पूर्व ही कमियां थी तो आवेदन लगा लेना था। यहां बोली कर्ता सुबह अपने निर्धारित समय पर आ गए थे उनको परेशान होना पड़ा ।

पार्षद पंकज राज वाधवानी ने कहा की परिषद में पूर्ण रूप से नियमों व शर्तो का पालन करते हुए पारदर्शिता के साथ नीलामी करने की प्रक्रिया हेतु जमीन नीलामी प्रक्रिया को करने का प्रस्ताव पारित किया गया था। परंतु नीलामी प्रक्रिया त्रुटिवश बहुत से नियम शर्तो का पालन नहीं किया गया था और कहीं ना कहीं इन नियम शर्तों से नगर पंचायत के साथ-साथ खरीददार व नगरवासियों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ता । जिसको लेकर आज हमने नीलामी प्रक्रिया को रोकने हेतु अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर को आवेदन दिया। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा कार्यवाही करते हुए स्थगन आदेश दिया हैं आगामी परिषद की बैठक के बाद उक्त जमीन नीलामी की स्थिति जल्द ही साफ होगी।

**नीलामी प्रक्रिया फिलहाल स्थगित सीएमओ :** नगर पंचायत सीएमओ हेमंत नेताम ने कहा वार्ड क. 03 शंकर नगर में स्थित प्रस्तावित स्थल पर आमीन यामी 12 नवंबर से बढ़कर 18 नवंबर किया गया था। अनुविभागी अधिकारी राजा सोदरा पुणे परिषद की बैठक कर नीलामी प्रक्रिया को सुचारू रूप से करने के लिए निर्देशित किया गया है। जल्द ही परिषद की बैठक कर नीलामी की प्रक्रिया को आगे बढ़ा जाएगा तब तक के लिए नीलामी प्रकिया को स्थगित किया गया है।

# प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को विधायक विक्रम मंडावी ने सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ◀ बीजापुर
www.dailypioneer.com

बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने सोमवार को चित्रकोट में हुए बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बस्तर संभाग के भर्तियों में स्थानीय बेरोजगार युवक/युवतियों को प्राथमिकता देने संबंधी मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। मुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि बस्तर संभाग आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है संभाग के स्थानीय लोग गरीब है और उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के कारण आगे की पढ़ाई कम ही कर पाते हैं और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में कम ही भाग ले पाते है। वर्तमान में बस्तर संभाग के जिलों में विभिन्न विभागों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है जिसमें स्थानीय बेरोजगार युवक-युवतियां बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। बस्तर संभाग के जिलों में विभिन्न विभागों में चल रही भर्ती प्रक्रिया में संभाग के स्थानीय बेरोजगार युवक-युवतियों को प्राथमिकता मिलना चाहिए जिससे स्थानीय बेरोजगारों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

# वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अघरिया छात्रावास में ड्रोम के लिए 30 लाख देने की घोषणा

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय समिति द्वारा मां रूद्रेश्वरी मंदिर सिंघोड़ा में 30 वां महासभा का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ओपी चौधरी वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन पहुंचे हुए थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता भुवनेश्वर पटेल केंद्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय अघरिया समाज ने की। विशिष्ट अतिथियों में त्रिलोचन पटेल पूर्व विधायक सरायपाली, जवाहर नायक पूर्व विधायक सरिया, निराकार पटेल जिला अध्यक्ष रायगढ़, उषा पटेल जिला अध्यक्ष महासमुंद, लक्ष्मण पटेल जिला उपाध्यक्ष महासमुंद, रामानुज पटेल केंद्रीय संयोजक, केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गेस मोती पटेल, केंद्रीय कोषाध्यक्ष द्वारिका पटेल,केंद्रीय महासचिव दीनदयाल पटेल, केंद्रीय सचिव धनंजय पटेल, केंद्रीय महिला संयोजिका प्रेमशीला नायक व ओमप्रकाश चौधरी मंचासीन थे। कार्यक्रम की शुरुआत शैलेन्द्र नायक व विमला पटेल के द्वारा स्वागत गीत के साथ की गई। मुख्य अतिथि का गजमाला से क्षेत्रीय अध्यक्ष नेहरू पटेल, जितेन्द्र पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, लवकुमार पटेल कोषाध्यक्ष,युवा संयोजक डोलचंद पटेल,रूपानंद पटेल व देवेन्द्र पटेल,आदि लोगों के द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ओपी चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सोच के साथ-साथ समाज को भी आगे बढ़ाएंगे तो हमारा नाम देश नहीं विदेश में भी रोशन होगा,उन्होंने समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी पदाधिकारी की प्रशंसा की और कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए समस्त पदाधिकारी को आव्हान किया। उद्बोधन में उन्होंने यहूदियों के योगदान को रेखांकित करते हुए उनसे प्रेरणा लेने के लिए सामाजिक बंधुओ को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने पर जोर दिया। दुनिया में वही आगे बढ़ रहा है जिनके पास ज्ञान है, दुनिया में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन को सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने आगे कहां की समाज को आगे बढ़ाने मैं युवा पीढ़ी को आगे आने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री की नेतृत्व में भारत 2014 से तेजी से अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने केंद्रीय अध्यक्ष भुवनेश्वर पटेल के द्वारा कृष्ण धाम पैता में एप्रोच सड़क निर्माण के लिए किए गए दो करोड रुपए मांग पर आगामी फरवरी के बजट में मांग को शामिल करने का आश्वासन दिये,पानी टंकी निर्माण के लिए एक करोड़ राशि दिलाने की मांग पर तकनीकी पहलुओं पर विचार करने के बाद संभव होगा तो पूरा करने का आश्वासन दिए व ट्रस्ट निर्माण के लिए यथासंभव मदद करने व 20 लाख रुपये सामुदायिक भवन बनाने पर सहमति जताई।

### समाज के पदाधिकारियों को गमछा व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में मंचस्थ सभी अतिथियों का फूल माला से स्वागत किया गया साथ ही क्षेत्र के विभिन्न पदाधिकारी द्वारा सभी क्षेत्रीय अध्यक्षों,केंद्रीय समिति के पदाधिकारी, क्षेत्रीय संयोजकों को गमछे,स्मृति चिन्ह भेंठकर स्वागत किया गया, कार्यक्रम में फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास के छात्रों के द्वारा राजस्थानी वेशभूषा में आकर्षक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सरायपाली क्षेत्रीय अध्यक्ष नेहरू लाल पटेल के द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया,अखिल भारतीय अघरिया समाज केंद्रीय महासचिव दीनदयाल पटेल ने पिछले 5 वर्षों के लेखा-जोखा का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, केंद्रीय कोषाध्यक्ष द्वारका पटेल के द्वारा अपने 5 वर्ष के कार्यकाल का अघरिया समाज के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। अंत में वरिष्ठ उपाध्यक्ष गेस मोती पटेल के द्वारा सभा को संबोधित किया गया।

# विधायक मोतीलाल साहू ने डेढ़ करोड़ रूपये में सड़क डामरीकरण शीघ्र करवाने किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 1 के तहत यतियतनलाल वार्ड नम्बर 4 के तहत भनपुरी में पाटीदार भवन के पास चर्च के पास से लेकर विजय नगर क्षेत्र तक एवं अन्य विभिन्न स्थानों के मार्गो में लगभग डेढ़ करोड़ रूपये की स्वीकृत लागत से सड़क डामरीकरण कार्य शीघ्र करवाने यतियतनलाल वार्ड नम्बर 4 की पार्षद टेसू नन्दकिशोर साहू सहित नगर निगम जोन 1 जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव, कार्यपालन अभियंता डी. के. पैकरा, कार्यपालन अभियंता योजना अंशुल शर्मा, वार्ड के निवासी गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, आमजनों, नवयुवकों की उपस्थिति में श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर भूमिपूजन करते हुए नागरिकों को एक शानदार सौगात दी। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने भूमिपूजन कर तत्काल सड़क डामरीकरण कार्य प्रारम्भ करवाकर उसे गुणवत्ता एवं समयसीमा का विशेष ध्यान रखकर जनहित में जनसुविधा विस्तार की दृष्टि से शीघ्र प्राथमिकता से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

## एनएसएस द्वारा महाविद्यालय परिसर में चलाया सफाई अभियान

**धमतरी।** पीजी कॉलेज धमतरी के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के नेतृत्व एवं कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में नियमित गतिविधि संचालित की गई। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में मुख्य भवन के गलियारे की सफाई, प्रवेश मार्ग में पड़े कूड़े कचरे, सिंगल यूज़ प्लास्टिक का एकत्रीकरण, कंटीले पौधे और खरपतवारों की सफाई, ग्रन्थालय के समीप, आईटी भवन के समक्ष, कॉलेज कैंटीन के चारों ओर व मुख्य मार्ग में पड़े वृक्ष के पत्तों को साफ कर उसके उचित निपटारे की व्यवस्था की गई। साथ ही एनएसएस कक्ष की सफाई की गई। पौधो में पानी डाला गया। यह सात दिवसीय विशेष शिविर, मथुराडीह के पश्चात की प्रथम गतिविधि थी।

# विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने नवनियुक्त अध्यक्षों का किये सम्मान



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

बसना नगर के मंगल भवन में विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने बसना विधानसभा क्षेत्र के सभी कृषि सहकारी साख समिति के नवनियुक्त अध्यक्षों का सम्मान किये और सभी को उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएँ प्रेषित किए। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष द्वय रमेश अग्रवाल, जितेन्द्र त्रिपाठी, विधानसभा संयोजक डॉ एनके अग्रवाल, भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सतपाल सिंह छाबड़ा, रामचंद्र अग्रवाल, नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल,मण्डल अध्यक्षगण अनिल अग्रवाल, माधव साव, हरप्रसाद पटेल, कृष्ण कुमार साहू, विधायक प्रतिनिधिगण अभिमन्यु जायसवाल, अरविंद मिश्रा,सोनू छाबड़ा, कामेश बंजारा, जनपद पंचायत पिथौरा सभापति सोहन पटेल, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरें, नवनियुक्त अध्यक्षगण सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।

# प्रकृति प्रेमियों के लिए पसंदीदा स्थान बना बारनवापारा अभ्यारण्य

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




बलौदाबाजार भाटापारा जिले स्थित बारनवापारा अभ्यारण्य 15 अक्टूबर से पर्यटकों के लिए प्रारम्भ हो गया है।बारनवापारा अभ्यारण्य में प्रमुख रूप से पर्यटकों को वनभ्रमण सफारी के दौरान अभ्यारण्य में पाये जाने वाले वन्यप्राणियों हिरण,नीलगाय, मोर, गौर,काला हिरण, जंगली सुअर, सांभर, खरगोश, भालू एवं तेन्दुए को प्रत्यक्ष रूप से वनक्षेत्र में विचरण करते हुऐ आसानी से देखा जा सकता है।

बारनवापारा अभ्यारण्य में पर्यटकों को सफारी हेतु बारनवापारा अभ्यारण्य के मुख्यालय तक दूरी तय कर सफारी सुविधा उपलब्ध करायी जाती थी, किन्तु इस नये पर्यटक सीजन से पर्यटकों को कान्हा राष्ट्रीय उद्यान की भाँति सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से पर्यटकों को बारनवापारा तक सफर तय करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी जिसके लिए अभ्यारण्य बार द्वार के अतिरिक्त अन्य द्वार पर सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। सफारी हेतु 3 नये प्रवेश गेट (भालू द्वार पकरीद, तेन्दुआ द्वार रवान तथा हाथी द्वार बरबसपुर) प्रारंभ किया गया है। जहां से ही पर्यटकों को जिप्सी तथा गाईड आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। इसके पूर्व बारनवापारा से ही पर्यटकों को सफारी सुविधा उपलब्ध कराया जाता था जिसके कारण अत्यधिक दबाव भीड़ होने से पर्यटकगणों को समय पर जिप्सी तथा गाईड उपलब्ध नहीं हो पाने से अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ता था। इसके साथ ही पर्यटक मार्ग का विस्तार करते हुये 3 नये पर्यटक रूट का निर्माण कराया जा रहा है.जिससे की पर्यटकों को अलग-अलग भ्रमण हेतु रूट उपलब्ध हो सके। अभ्यारण्य के इस नयी पहल से पर्यटकों तथा प्रकृति प्रेमिओं के द्वारा काफी सराहना की जा रही है तथा पर्यटकों के बारनवापारा अभ्यारण्य के प्रति रूझान को देखते हुये भविष्य में अनेकों सुविधा उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। बारनवापारा अभ्यारण्य के नवीन सफारी सेवा के प्रारंभ होने संबंध में मुंबा मचान रिसॉर्ट के जनरल मैनेजर रविन्द्र राठौर ने बताया इससे निश्चित से दूर से आने वाले पर्यटकों को लाभ मिलेगा। सफारी के लिए पर्यटक गांव तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगा। जंगल प्रवेश करते ही सफारी प्रारंभ हो जाएगा। इससे न केवल पैसे बल्कि समय के बचत के साथ हो जानवरों को देखने का आसान रहेगा। इसके साथ ही बारनवापारा के नैसर्गिक पर्यटन के प्रति पर्यटकों के रूझान बढने की संभावना व्यक्त करते हुये बारनवापारा अभ्यारण्य भविष्य में एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल बनने की बात की गई है। गौरतलब है कि बारनवापारा अभ्यारण्य में 150 प्रजाति के तितली एवं मोथ पायी जाती हैं। जिसमे से वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की शेड्यूल वन की क्रिमसन रोज (पैचीलोप्टा हेक्टर) डनाइड इगली (हाइपो सिलिमस मिसीपस) शेड्यूल दो की सिपोरा निरिसा,होगारा एनेक्स, यूक्रीशॉप्स सीनेजस, जेनेलिया लेपीडिया रपेला वरुणा,लैंपिडर्स बोइहन, तजुना शिप्स आदि पाई जाती है। शेड्यूल छह के भी बहुत से प्रजाति पाई जाती है। विगत तीन वर्षो से बारनवापारा अभ्यारण्य में 14-16 हाथियों का दल निवास कर रहा है। साथ ही साथ विगत 9 माह से एक बाघ लगातार अभ्यारण्य में विचरण कर रहा है। बारनवापारा नाम बार और नवापारा गाँव से मिलकर बना है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नवनियुक्त प्राचार्य का स्वागत किया

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धमतरी नगर के कार्यकर्ताओं ने बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में नवनियुक्त प्राचार्य डॉ विनोद पाठक का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ताओं ने डॉ पाठक को पुस्तिका भेंट कर समस्त अध्ययनरत विद्यार्थियों की ओर से बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यकर्ताओं ने डॉ पाठक की शिक्षा और अनुभव की पृष्ठभूमि की प्रशंसा की और महाविद्यालय की प्रगति में उनकी भूमिका की सराहना की। डॉ पाठक ने भी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और महाविद्यालय के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करने का वचन दिया। उन्होंने कहा कि वे महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धमतरी जिला संयोजक गजेंद्र ने कहा हम डॉ पाठक के नेतृत्व में महाविद्यालय की प्रगति की उम्मीद करते हैं। हम उनके साथ मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर परिषद से प्रमुख रूप से नगर मंत्री हिमेश, दुर्गेश सिन्हा एवं अन्य महाविद्यालय के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

# ई-रेत संगवारी से पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को सहज एवं आसानी से उपलब्ध हो है रॉयल्टी मुक्त रेत

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में जिला प्रशासन के द्वारा तैयार किए हुए ई-रेत संगवारी मोबाईल एप्लीकेशन 1.0 के जरिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को बड़ी सहज एवं आसानी से रॉयल्टी फ्री रेत उपलब्ध हो रही है। जिले में अब इसके सकारात्मक परिणाम मिलने लगे हैं। गांव गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों द्वारा मोबाईल एप्लीकेशन का उपयोग कर अपने घर के निर्माण हेतु रॉयल्टी फ्री रेत की बुकिंग कर कार्य में तेजी लाएं जा रही है।

इसी तारतम्य में बलौदाबाजार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम तिल्दा निवासी श्रीमती रनिया बाई ने तकनीकी सहायक की मदद से ई-रेत संगवारी मोबाईल एप्लीकेशन के जरिए अपने मकान के लिए रेत बुकिंग करवाया। जिससे उनको बड़ी आसानी से ही तत्काल परमिशन जारी होते हुए 3 घंटे के भीतर ही नजदीकी अधिकृत रेत घाट से रेत उपलब्ध हो गया। रनिया बाई ने तुरंत रेत मिलने पर जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित हुआ।गौरतलब है की 5 नवंबर को राज्योत्सव समारोह के मुख्य मंच से जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण हितग्राहियों के लिए सहज रेत उपलब्धता हेतु ई-रेत संगवारी एप्लिकेशन 1.0 का शुभारंभ किया गया था। जिला प्रशासन के अभिनव प्रयास के द्वारा तैयार किए हुए उक्त मोबाईल एप्लीकेशन के जरिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को बड़ी आसानी से रॉयल्टी फ्री रेत उपलब्ध हो रही है। प्रदेश में इस तरह पहली बार मोबाईल एप्लिकेशन के जरिए नियंत्रित करने का प्रयास किया गया है।

**ई-रेत संगवारी-मोबाईल एप्लीकेशन** – जिलें में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत वर्तमान में लगभग 26004 हितग्राही पंजीकृत है। राज्य शासन के द्वारा हितग्राहीयों को निर्माण कार्य हेतु रेत उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके तहत छोटे वाहन जैसे ट्रेक्टर्स से स्वीकृत खदानों में रायल्टी मुक्त निकासी किये जाने की अनुमति प्रदान की गई है। उक्त मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से हितग्राही प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निमार्ण कार्य में प्रयुक्त होने वाले खनिज रेत की आवश्यक मात्रा को निकट के रेत खदान से प्राप्त कर सकेंगे। ई-रेत संगवारी मोबाईल एप्लीकेशन के अन्तर्गत ग्राम तकनीकि सहायक/रोजगार सहायक को हितग्राही की वांछित जानकारी प्रविष्टी एवं प्रमाणित करने अधिकारिता दी गई है।

# सर्व ब्राह्मण समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

1 दिसंबर 2024 को दूधाधारी मठ गीता भवन रायपुर में आयोजित सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन के कार्यक्रम हेतु छग वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन व छग सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के पदाधिकारीयों जिसमें प्रांताध्यक्ष अरविन्द ओझा, राष्ट्रीय महामंत्री सुरेश मिश्रा, रंजन अग्निहोत्री, नितिन झा का आगमन देवेन्द्र भृगु भाटापारा के निवास में हुआ, जिसमें नगर के समस्त ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी उपस्थित हुए बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा व प्रचार प्रसार की जानकारी प्रदेश प्रभारी रंजन अग्निहोत्री द्वारा दी गई। सम्मेलन के माध्यम से ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय व परिजनों के बीच समन्वय स्थापित कर संबंधों को आगे बढ़ाने का कार्य संगठन द्वारा किया जाएगा। यह आयोजन राष्ट्र स्तरीय के साथ ही सभी ब्राह्मण समाज के लिए उत्कृष्ट समायोजन का प्रयास है। सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले विवाह योग्य युवक युवती व उनके परिवार की संपूर्ण जानकारी के साथ एक पत्रिका भी वहां उपलब्ध कराई जाएगी जिससे पूरे भारत वर्ष के ब्राह्मण बंधु विवाह योग्य युवक युवती की जानकारी प्राप्त कर उनसे संपर्क कर सके।

## संगठन चुनावों को लेकर शहर भाजपा की कार्यशाला संपन्न, 30 नवम्बर तक होंगे बूथ के चुनाव

# भाजपा एक सशक्त संगठन है जिसमें कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है : शिवरतन शर्मा



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाजपा में संगठन चुनावों को लेकर भाटापारा शहर भाजपा की कार्यशाला संपन्न हुई। इसमें बूथ के चुनावों की प्रक्रिया से मंडल सहयोगियों को अवगत कराया गया। बैठक में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा, चुनाव अधिकारी ओम प्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि शहर में बूथ सहयोगियों की नियुक्ति की गई हैं। यह सहयोगी बूथ के चुनाव करवाएंगे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने कहा है कि दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा शहर के बूथ-बूथ पर बने, इस हेतु बूथ समितियों का गठन होना चाहिए। इसी के साथ उस बूथ में मतदाता सूची अनुसार पन्ना प्रमुख भी निर्धारित किया जाएगा। शिवरतन शर्मा ने आगे बताया कि बूथ अध्यक्ष के चुनाव के बाद शक्ति के अंदर संयोजक और उसके बाद मंडल अध्यक्ष का चुनाव और फिर जिला अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया से सभी को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि भाजपा एक सशक्त संगठन है जिसमे कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसा राजनीतिक संगठन है जहां पूर्ण रूप से पारदर्शिता के साथ संगठन के चुनाव किए जाते हैं। कार्यकर्ताओं को संगठन को और मजबूत बनाने के लिए संगठन पर्व में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाने की बात शिवरतन शर्मा ने कही और उन्हें प्रोत्साहित किया। उक्त बैठक में राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, धीरज मिश्रा, मनिंदर सिंह गुम्बर, योगेश अंनत, राजा कामनानी, नीरा साहू सहित भाजपा पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

### शिवरतन शर्मा के प्रयास से भाटापारा को 22 करोड़ 7 लाख 96 हजार की सौगात मिली



छत्तीसगढ़ में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के प्रगतिशील सोच के साथ भाटापारा में सौगातों का क्रम निरंतर चल रहा है, इसी कड़ी में भाटापारा को केंद्रीय सड़क निधि योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 के बजट में 22 करोड़ 07 लाख 96 हजार की सौगात मिली है। आम नागरिकों एवं राहगीरों को बाधा रहित यातायात के लिए हरी झंडी मिल चुकी है। लंबे समय से चर्चा में बने रेल्वे ओवरब्रिज के निर्माण को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे थे और बाधाएं भी उत्पन्न हो रही थीं लेकिन शिवरतन शर्मा के प्रयासों से अब सभी बाधाएं दूर हो गई हैं। तकनीकी और प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद संबंधित विभाग शीघ्र ही कार्य करने की योजना पर कार्य कर रहा है। शिवरतन शर्मा के प्रयास से भाटापारा स्टेशन एलसी नम्बर 385 खोखली-धौराभाठा मार्ग फाटक है। इस रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण के बाद जहां एक ओर नगर से होकर सुहेला मार्ग की ओर जाने वाले यात्रियों को सुगमता होगी। वही दूसरी ओर माँ सर्वेश्वरी आश्रम जाने वाले श्रद्धालुओं को भी सुविधा होगी साथ ही बाई पास होकर गुजारने वाले भारी वाहनों को घण्टो जाम से भी राहत मिलेगी जिसे उद्योगों को भी लाभ प्राप्त होगा। इससे पूर्व भी शिवरतन शर्मा के प्रयासों से एक ओवर ब्रिज दो अंडर ब्रिज का निर्माण कार्य करवाया जा चुका है जिसका सीधा लाभ जनता को प्राप्त हो रहा है। उक्त स्वीकृति पर उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने कहा की ब्रिज सेतु निर्माण से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी तथा खोखली धौराभाठा क्रॉसिंग पर यातायात जाम और शहर के बीच से गुजरने वाले भारी वाहनों से संभावित दुर्घटनाओं से निजात मिलेगी। उनका कहना था कि आमजन के लिए गंतव्य स्थान तक पहुंचने की राह आसान होगी और समय बचेगा। शिवरतन शर्मा ने कहा कि उद्योगों की स्थिति सुदृढ़ होगी, जिससे क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं बढ़ेगी। उक्त स्वीकृति के लिए शिवरतन शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित समूचे मंत्रीमंडल एवं सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस स्वीकृति के लिए भारतीय जनता पार्टी के समस्त भाटापारा विधानसभा के कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियो ने उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आरएन ध्रुव ने किया बीस लाख की लागत से निर्मित समरसता भवन का लोकार्पण



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला बलौदाबाजार एवं गोंड समाज गोंड खपरी चक के संयुक्त तत्वाधान में ईसर गौरा बिहाव पर्व अवसर पर 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित समरसता भवन का लोकार्पण कार्यक्रम अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष आर एन ध्रुव के मुख्य आतिथ्य, जिला अध्यक्ष बलौदाबाजार श्रीराम ध्रुव की अध्यक्षता, अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य गणेश ध्रुव, कमलेश ध्रुव प्रांतीय उपाध्यक्ष, ललित मोहन भगत प्रांतीय कोषाध्यक्ष, एसपी ध्रुव जिला अध्यक्ष महासमुंद, राम ध्रुव अध्यक्ष रणबौर महासभा, दौलत कुंजाम अध्यक्ष टोनाटार चक, सुंदर सिंह ध्रुव अध्यक्ष गोंड खपरी चक, डॉ एलएस ध्रुव, हेमंत ठाकुर जिला अध्यक्ष युवा प्रभाग, देवी प्रसाद ध्रुव महासचिव, रामबगस नेताम, सुश्री दुर्गा मरकाम, रामखिलावन ध्रुव, रमेश कुमार पैकरा, केशव ध्रुव, पीलाराम ध्रुव, रोहित कुमार मरकाम के उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष आर एन ध्रुव ने सभी सामाजिक जनों को ईसर गौरा महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि समरसता भवन बन जाने से सामाजिक बैठक, सम्मेलन हेतु समाज को बड़ा लाभ होगा।

# मॉक ड्रिल के संबंध मे राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की बैठक सम्पन्न, जिला चिकित्सालय के भवन मे किया जायेगा राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की मॉक ड्रिल



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा की उपस्थिति मे कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष मे राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में केंद्र से आये राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम मौजूद थी। बैठक मे मॉक ड्रिल (अभ्यास) के संबंध में चर्चा की गई। इस बैठक का उद्देश्य आपदा प्रबंधन की तैयारी को और अधिक प्रभावी बनाना था। एनडीआरएफ के अधिकारियों ने विभिन्न आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, आगजनी और अन्य प्राकृतिक या मानव-निर्मित आपदाओं से निपटने के लिए मॉक ड्रिल्स के महत्त्व पर जोर दिया। बैठक में मॉक ड्रिल्स के दौरान अपनाई जाने वाली रणनीतियों, उपकरणों के उपयोग, आपातकालीन सेवाओं के समन्वय और स्थानीय प्रशासन के सहयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल्स से आपदा के समय त्वरित और सही प्रतिक्रिया देने में मदद मिलती है, और इससे जनसमूह की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम ने इस बैठक में सभी संबंधित विभागों से कहा कि वे नियमित अंतराल पर मॉक ड्रिल्स आयोजित करें और अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षित करें ताकि वे किसी भी आपदा के समय तेजी से और प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर सकें। जिला चिकित्सालय भवन में कल 19 नवंबर को मॉक ड्रिल का आयोजन सुबह 10 बजे किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में अस्पताल की तैयारियों और विभिन्न विभागों के समन्वय की जांच करना है। इस अभ्यास के दौरान संभावित आपदाओं जैसे आग, भूकंप या किसी अन्य आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल के कर्मचारियों की प्रतिक्रिया और मरीजों को सुरक्षित निकालने के तरीकों का मूल्यांकन किया जाएगा। एनडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी इस मॉक ड्रिल में शामिल होंगे, ताकि वे वास्तविक आपात स्थिति में समय पर और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित कर सकें। अस्पताल के सभी संबंधित विभागों को इस अभ्यास में भाग लेने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आपातकालीन प्रबंधन की योजनाओं को परखा जा सके और किसी भी कमी को समय रहते दूर किया जा सके। बैठक मे कन्हैया योगी डिप्टी कमांडेड तीसरी वाहिनी आरसीसी भिलाई, रमयोपन रूंगसंग सब इंस्पेक्टर टीम कमांडर और संदीप सिंह सब इंस्पेक्टर सेफ्टी ऑफिसर सहित अपर कलेक्टर भारद्वाज, सर्व एसडीएम, नगर सेना की टीम सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला मानस संघ का दीपावली मिलन एवं आवश्यक बैठक सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेसिक स्कूल मैदान गांधी भवन में जिला मानस संघ बेमेतरा का दीपावली मिलन एवं आवश्यक बैठक सम्पन्न हुआ जिसमें मानस मंचो में प्रस्तुति करन कैसे हो वर्तमान समय में मानस मंचो में जिला की मानस मंडलियों की भागीदारी सुनिश्चित करने प्रतिमाह जिले के सभी ब्लॉकों में मानस संगोष्ठी आयोजित करने मानस मिलन करने सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता में योगदान देने संघ के माध्यम से लोकनृत्य सांस्कृतिक संवर्धन पर जोर देने संबंधी निर्णय लिया गया बैठक शक्ति केंद्र खंडसरा से ग्राम बहेरा निवासी ओम साहू एवं शक्ति केंद्र मटका से अर्जुन साहू को सर्व सम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया वही ममता बालिका मानस मंडली प्रमुख लता निषाद को संयुक्त सचिव के पद पर मनोनीत किया गया संगठन में सदस्यता अभियान के संबंध में भी चर्चा हुआ था पूरे जिले संघ की ओर सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया कार्यकम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष देवलाल सिन्हा ने किया उक्त बैठक में पूरे जिले से मानस पथिक पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम संरक्षक राजकुमार ताम्रकार, शिव साहू, पार्षद अभ्भन सेन, महेंद्र चौहान, उपाध्यक्ष माखन साहू, डॉ.ओंकार चंद्राकर, कोषाध्यक्ष छगन साहू, सचिव विष्णु साहू उत्तम साहू अध्यक्ष बेरला महेश साहू अध्यक्ष नवागढ़ मीडिया प्रभारी कल्याणी सेन,तह अध्यक्ष बिहारी लाल यादव, गजेंद्र वर्मा, अर्जुन साहू, ओम यदु, लोकेंद्र सेन, रामगोपाल धीवर, ईशर चंद्राकर, थलेश्वर साहू, कु.ममता साहू, कु.रमा साहू, कु.लता निषाद, कु.रूखमणि साहू, कु. तारणि साहू बृजमोहन सिन्हा सहित बड़े संख्या में मानस पथिक उपस्थित थे।

# दिशा समाज सेवी संस्था को वन अधिकार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया



पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

जिला स्तरीय जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर धरती पुत्र आगा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर जिला कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीर सागर के मार्गदर्शन में आदिम जाति कल्याण विभाग कांकेर के द्वारा आयोजित कार्याक्रम में मुख्याथिति बस्तर आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं कोण्डागॉव विधायक लता उसेण्डी और विशेष अतिथि कांकेर विधायक आशाराम नेताम जी के हाथों स्वयं सेवी संस्थाओं को जो स्वास्थ्य, संवैधानिक जागरूकता, शासकीय कल्याणकारी योजना, पेशा कानून और अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 तथा नियम,2007 यथा संशोधित नियम, 2012 के तहत् आदिवासी क्षेत्र कांकेर के सुदूर अंचल अंतागढ़ और जिला नारायणपुर के 35 से अधिक अंधरूनी ग्राम सभाओं को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र प्राप्त करने मे सहयोग कर रही है जिसके कारण आदिवासी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये दिशा समाज सेवी संस्था, कांकेर को संस्था के उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी जिला स्तरीय अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी में

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



छ.ग. नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर प्रदेश भर के नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी 19 नवम्बर 2024 से जिला स्तरीय अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहे है, कर्मचारियों कि प्रमुख मांग है कि उन्हे लोक निर्माण विभाग, पी.एच.ई. विभाग एवं वन विभाग के तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन भुगतान किया जावे। महासंघ के नेतृत्व में काम कर रहे कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों की अनदेखी से नाराज होकर यह आंदोलन शुरू करने का फैसला लिया है। कर्मचारियों का कहना है कि ठेका प्रथा समाप्त कर उन्हे नियमित किया जावें, और उनके बैंक खातों में सीधे वेतन भुगतान किया जावें, जैसा अन्य विभागों में किया जा रहा है, इसके अलावा वे सम्मान राशि के रूप में 4000.00 रूपये की राशि की मांग कर रहे है। जो अन्य विभागों के कर्मचारियों को दी जा रही है लेकिन नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों को वह राशि नही मिल रही हैं। महासंघ के नारायणपुर जिला अध्यक्ष श्री विकास शर्मा द्वारा बताया गया कि, हमने कई बार ज्ञापनों के माध्यम से शासन को अपनी मांगों से अवगत कराया है, लेकिन हमारी आवाज हमेशा अनसूनी की गई है। हमारी प्रमुख मांग है कि नगरीय निकायों में प्लेसमेंट एवं ठेका प्रथा को तत्काल बंद किया जाएं, और कर्मचारियों को निकायों में 5 से 10 वर्ष की सेवा के बाद समायोजित किया जावे, इसके अलावा हम चाहते है कि 13 मार्च 2024 को गठित बारिक समिति में महासंघ के पदाधिकारियों को सदस्य के रूप में शामिल किया जावे। उन्होनें यह भी कहा हमने शासन से कई बार हमारी मांगों पर ध्यान देने की अपील की गई है लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये है इसलिए हम 19 नवम्बर 2024 से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय ले रहे है।

# दावा आपत्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 20 नवंबर

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत निर्वाचक नामावली से संबंधित दावा आपत्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 20 नवंबर 2024 निर्धारित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि नगर निकाय चुनाव के अंतर्गत निर्वाचक नामावली से संबंधित दावा आपत्ति लेने का कार्य बुधवार 13 नवंबर से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण कर निर्वाचक नामावलीयों का अंतिम प्रकाशन 11 दिसंबर 2024 को किया जायेगा। नगर पालिका परिषद बालोद, दल्लीराजहरा, नगर पंचायत गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा, डौण्डी, चिखलाकसा, अर्जुन्दा क्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्य व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार व निर्वाचक सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नाम जुड़वाने के लिए प्रस्तुत दावा में संबंधित वार्ड के अंतर्गत 01 अक्टूबर की आर्हता तिथि के आधार पर सभी पात्र व्यक्तियों को सम्मिलित किया जाना है।

## मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित

**दल्लीराजहरा।** जिले में वर्ष 2024-25 में होने वाली पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की गई है। अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि आगामी नगरीय निकायों के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदा 27 नंवबर 2024 को दोपहर 03 बजे तक आमंत्रित की गई है। निविदा 27 नवंबर को शाम 04 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। उन्होंने बताया कि निविदा फॉर्म कार्यालय कलेक्टर निर्वाचन शाखा से प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय कलेक्टर में उप जिला निर्वाचन अधिकारी से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# भानुप्रतापपुर भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव




पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

उपाध्याय प्रवर अध्यात्मयोगी प. पू. महेन्द्रसागर म.सा. उपाध्याय प्रवर युवामनीषी प. पू. मनीषसागर म.सा. के सुशिष्य रत्न स्वाध्याय रसिक प. पू. ऋषभसागर म. सा. एवं जुप्रज्ञसागर म.सा. आदि ठाणा 2 का आज भानुप्रतापपुर धर्मनगरी में भव्य प्रवेश हुआ भानुप्रतापपुर केसरिया पारसनाथ मंदिर जिर्णोद्धार व प्रतिष्ठा हेतु मा.सा.का आगमन हुआ जैन धर्म के सदस्य बड़ी संख्या में साधु जी का स्वागत कर बैंड बाजा के साथ भव्य स्वागत करते हुए मंदिर की ओर लेकर दर्शन हेतु श्री केसरिया पार्श्वनाथ मंदिर श्री जिन कुशल दादाबाड़ी अशोक राइस मिल में सुखसाता पूर्वक विराजमान हैं।

# विधायक दीपेश साहू कबड्डी प्रतियोगिता में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम लोलेसरा मे आर्मी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम रखा गया था जिसमे में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त क़र उत्सवर्धन किया द्य तत्पश्चात कब्बडी कार्यक्रम का लुफ्त उठाया द्य इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साहू ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक और अभिन्न अंग है तथा खेल के माध्यम से हम न केवल अपने शरीर को तंदरूस्त रख रकते हैं, बल्कि खेल रोजगार का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। ऐसे में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों पर ध्यान देना चाहिए। साहू ने कहा की खेल ने समुदायो एकजुट किया है और ग्रामीणों के बीच भाईचारे की भावना पैदा करती है द्य खिलाड़ियों को अपनी कौशल दिखाने के लिए एक मंच तैयार किया है द्य कबड्डी मूल रूप से एक संघर्षपूर्ण खेल है जिसमे प्रत्येक पक्ष मे सत सात खिलाडी होते है द्य कबड्डी खेल का मुख्य उद्देश्य प्रतिद्वंन्दी से एक ही सांस मे अपने को बचाकर यथा संभव अधिक से अधिक डिफेन्स खिलाड़ियों को छूकर अंक अर्जित करना है द्य साहू ने सफलता पूर्वक कार्यक्रम के आयोजन के लिए समस्त आयोजक समिति को बधाई दिया द्य आयोजक टीम की मांग पर विधायक साहू ने कहा की मै खिलाड़ियों को किसी प्रकार की कमी होने नहीं दूंगा। खिलाडी और आयोजक समिति की जो मांग किये है उसको मै पूरा करने का प्रयास करूँगा कहा। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मिथलेश वर्मा, परस वैष्णव, विजय सुखवानी, राजू देवांगन, योगेश वर्मा, गौरव साहू, नागेश वर्मा, नरेस साहू, मिथलेश वर्मा, ताम्रध्वज देशमुख राष्ट्रीय कबड्डी खिलाडी एवं प्रशिक्षक, नारायण यादव प्रशिक्षक एवं खेल शिक्षक खिलाडीगण आसपास के क्षेत्रवासी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अंतिम समय में स्थगित करना षड्यंत्र की बू आ रही है

**भानुप्रतापपुर।** चंद्रमौली मिश्रा शिवसेना नेता ने कहा नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में नीलामी हो रही थी उसे रोका गया यह समझ से परे हैं। क्योंकि नीलामी बोली कर्ता पहुंच चुके थे विगत कई दिनों से यह प्रक्रिया चल रही थी। उसके बाद अचानक नीलामी को स्थगित करना भानुप्रतापपुर की आम जनत के साथ कुठाराघात है। अगर इसमें कोई प्रक्रिया में गड़बड़ी थी तो इसमें पहले रोक लगा दिया जाना चाहिए था। आज समस्त बोली कर्ता को बुलाकर के अंतिम समय में स्थगित करना इसके पीछे षड्यंत्र की बू आ रही है।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

## एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

### सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है। ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह–ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चों प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060114039029, शिव कुमार ( ऋणी ), श्रीमती सुषमा जायसवाल ( सहऋणी ), सुशील कुमार सिंह ( गारंटर ) | 11-अक्टूबर-24 ₹ 60,26,822/- साठ लाख छब्बीस हजार आठ सौ बाईस रूपये मात्र 10-अक्टूबर-24 तक | संपत्ति स्थित दुकान नं. 177, 178 एवं 179, भूतल, वार्ड नं. 26, अलंकार बिजनेस कॉम्पलेक्स, ग्राम छावनी, जीई रोड, भिलाई, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 500.34 वर्ग फीट |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060115096291, राजू चन्द्रवंशी ( ऋणी ), रामशरण चन्द्रवंशी ( सहऋणी ) | 11-अक्टूबर-24 ₹ 6,28,315/- छः लाख अट्ठाईस हजार तीन सौ पन्द्रह रूपये मात्र 10-अक्टूबर-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 4/2टी, पीएच नं. 11, ग्राम नवागांव, तहसील पानफरिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 560 वर्ग फीट |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060120306001, श्रीमती आरती मौर्य ( ऋणी ), गणेश मौर्य ( सहऋणी ) | 11-अक्टूबर-24 ₹ 3,73,788/- तीन लाख तिहत्तर हजार सात सौ अठासी रूपये मात्र 10-अक्टूबर-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 74/4, पीसी नं. 27, मौजा उग्र, कोरबा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 4305.56 वर्ग फीट |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060816945165, सनराइज एजुकेशन एण्ड डवलपमेन्ट सोसायटी ( ऋणी ), सुचित कुमार बागे ( सहऋणी ), सत्यभामा बागे ( सहऋणी ) | 11-अक्टूबर-24 ₹ 29,61,565/- उनतीस लाख इकसठ हजार पांच सौ पैसठ रूपये मात्र 10-अक्टूबर-24 तक | संपत्ति स्थित तालुका नगर निगम सीमा में खसरा नं. 695/1, 695/6, पीएच नं. 29, ग्राम कुरूड, जिला धमतरी, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 17437 वर्ग फीट |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060827629759 & L9001060123640963, रोहित कुमार चन्द्रा ( ऋणी ), चूडामणी चन्द्रा ( सहऋणी ) | 11-अक्टूबर-24 ₹ 3,04,052/- तीन लाख चार हजार बावन रूपये मात्र एवं ₹ 4,14,803/- चार लाख चौदह हजार आठ सौ तीन रूपये मात्र 10-अक्टूबर-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 595 13, पीसी नं. 5 8, मौजा बरतुंगा, आरएनएम दभारा, जिला जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.02 एकड |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060124094979, मिथलेश कुमार सोनी ( ऋणी ), चन्द्रभागा सोनी ( सहऋणी ) | 11-अक्टूबर-24 ₹ 5,09,229/- पांच लाख नौ हजार दो सौ उनतीस रूपये मात्र 10-अक्टूबर-24 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत पीएच नं. 11 1392, वार्ड नं. 03, महासमुंद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 358.76 वर्गगज |
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060125062342, विमल चन्द्रकार ( ऋणी ), दुर्गा चन्द्रकार ( सहऋणी ) | 11-अक्टूबर-24 ₹ 11,33,910/- ग्यारह लाख तेतीस हजार नौ सौ दस रूपये मात्र 10-अक्टूबर-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 795/1 का भाग, पीएच नं. 49, ग्राम पंडारिया, जिला कवरधा, छत्तीसगढ 491559, क्षेत्रफल 210 वर्ग फीट |

दिनांकः 18-11-2024
स्थानः छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

# लोकसभा सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक

## 'जनता की भलाई के लिए योजनाओं का पूर्ण जवाबदेही एवं समयबद्धता से कार्य निष्पादन करें : विजय बघेल'

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के जिले में क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु लोकसभा सांसद क्षेत्र दुर्ग विजय बघेल की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजित हुई। विजय बघेल ने जिले की जनता की भलाई और केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतरीन क्रियान्वयन और जिले के समग्र विकास को लेकर विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने धान खरीदी पूरी पारदर्शिता से करने कहा।' 'उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की एवं विभागों को पूर्ण जवाबदेही एवं समयबद्धता से कार्य निष्पादन करने कहा। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विभिन्न योजनाओं के तहत जिले में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों योजनाओं की गतिविधियों की और प्रगति के बारे में बैठक के शुरुआत में लोकसभा सांसद विजय बघेल को अवगत कराया। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल ने जिला पंचायत के तहत किए जा रहे कार्यों का ब्योरा दिया।' बैठक में विधायक दीपेश साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत सुनीता हीरालाल साहू,अध्यक्ष नगर पालिका शकुंतला मंगत साहू सहित अन्य सदस्यगण बैठक में उपस्थित थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह,विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी और जिले के जनपद पंचायत अधिकारी शामिल हुए । लोकसभा सांसद विजय बघेल ने जिले में निर्माणाधीन कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग पर जोर देते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जनता की बेहतरी एवं उन्हें आर्थिक सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है।केन्द्र की योजनाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ सफल क्रियान्वयन कराने प्रत्येक विभाग के अधिकारियों का दायित्व है। इसके साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अंचल में विभिन्न योजना के कार्यों को जल्द पूर्ण करने एवं लोगों को समझाने का आग्रह किया। विशेषकर जिले के अंदरूनी ग्रामीण इलाकों में।

जल जीवन मिशन पर ज़ोर देते हुए कहा कि जहाँ कार्य पूरे हो गए है। वहाँ जनप्रतिनिधियों को भी लेकर जाए। काम ना करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों उनकी शिकायतों और उनकी समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा की सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले।

## संपादकीय

# सांस लेने का अधिकार दिल्ली की जहरीली हवा

**दिल्ली** की वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर तक गिर गई है, शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक- एक्यूआई 428 तक बढ़ गया है, जो देश में सबसे खराब प्रदूषण स्तर है। नतीजतन, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शुक्रवार सुबह 8 बजे से कड़े ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान ग्राप-3 प्रतिबंध लागू करने की घोषणा की है। गुरुवार को, शहर के लिए 24 घंटे का एक्यूआई 428 तक पहुंच गया, जो एक गंभीर वायु गुणवत्ता श्रेणी का संकेत देता है, जो आबादी के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और पहले से मौजूद श्वसन स्थितियों वाले लोगों के लिए। 428 का वर्तमान एक्यूआई स्तर दिल्ली को गंभीर श्रेणी में रखता है, यह दर्शाता है कि हवा खतरनाक रूप से प्रदूषित है बिगड़ती वायु गुणवत्ता के जवाब में, सीएक्यूएम ने प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए निम्नलिखित बीएस-3 प्रतिबंध लगाए हैं- दिल्ली और आसपास के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सभी गैर-जरूरी निर्माण और विध्वंस गतिविधियों को निलंबित कर दिया गया है ताकि धूल और कण पदार्थ प्रदूषण को बढ़ा न सकें। नवीनतम उत्सर्जन मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले वाहनों को सड़कों से प्रतिबंधित कर दिया गया है। विशेष रूप से, पेट्रोल वाहन जो बीएस-3 (भारत स्टेज 3) मानकों का पालन नहीं करते हैं और डीजल वाहन जो बीएस-4 मानदंडों के अंतर्गत



आते हैं, उन्हें दिल्ली और एनसीआर के कुछ हिस्सों में परिचालन से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इन उपायों से हवा में उत्सर्जित होने वाले प्रदूषकों की मात्रा में काफी कमी आने की उम्मीद है, विशेष रूप से निर्माण स्थलों और पुराने वाहनों से, जो वायु प्रदूषण में प्रमुख योगदानकर्ता हैं। मौसम की स्थिति ने शहर के ऊपर धुंध की चादर बना दी है, जिससे वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन, औद्योगिक प्रदूषण और पड़ोसी राज्यों में फसल के ठूंठ जलाने के प्रभाव बढ़ गए हैं। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने बिगड़ती वायु गुणवत्ता पर ध्यान दिया है और आगे के प्रवर्तन उपायों पर चर्चा करने के लिए 18 नवंबर को सुनवाई निर्धारित की है। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया है कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ हवा में सांस लेने का मौलिक अधिकार है, जिसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित किया गया है। दिल्ली के प्रदूषण संकट ने अब राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया है। जबकि तत्काल ध्यान बीएस-3 प्रतिबंधों जैसे अल्पकालिक उपायों को लागू करने पर है, विशेषज्ञों का तर्क है कि स्थायी समाधान के लिए सख्त उत्सर्जन मानकों, बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छ सार्वजनिक परिवहन विकल्पों के लिए प्रणालीगत परिवर्तनों की आवश्यकता है। चूंकि शहर लगातार जहरीले धुंध से जूझ रहा है, इसलिए दिल्ली के निवासियों से आग्रह किया जाता है कि वे जितना संभव हो सके घर के अंदर रहें, ज़ोरदार बाहरी गतिविधियों से बचें और वायु प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों से खुद को बचाने के लिए ह95 मास्क पहनें। आने वाले दिनों में, यह आशा की जा रही है कि मौसम की स्थिति और सरकारी हस्तक्षेप दोनों से कुछ राहत मिलेगी, लेकिन शहर के निवासियों का दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रदूषण के स्रोतों पर अंकुश लगाने के निरंतर प्रयासों पर निर्भर करता है।

# पश्चिम एशिया पर युद्ध के बादल

क्षेत्रीय स्थिरता के संकट में होने के कारण, दुनिया उत्सुकता से देख रही है कि पश्चिम एशिया बढ़ती शत्रुता के संभावित परिणामों के लिए तैयार है।

**नीलांथा इलांगमुआ**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)





3 जुलाई, 1988 को, अमेरिकी नौसेना के यूएसएस विंसेनेस ने एक बेशर्म सैन्य अतिक्रमण के तहत, फारस की खाड़ी के ऊपर, 290 यात्रियों को ले जा रहे एक नागरिक विमान, ईरान एयर फ्लाइट 655 को मार गिराया। नौसेना का यह तर्क कि यह एक अनजाने में हुई गलती थी, कठोर वास्तविकता को झुठलाता है: यह कोई गलती नहीं थी, बल्कि उन लोगों के जीवन के प्रति पश्चिमी उदासीनता का एक प्रतीकात्मक उदाहरण था जिन्हें व्यर्थ समझा जाता था।

नौसेना ने एक वाणिज्यिक उड़ान को दुश्मन के लड़ाकू विमान समझ लिया, और दो सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को दागा और उसमें सवार सभी लोग मारे गए। फिर भी, अमेरिका की प्रतिक्रिया नैतिक विफलता को स्वीकार करने की नहीं थी, बल्कि अपने इनकार को और भी दोहराते हुए, न तो वास्तविक माफ़ी मांगी और न ही पीड़ितों के परिवारों को क्षतिपूर्ति की पेशकश की। यह त्रासदी भू-राजनीतिक प्रभुत्व की अपनी अथक खोज में पश्चिम एशिया के लोगों को अमानवीय बनाने की पश्चिम की लंबे समय से चली आ रही प्रथा की एक गंभीर याद दिलाती है। ईरानी लोगों के लिए, यह केवल एक सैन्य भूल नहीं थी; यह उनकी मानवता की एक सरासर उपेक्षा थी, जिसने पश्चिमी हलकों में इस गहरी जड़ जमाए हुए विश्वास को मजबूत किया कि इसकी सीमाओं से परे लोगों का जीवन, सत्ता की खोज में, सबसे अच्छा, संपार्श्विक क्षति है।

इस त्रासदी की गूँज आज भी बनी हुई है, जो अमेरिका और ईरान के बीच अस्थिर संबंधों से और भी बढ़ गई है। डोनाल्ड ट्रम्प के फिर से चुने जाने के कुछ ही दिनों बाद, अमेरिकी सरकार ने राष्ट्रपति की हत्या की ईरान द्वारा की गई साजिश का पर्दाफाश करने का दावा किया। ईरान ने इन आरोपों को जोरदार तरीके से खारिज कर दिया, विदेश मंत्री अब्बास अराक्ची ने उन्हें तीसरे दर्जे की कॉमेडी के रूप में खारिज कर दिया और अमेरिका पर आगे की आक्रामकता को सही ठहराने के लिए एक कहानी गढ़ने का आरोप लगाया। अराक्ची के उपहास-एक हत्यारे की ईरान में बैठकर और ख़ब्बह से ऑनलाइन बात करने की मूर्खता का मज़ाक उड़ाना-ने अमेरिका-ईरान संबंधों को परिभाषित करने वाले गहरे अविश्वास को फिर से जगा दिया।

अब जबकि ट्रंप ने दूसरा कार्यकाल सुरक्षित कर लिया है और वे अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बन जाएंगे, यह स्पष्ट है कि उनकी विदेश नीति, विशेष रूप से ईरान के प्रति, कहीं अधिक आक्रामक हो सकती है, जिसके विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। आक्रामक व्यक्तियों की उनकी नियोजित नियुक्तियाँ - जैसे कि पीट हेगसेथ को रक्षा सचिव, स्टीवन सी विटकॉफ को पश्चिम एशिया मामलों के विशेष दूत और माइक हुकाबी को इज़राइल में राजदूत - यह सुझाव देती हैं कि पश्चिम एशिया में शांति पहले से कहीं अधिक दूर है। ये विकल्प इज़राइल के हितों के साथ बढ़ते तालमेल को दर्शाते हैं, तनाव को और बढ़ाते हैं और एक भयावह संघर्ष की नींव रखते हैं - जो ईरान के खिलाफ युद्ध को पश्चिमी हस्तक्षेप के दशकों के अंतिम परिणाम के रूप में देख सकता है।

> अब जबकि डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरा कार्यकाल सुरक्षित कर लिया है और वे अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बन जाएंगे, यह स्पष्ट है कि उनकी विदेश नीति, विशेष रूप से ईरान के प्रति, कहीं अधिक आक्रामक हो सकती है, जिसके विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

इस आसन्न आपदा को पश्चिम एशिया में पश्चिमी हस्तक्षेप की ऐतिहासिक विरासत से अलग नहीं किया जा सकता है। पश्चिम के साथ ईरान के संबंध सदियों के विश्वासघात और हेरफेर से आकार लेते रहे हैं। इस भयावह इतिहास में एक निर्णायक क्षण 1953 का सीआईए समर्थित तख्तापलट था, जिसमें ईरान के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधान मंत्री मोहम्मद मोसादेग को पद से हटा दिया गया था, क्योंकि उन्होंने ईरान के तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण करने की कोशिश की थी। पश्चिमी शक्तियों द्वारा संचालित इस कृत्य ने शाह के क्रूर शासन को फिर से स्थापित किया, जिसने 1979 की इस्लामी क्रांति के बीज बोए। तेल और भूराजनीति द्वारा संचालित हस्तक्षेप के इस इतिहास ने ईरानी चेतना में विश्वासघात की गहरी भावना पैदा की, एक भावना जो आज भी ईरान की विदेश नीति को परिभाषित करती है।

सांप्रदायिक आधार पर विभाजित और अक्सर अपनी विदेश नीति में अवसरवादी, ईरान के पड़ोसी बार-बार क्षेत्रीय एकता को बाहरी दबावों से आगे रखने में विफल रहे हैं। फिर भी, इस क्षेत्र के इतिहास को आकार देने वाले भू-राजनीतिक जोड़-तोड़ एक व्यापक पैटर्न का हिस्सा हैं: पश्चिम द्वारा उन राष्ट्रों की संप्रभुता को मान्यता देने से इनकार करना जिन्हें वह रणनीतिक रूप से अप्रासंगिक मानता है। ईरानी लोग बाहरी मांगों के आगे झुकने से इनकार करने में और भी दृढ़ हो गए हैं। यह अलगाव, जो शुरू में आवश्यकता से पैदा हुआ था, एक गहन अस्तित्वगत संघर्ष में भी बदल गया है।

इसके जवाब में, ईरान ने चीन और रूस जैसे देशों के साथ गठबंधन करने की कोशिश की है और क्षेत्र में गैर-राज्य अभिनेताओं के साथ संबंध बनाए हैं। ये गठबंधन-जो विचारधारा से नहीं, बल्कि व्यावहारिक आवश्यकता से पैदा हुए हैं-ने ईरान को क्षेत्रीय प्रभाव डालने की अनुमति दी है, जिससे पश्चिम ने कभी भी इसकी कल्पना नहीं की थी कि सत्ता का संतुलन बदल जाएगा।

अपने पहले कार्यकाल में, ट्रम्प ने ईरान को कमज़ोर करने के लिए दो-तरफ़ा रणनीति का इस्तेमाल किया- अब्राहम समझौते के ज़रिए अन्य अरब देशों को इज़राइल के पक्ष में जोड़ना, यह संधि उनके यहूदी मूल के दामाद जेरेड कुशनर द्वारा तैयार की गई थी, और दूसरी बात, उन प्रमुख व्यक्तित्वों को निशाना बनाना जिन्होंने ईरान के खिलाफ़ काम करने वाले विदेश में रहने वाले ईरानियों के प्रयासों को वित्तपोषित करते हुए क्षेत्र में ईरान के प्रभाव को सक्षम बनाया।

अपने दूसरे कार्यकाल में, जो पिछले आठ वर्षों में उनके द्वारा अर्जित अनुभवों से और अधिक परिष्कृत और तीक्ष्ण हो सकता है-कार्यालय में और व्हाइट हाउस के बाहर-उनके कार्य कहीं अधिक अप्रत्याशित हो सकते हैं। नतीजतन, ईरान के खिलाफ़ युद्ध की संभावना अब दूर का डर नहीं है; यह एक तेज़ी से नज़दीक आती वास्तविकता है। यह पश्चिमी देशों के इस दृष्टिकोण की पुष्टि करेगा कि वैश्विक दक्षिण के लोगों की तरह ईरानियों का जीवन भी भू-राजनीतिक प्रभुत्व की खोज में खर्च करने योग्य है, जिससे यह युद्ध अनिवार्य नहीं बल्कि विकल्प का युद्ध बन जाता है, जिसमें ईरान का अस्तित्व दांव पर लगा हुआ है।

इस संदर्भ में, युद्ध से बचने की जिम्मेदारी केवल अमेरिका या ईरान की नहीं है, बल्कि अरब जगत सहित क्षेत्र के सभी देशों की है। अपनी अलग-अलग मान्यताओं, इतिहास और गठबंधनों के बावजूद, अरब देशों पर युद्ध के खतरे के खिलाफ एकजुट रुख अपनाने का दायित्व है। अरब नेताओं, खासकर जो लंबे समय से अमेरिका-ईरान संघर्ष की भू-राजनीतिक गोलीबारी में फंसे हुए हैं, की आवाज क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की रक्षा में उठनी चाहिए।

सामूहिक कार्रवाई के पक्ष में मतभेदों को अलग रखना चाहिए जो वैचारिक मतभेदों पर जीवन और संप्रभुता के संरक्षण को प्राथमिकता देता है। दुनिया और खासकर पश्चिम एशिया के देशों को कूटनीति और संवाद का रास्ता तलाशने का प्रयास करना चाहिए, ताकि एक और विनाशकारी युद्ध से बचा जा सके जो क्षेत्र के ताने-बाने को और भी अधिक नष्ट कर देगा।

# अहं का उत्थान और पतन

> सच्ची सफलता प्रसिद्धि या शक्ति में नहीं बल्कि विनम्रता और जीवन के उद्देश्य को समझने में निहित है।

**रवि वलूरी**
(लेखक, रेलवे विभाग से संबद्ध हैं)



एक चुनौतीपूर्ण कार्य या विचार आम तौर पर एंडोर्फिन जारी करता है, जो मानव मन को अलग तरीके से सोचने के लिए प्रेरित करता है, और जब इस तरह के दृष्टिकोण से संपन्न होता है, तो हम ऊंचाइयों को छूते हैं और शिखर पर पहुंचते हैं। लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है। हम उत्पाद या गतिविधि प्रवाह से जुड़ जाते हैं; परिणामस्वरूप, मन प्रशंसा में फंस जाता है। रैंप पर धूम मचाने के लिए जानी जाने वाली एक जीवंत मॉडल को एक सिनेमाई भूमिका के लिए चुना गया था।

उसने भूमिका को बखूबी निभाया और जल्द ही कई पुरस्कारों के लिए नामांकित हुई और उनमें से कुछ को जीतने में सफल रही, जिसमें सर्वश्रेष्ठ नए चेहरे का पुरस्कार भी शामिल है।

अभिनेत्री को कई सम्मानों से सम्मानित किया गया और इस प्रक्रिया में उन्हें प्रतिष्ठित भूमिकाएं मिलीं। यह वास्तव में एक मादक एहसास था। उन्हें विभिन्न पार्टियों में सम्मानित किया गया और वे रातोंरात एक सेलिब्रिटी बन गईं। हालांकि, उनके लालच का कोई अंत नहीं था क्योंकि उनका मन और शरीर अधिक ध्यान आकर्षित करना चाहते थे।

मैं, मुझे सिंड्रोम उसके दिमाग पर हावी हो गया और वह घंटों आईने के सामने सेल्फी लेती, अपनी आकर्षक सुंदरता और सफलता की प्रशंसा करती। अपने जोखिम पर, उसने खतरे की घंटी को अनदेखा कर दिया, मौत की घंटी उसके दरवाजे पर दस्तक दे रही थी। वह शराब, पैसे, ड्रग्स और सेक्स की आदी हो गई। प्रतिभाशाली कलाकार ने बुखार की स्थिति में अपनी समता, संतुलन और संतुलन खो दिया और इस प्रक्रिया में बदनामी को आकर्षित किया। कलाकार का उल्कापिंड का उदय अल्पकालिक था



और उसका अप्रिय व्यवहार उद्योग के लिए स्वीकार्य नहीं था, उसे जल्द ही महत्वपूर्ण भूमिकाओं से हटा दिया गया और निश्चित रूप से, शक्ति और प्रसिद्धि खो दी। त्रासदी एक क्रूर रूप में आई जब उसकी जिंदगी कम उम्र में ही खत्म हो गई जब वह नशे की हालत में एक कार दुर्घटना के बाद दम तोड़ गई। इस तर्कहीन व्यवहार के लिए किसे दोषी ठहराया जाए? झूठे अहंकार मानव मन पर कहर ढाते हैं जब विवेक की शक्ति कर्तापन की चमक और चकाचौंध में छिप जाती है। ऐसे लोगों की नस्ल राजनेताओं, उद्यमियों और साधकों में फैली हुई है, क्योंकि वे कर्तापन के जाल में फंस जाते हैं और उसे छोड़ नहीं पाते और विनम्र नहीं रह पाते। वे कुछ तात्कालिक परिणामों पर ध्यान केंद्रित करते हैं और सौदेबाजी में, कथानक और बड़ी तस्वीर खो देते हैं। राजनीतिक क्षेत्र में भी, पार्टियाँ एक व्यक्ति की सफलता और अहंकार पर निर्भर हो जाती हैं और आंतरिक लोकतंत्र और जमीनी स्तर पर संपर्क की अपनी मूल ताकत खो देती हैं। आध्यात्मिक दुनिया भी इससे अछूती नहीं है।

साधक, शुरू में बहुत साहस और दृढ़ विश्वास के साथ मार्ग पर चलते हैं और गुरु और मार्ग में असीम विश्वास रखते हैं। वे साधना, सेवा, सत्संग, ध्यान और संगठन की अन्य गतिविधियों में निरंतर भाग लेते हैं। गुरु अपनी उदारता में अपने सभी अनुयायियों को प्रोत्साहित करते हैं। कुछ लोग मार्ग पर आगे बढ़ते हैं और अन्य पीछे हट जाते हैं क्योंकि आध्यात्मिकता की कठोरता और नियम कठिन होते हैं और साधक को मन की शांति मिलने से पहले ही अशांति से भर जाते हैं। जल्द ही साधक का ज्वरग्रस्त मन गुरु के साथ निकटता महसूस करता है और इस प्रक्रिया में, साथी साधकों को गलत तरीके से परेशान करता है। कुछ साधक फेसबुक पर इन तस्वीरों को 'लाइक' करते हैं ताकि वे अपने कथित करीबी लोगों को खुश कर सकें, इस उम्मीद में कि यह गुरु की एक झलक पाने के लिए पासपोर्ट के रूप में काम कर सकता है।

एक सच्चा आध्यात्मिक नेता या गुरु अपने भक्तों को गुरु मंडल के दलदल में न फंसने की चेतावनी देता है। भगवान कृष्ण अर्जुन को समझाते हैं, झूठे अहंकार के प्रभाव में, व्यक्ति खुद को गतिविधियों का कर्ता समझता है, जबकि सभी गतिविधियां प्रकृति द्वारा एक स्वाभाविक प्रक्रिया के रूप में की जाती हैं। एक सच्चे साधक को यह समझना चाहिए कि हम इस विशाल ब्रह्मांड में असीम हैं। हमारे कार्य और कर्म, यदि वास्तव में सकारात्मक और विनम प्रकृति वाले हैं, तो वे हमें गुरु और ब्रह्मांड के नियमों के करीब ले जाएंगे।

## आप की बात

### दर्दनाक घटना

**उत्तर** प्रदेश स्थित झांसी स्थित मेडिकल कॉलेज में अग्निकांड से 10 बच्चों की मौत हृदयविदारक है । इस अग्निकांड की वजह भी हर अग्निकांड की तरह इलेक्ट्रिकल एक्सीडेंट बताई जा रही है । अग्निकांड की रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी गई है। इसके पहले भी दिल दहलाने वाले अग्निकांड हुए हैं, इनकी जांच रिपोर्ट भी जिम्मेदारों को सौंपी गई होगी। लेकिन लाख टके का सवाल सवाल यह उठता है कि पूर्ववर्ती अग्नि कांडों से क्या सबक लिया है । जांचें, रिपोर्ट सब हाथी के दांत की तरह है, जो समय निकलने पर सब भूला दी जाकर डस्टबिन में डाल दी जाती है । ऐसा कोई भी राज्य या शहर या स्थान अछूता नहीं है, जहां अग्निकांड नहीं हुए हैं । बड़ी-बड़ी बातें की गई है, लेकिन चाल वही बेंढ़गी चलते चले आ रहे हैं, चलते रहेंगे । अग्नि कांडों को रोकने के लिए जो सुरक्षा मानक तय हैं, उनका पालन नहीं होना, एक्सपायर डेट की मशीनों का उपयोग करना, ये आग की वजह बनते हैं । आखिर इन सब की निगरानी रखने वाला तंत्र कुंभकरण की नींद क्यों सोता रहता है ? निगरानी तंत्र क्यों नहीं समय-समय पर इनकी जांच कर संबंधित अस्पतालों या अन्य संस्थाओं का संज्ञान क्यों नहीं लेते ? जिम्मेदारों की जिम्मेदारी की अनदेखी का यह परिणाम बेकसूर भुगतते हैं । कसूरवार का बाल तक बांका नहीं होता है।

**- हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### शोध हिन्दी में क्यों नहीं?

**शोध** को हिंदी में करने से बढ़ेगी लोकप्रियता। माननीय मुख्यमंत्री जी ने विगत दिनों में हुए राष्ट्रीय हिंदी विज्ञान सम्मेलन भोपाल में बात कही। स्व भाषा को जानने वाले विद्वान अगर आपने रिसर्च को हिंदी में करते है और उसके तकनिकी शब्दों का हिंदी में अनुवाद करते है तो सहज रूप उसे पुरे देश में लोकप्रियता मिलेगी। वाकई हिंदी के हीत में ये पहल प्रशंसनीय है। ताकि प्रचार प्रसार होकर हिंदी को प्राथमिकता मिले। देखा जाए तो वर्तमान में अंग्रेजी शब्दों को हिंदी में से निकालना यानि बड़ा ही दुष्कर कार्य है। सुधार का पक्ष देखे तो हिंदी में व्याकरण और वर्तनी का भी बुरा हाल है। कोई कैसे भी लिखे ,कौन सुधार करना चाहता है? भाग दौड़ की दुनिया में शायद बहुत कम लोग ही होंगे जो इस और ध्यान देते होंगे। सुधार हेतु जाग्रति लाने की आवश्यकता है। बच्चों को अपनी सृजनात्मकता ,मौलिक चिंतन को विषयान्तर्गत रूप से हिंदी व्याकरण और वर्तनी में सुधार की और ध्यान देना होगा ताकि निर्मित शब्दों के हिंदी में परिभाषित शब्द सही तरीके से व्यक्त,लिख- पढ़ सकें। हिंदी के प्रचार -प्रसार हेतु लेखनीय कार्य हिंदी में ही अनिवार्य करना होगा ताकि हिंदी लिखने की शुद्धता बनाई जा सके। मातृभाषा की सही स्तुति के लिए ये कार्य करना आवश्यक है ताकि मातृभाषा का सही मायने में सम्मान हो सके।

**- संजय वर्मा**, मनावर, धार

### राजनीति का स्तर

**महोदय,** भारत के राजनैतिक दल कभी सेवाभावी होने का दम भरते थे। मगर अब यह शुद्ध व्यवसाय बन चुका है। और व्यवसाय के भी कुछ उसूल होते हैं। मगर राजनीति में तो जैसे-तैसे सत्ता पाना ही एक मात्र लक्ष्य रह गया है। यह बोतल का वह जिन्न है। जिसे इन दोनों ने हीं बोतल से बाहर निकाला है। और अब यह उन्हें ही निगलने को तैयार हैं। हर बड़े नेता को बड़ा पद चाहिए नहीं तो वह पार्टी से बगावत करने में जरा भी नहीं हिचकते हैं। टिकट नहीं मिलने पर यह अपने ही दल के प्रत्याशी के खिलाफ निर्दलीय के रूप में खड़े होने में तनिकभी नहीं हिचकते हैं। भले ही वह नहीं जितने पाए मगर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को हराने में अवश्य सफल हो जाते हैं। ऐसे आत्मघाती बम सभी दलों में मौजूद हैं। और यही परियों के हार जीत के गणित को गड़बड़ा देते हैं। यदि पार्टियों में आंतरिक प्रजातंत्र हो और कार्यकर्ताओं द्वारा ही प्रत्याशियों का चयन हो तो यह असंतोष खत्म हो सकता है। मगर सभी दल ऊपर से अपना प्रत्याशी थोपते हैं। यहां तक की राज्यों में बहुमत मिल जाने के बाद भी विधायकों को अपना नेता नहीं चुने दिया जाता है। और ऊपर से थोपे गए प्रत्याशी को ना चाहते हुए भी समर्थन देने के लिए मजबूर किया जाता है। यह प्रजातांत्रिक व्यवस्था का खुला माखौल है। इसे सुधरे बिना राजनीति का स्तर निरंतर रसातल की ओर जाता रहेगा!

**- सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### एनआरसी ही उचित

**मणिपुर** की अशांति की वजह भले ही जाति संघर्ष हो मगर हिंसा के लिए जिस प्रकार म्यांमार की सीमा से हथियारों की आपूर्ति हो रही है वह सारे फसाद की जड़ है। सरकार को सीमा पर सख्त होना होगा ताकि ना आएंगे हथियार और ना होगी हिंसा। इसके साथ ही राज्य में जितनी जल्दी हो सके एनआरसी लागू करना चाहिए। मणिपुर में रुक-रुक कर सिर उठाती हिंसा से एक बात साफ हो गई है कि उग्रवाद को बाहर से मदद मिल रही है। इसमें पुलिस थाने से लूट गए हथियार उनके संघर्ष का बड़ा स्रोत है। म्यांमार की सीमा के पास से लूटे गए हथियारों का एक बड़ा जखीरा पुलिस ने जप्त किया था इसमें बड़ी संख्या में दंगा नियंत्रण उपकरण भी शामिल थे। जातीय संघर्ष में अवैध निवासियों की बड़ी भूमिका है। ऐसे में बार-बार हो रही हिंसा के हालातो में अगर राज्य में एनआरसी लागू करने की बात की जा रही है तो वह संघर्ष पर लगाम का एक बड़ा माध्यम बन सकती है। यदि राज्य में नागरिक राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर लागू हो जाता है तो इससे अवैध प्रवासियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी वहीं स्थाई बस चुके अराजक तत्वों को राज्य से बाहर निकलने का रास्ता साफ होगा।

**- अमृतलाल मारू**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# आज से निकायों में चरमराईगी मूलभूत सुविधा, 340 से अधिक प्लेसमेंट, आउटसोर्सिग, ठेका कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

## ठेका प्रथा खत्म करने सहित नियमितीकरण एवं सीधे वेतन भुगतान करने की मांग पर अड़े

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com



निकायों में मूलभूत सुविधाएं चरमराने वाली है। क्योंकि जिले के बालोद व दल्लीराजहरा नगरपालिका तथा 6 नगर पंचायत के 340 से अधिक प्लेसमेंट, आउटसोर्सिग, ठेका कर्मचारी आज 19 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे है। इन कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से निकाय क्षेत्रो के मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी साफ सफाई, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, पेयजल, बिजली आपूर्ति तथा कई विभागीय कार्य प्रभावित होंगे। इनकी प्रमुख मांगो में कर्मचारियों का ठेका प्रथा बंद कर कर्मचारियों का नियमितीकरण, सीधे वेतन भुगतान, श्रम सम्मान राशि 4 हजार रुपये देने सहित अन्य मांगे हैं। मांगे पूरी नहीं होने तक आंदोलन पर रहने की चेतावनी देते हुए बालोद नगर पालिका के कर्मचारियों ने कलेक्टर के नाम पालिका में ज्ञापन सौपा। पूरे मामले को लेकर आंदोलन में जा रहे अनियमित कर्मचारियों कि माने तो वे अपने विभिन्न मांगो को लेकर पूर्व में भी कई बार सांकेतिक आंदोलन कर चुके हैं। लेकिन उसके बाद भी शासन प्रशासन ने इनकी मांगो पर कभी ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते अब पूरे प्रदेशभर के 184 नगरीय निकायों के करीब 20 हजार से अधिक प्लेसमेंट, आउटसोर्सिग, ठेका कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जा रहे है। आपको बता दे इन कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से जिले के निकायों सहित समूचे प्रदेश के नगरीय निकायों में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े तमाम कार्य प्रभावित होंगे, जिससे आम जनजीवन भी प्रभावित हो सकते सकते है।

### पहले भी धरना देकर कर चुके है आंदोलन : वीरेंद्र

गौरतलब हो कि बालोद नगर पालिका में 77, दल्लीराजहरा नगर पालिका में 90 तथा गुरुर, चिखलाकसा, डौंडी, डौंडीलोहारा, गुंडरदेही एवं अर्जुन्दा नगर पंचायत में 30-30 प्लेसमेंट कर्मचारी कार्यरत है। जिनके हड़ताल पर जाने से मूलभूत व्यवस्थाएं चरमरा जाएगी। खासतौर पर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, साफ सफाई। वही सुबह शाम नल खोलने के लिए भी कर्मचारी नही होंगे। आधार कार्ड, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में भी आमजनो को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। नगर की रोजमर्रा से जुड़ी व्यवस्थाओं के लिए आमजनो को भटकना होगा, उनके काम नही होंगे। प्लेसमेंट कर्मचारी संघ, बालोद के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र भारती ने बताया कि प्रदेश आव्हान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे है। इसके पहले अपनी मांगों के किये एक, दो और तीन दिवसीय तक धरना व आंदोलन कर चुके है। लेकिन मांग आज तक पूरा नही हुआ।

# जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी का उतई मे हुआ जिला स्तरीय बैठक पूर्व जनपद सदस्य अपने कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी में शामिल

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत चुनाव और ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ के सबसे बड़ा क्षेत्रीय पार्टी जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी का जिला स्तरीय बैठक नगर पंचायत उतई मे संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में आगामी चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक मे मुख्य रूप से पंच, सरपंच, जनपद व जिला पंचायत चुनाव की रूप रेखा तैयार किया गया। पार्टी के दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष मधुकांत साहू ने बताया कि जिले से लगभग हर गांव में पार्टी समर्थित सरपंच प्रत्याशी का नाम तय हो गया है।

उतई, पाटन, अहिवारा में होने वाले पार्षद व अध्यक्ष पद के लिए भी बहुत जल्दी सूची सार्वजनिक की जाएगी। पार्टी के सदस्यों को इस चुनाव मैदान में उतरने का बेसब्री से इंतजार था। बैठक में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश महासचिव भूषण लाल साहू ने चुनाव मैदान में उतरने का ऐलान करते हुए कहा कि आज की तारीख में जो आत्मविश्वास व साफ छवि आप सबने बनाई है। उसका सकारात्मक परिणाम इस चुनाव में आएगा और हमारी पार्टी स्वच्छ राजनीति की नई मिशाल पेश करेगी। हमारी पार्टी स्थानीय रोजगार को लेकर जिस तरह कार्यरत है। चुनाव में जीत के बाद समूचे छत्तीसगढ़ में इसका लाभ देखने को मिलेगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी देवेन्द्र नेताम ने कहा कि कॉपी पेस्ट के अलावा कुछ नहीं सीखा पाने वालों की दाल अब नही गलने वाली पार्टी का हर सदस्य सोशल प्लेटफार्म को सटीक तरीके से हैंडल करना जानता है। दुर्ग शहर अध्यक्ष पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि पार्टी के सदस्य जिस ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं। निश्चित ही सर्वाधिक संख्या में जीतकर आएंगे। बैठक में पूर्व जनपद सदस्य राजकुमार मांडले अपने कार्यकताओं के साथ जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की सदस्यता ली।

पार्टी के दुर्ग ग्रामीण विधायक प्रत्याशी कामेश्वर साहू, जिला सचिव भूपेंद्र साहू, भिलाई जिला उपाध्यक्ष अप्पू मेश्राम, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अध्यक्ष मनीष देशलहरे, उतई नगर अध्यक्ष राजेश जांगडे, उतई नगर उपाध्यक्ष छत्रपाल साहू सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सनातन धर्म की रक्षा को बनाए रखने में सबसे प्रथम पंक्ति में गायत्री परिवार : विजय बघेल

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com



सेलूद में 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ, विशाल कलश यात्रा, महिला सम्मेलन, एवं प्रज्ञा पुराण का आयोजन 2 से 5 जनवरी 2025 को ग्राम सेलूद में आयोजित की जाएगी। यज्ञ शाला भूमिपूजन का आयोजन रविवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल मैदान सेलूद में आयोजन स्थल में की गई। भूमिपूजन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा सनातन धर्म की रक्षा के लिए अनेक जगहों पर आयोजन हो रहा है जिसमें गायत्री परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका है। हम सबका कर्तव्य है कि यज्ञ को सफल बनाए। यहां का संदेश दूर- दूर जाएगी। यज्ञ को सफल बनाने आप सभी तन मन धन से यथा योग्य सहयोग जरूर करें। इस अवसर पर 51 गांवों में कलश स्थापना दीप यज्ञ करने वालों का सम्मान सांसद विजय बघेल एवं अतिथियों के द्वारा सम्मान किया गया। यज्ञशाला भूमिपूजन में सपत्नीक हर्षा लोकमनी चन्द्राकर, खेमिन खेमलाल साहू, मिन्की अजय सिंग, के साथ फणीश साहू, के साथ दानेश्वर वर्मा ने विधि विधान के साथ संपन्न किया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय बघेल (सांसद दुर्ग लोकसभा क्षेत्र), अध्यक्षता लाजेश कुमार वर्मा (प्रमुख ट्रस्टी गायत्री श. पीठ आमालोरी), अतिथि हर्षा चन्द्राकर (सदस्य जिला पंचायत दुर्ग), खेमिन साहू (सरपंच ग्राम पंचायत सेलूद) अतिथि लोकमनी चन्द्राकर मण्डल अध्यक्ष, एस. पी. सिंग (समनवयक उप जोन भिलाई), लोकनाथ साहू (जिला समनवयक गायत्री परिवार दुर्ग), विशाल चन्द्राकर (प्रमुख गायत्री प्रज्ञापीठ देवबलौदा, भागवत वर्मा (प्रमुख संरक्षक गायत्री शक्तिपीठ आमालोरी), पोसुराम निर्मलकर शामिल हुए। आयोजन समिति ने कार्यक्रम की रूप रेखा के बारे में बताया कि प्रथम दिवस गाजे बाजे के साथ 5100 कलश धारण करके कलश यात्रा निकाली जाएगी। 24 कुंड में सपत्नीक यज्ञ में तीन सौ जोड़े तीन दिन तक पूजन विधि में बैठेंगे. हरिद्वार शांति कुंज से सनातनी वक्ताओं का आगमन होगा। चारो दिवस राजनीति क्षेत्र से जुड़े नेताओ का अतिथि के रूप में आगमन होगा। मंच संचालन खेमलाल साहू ने किया, आभार प्रदर्शन अशोक सिंह राजपूत ने किया। उक्त अवसर पर गायत्री प्रज्ञा पीठ के पदाधिकारियो के साथ साथ ग्राम सेलूद के खेमिन साहू, अजय सिंग ठाकुर, संजय यदु, टॉमन लाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, मुकतुराम साहू, अरविंद यादव, राजू, भागवत बंछोर, उमेश सिन्हा, अशोक यादव, तारेंद्र बंछोर, दिगम्बर बंछोर, नरोत्तम साहू, भिसम्भार, सत्यभामा बंछोर, उर्वशी बंछोर, खेमिन साहू, रम्भन साहू, पुष्पा वर्मा, नीलू गोस्वामी, ललिता वर्मा, गूँजेश्वरी बंछोर, विमला साहू, सहित आसपास के ग्रामीण हरिशंकर साहू सरपंच अरसनारा, अंजिता साहू सरपंच पतोरा, मनीष चन्द्राकर, भानु साहू, राजकुमार मिश्रा, राजा पाठक, हर प्रसाद आडिल, गोपेश साहू, कुणाल शर्मा, रोशन वर्मा, ललित बघेल, छत्रपाल सिंह, पूर्व जनपद सदस्य भोजराम यादव, लक्ष्मण यादव, ज्योति प्रकाश साहू सहित सैकड़ों की संख्या में जनमानस की उपस्थिति रही।

# बदराडीह में बनेगा मिनी स्टेडियम, युवाओं को स्थानीय स्तर पर प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनने का मिलेगा मौका

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा क्षेत्र के समुचित विकास के लिए की गई घोषणाओं पर तेजी से अमल किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री शर्मा के क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान स्थानीय नागरिकों की मांगों को ध्यान में रखते हुए सीसी रोड, नाली, मिनी स्टेडियम, मंच निर्माण और बोर खनन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की घोषणा की गई थी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से इन कार्यों के लिए जल्द ही मंजूरी मिल गई है। स्वीकृति मिलते ही कार्यों का भूमिपूजन प्रारंभ हो गया है। आज कवर्धा विकासखंड के ग्राम बदराडीह में 51 लाख 60 हजार रूपए की लगात से मिनी स्टेडियम कार्य का भूमिपूजन किया गया। मिनी स्टेडियम कार्य के भूमिपूजन क्षेत्र के स्थानीय युवा और जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया, जो विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता और जनसरोकारों को दर्शाता है। कबीरधाम जिले के कवर्धा विकासखंड के ग्राम बदराडीह में 51 लाख 60 हजार रुपए की लागत से मिनी स्टेडियम का भूमिपूजन किया गया। यह स्टेडियम स्थानीय युवाओं को खेल-कूद और शारीरिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा प्रदान करेगा। इससे पहले ग्राम नेउरगांव कला में 10 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत मड़मड़ा और भगूटोला में 25-25 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड़, नाली निर्माण सहित अन्य कार्यो का भूमिपूजन किया गया है। ग्राम बदराडीह में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में चंदन पटेल, परेटन वर्मा, पंचराम कोसले, नरेंद्र मानिकपुरी, मुकेश पटेल, सुंदर कौशिक, बलि पटेल, बुडु पटेल, फिरंगी पटेल, राजेंद्र पटेल, तिजराम पटेल, मोहन पटेल, विष्णु मरावी, लेखराम यादव, रोशन पटेल, प्रीतम जायसवाल, नितिन चंद्रवंशी सहित एसआई में चयनित क्षेत्र के स्थानीय युवा, ग्रामीणजन और जनप्रतिनिधियों उपस्थित थे।

### युवाओं के विकास और समग्र समाज के लिए एक नई पहल

मिनी स्टेडियम के निर्माण हो जाने से विभिन्न खेलों के लिए उचित सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे युवाओं को अपनी खेल क्षमताओं को निखारने का मौका मिलेगा। मिनी स्टेडियम के निर्माण से युवाओं को स्थानीय स्तर पर प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा, जो उनके करियर की दिशा तय करने में मदद कर सकता है। इससे शारीरिक फिटनेस भी बेहतर होगी। खेलों को बढ़ावा देने से समाज में एक सकारात्मक वातावरण बनेगा और युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क, और नेतृत्व जैसे गुण विकसित होंगे।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विघालय में परख परीक्षा




**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में परख परीक्षा कक्षा 6वीं के बच्चों का टेस्ट प्रिंसिपल कविता वाजपेई एवं पूनम कुमार साहू के निर्देशन में परीक्षा संपन्न कराई गई, जिसमें शाला के सभी शिक्षक लक्ष्मी पांडे, अलका वासनिक, देवकी साहू, प्रेमलता मिश्रा, विद्या श्रीवास्तव, रोहिणी साहू, सुनीता बंजारे एवं संतोष यादव उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रकाश उत्सव शोभायात्रा का किया स्वागत

**बेमेतरा।** पूर्व विधायक आशीष छाबडा ने सिक्ख समाज के आराध्या प्रथम गुरु, गुरु नानक देव जी के जन्म दिवस के अवसर पर निकाले गए सिक्ख समाज गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी बेमेतरा के तत्वाधान में प्रकाश उत्सव शोभायात्रा में पच प्यारों का स्वागत किया तथा उनसे आशीर्वाद लिया शोभा यात्रा बेमेतरा के प्रमुख चौक चौराहा से होकर गुजरी जहां लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया था पच प्यारो से आशीर्वाद लिया इस शोभा यात्रा के दौरान पच प्यारे प्रकाश उत्सव में आगे आगे चल रहे थे तथा सिख समाज की महिलाएं एवं पुरुष शोभा यात्रा आगमन पर सड़कों को साफकर रहे थे। प्रकाश उत्सव की रैली पीछे मैं बड़ी संख्या में बच्चे एवं बड़े तथा बड़े बुजुर्ग भी पीछे पीछे चल रहें थे दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के द्वारा शोभा यात्रा में शामिल लोगों के लिए जलपान का व्यवस्था भी की गई थी जिससे शोभा यात्रा में शामिल लोगों को सेवा प्रदान की जा सके। इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबडा के साथ ज्ञानी जी प्रीतम हुरा दौलत सींग हुरा मनोज मखीजा चिंटू छाबड़ा पक्की अजमानी सहित सामाजिक भाई एवं शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी जिला कांग्रेस कमेटी



महामंत्री ललित विश्वकर्मा जोगेंद्र छाबड़ा उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा शकुंतला साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अवनीश राघव नगर पालिका पार्षद मनोज शर्मा राजू साहू आशीष राम ठाकुर रश्मि मिश्रा रानी सेन जया साहू रूबी सलूजा चंद्र प्रकाश शीतलानी प्रशांत तिवारी रवि रजक नमन छाबड़ा रवि गुप्ता प्रकाश साहू नवीन सलूजा लक्ष्मी डेहरे मिथलेश वर्मा कमल साहू सीताराम यादव बलवंत साहू दिलेश्वर साहू उपस्थित रहे।

# बिरनपुर पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी सब इंस्पेक्टर गंगबेर का हार्ट अटैक से मौत

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के साजा पुलिस थाना में सम्बद्ध बिरनपुर पुलिस सहायता केन्द्र प्रभारी सब इंस्पेक्टर जयराम गंगबेर (61वर्ष) का बीते रविवार की सुबह दिल के दौरे पड़ने से आकस्मिक मौत हो गयी। इस घटना से कल दिनभर पुलिस परिवार के लिए शोक की लहर रही। दरअसल पुलिस विभाग में प्रधान आरक्षक से लगातार पदोन्नत हुए उप निरीक्षक जयराम गंगबेर फिलहाल सालभर से बिरनपुर पुलिस सहायता केन्द्र में प्रभारी पुलिस ऑफिसर के रूप के पदस्थ थे। उनका स्वभाव सरल, सहज होने के साथ विभागीय कार्यवाही में सक्रियता व सेवा में बेहतर था। वही जानकारी के अनुसार कल रविवार को अचानक सुबह 05 बजे बेचैनी होने के साथ ब्लड प्रेशर बढ़ने लगी। फिर हार्ट अटैक आने से उनकी स्थिति गम्भीर हो गयी। जिसको पुलिसकर्मियों द्वारा तत्काल ब्लॉक मुख्यालय स्थित साजा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां पर त्वरित उपचार के लिए तैनात डॉक्टरों की टीम ने प्रथम दृष्टि में ही मृत घोषित कर दिया। इस अकस्मात घटना ने साजा सहित जिलेभर के पुलिस परिवार को झकझोर के रख दिया इस घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू एवं डीएसपी कमल नारायण शर्मा सहित पूरा प्रशासनिक अमला साजा थाना पहुँचा। जहां उनके परिजनों को प्रशासन की आर्थिक सहायता राशि एसपी द्वारा प्रदान की गयी। वही साजा थाना में मृतक ऑफिसर के पंचनामा बनाकर विधिवत विभागीय कार्यवाही कर बॉडी को पोस्टमार्टम पश्चात सम्मान परिजनों को सौंपा गया।

# कोनो छत्तीसगढ़िया पावर प्लांट, स्पंज आयरन फैक्ट्री के मालिक काबर नहि हे: डॉ निर्वाणी

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत धनगांव में अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा की ग्राम बइठका का आयोजन हुआ, बड़ी संख्या में गांव के युवाओं,महिलाओं बुजुर्गो और बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की,बइठका की शुरुवात छत्तीसगढ़ महतारी और भारत माता के जयकारे से हुआ,बइठका को सम्बोधित करते हुए महासभा के सयोंजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा कि छत्तीसगढ़ी महासभा का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सीधे सरल लोगों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करते हुए स्थानीय परम्परा, रीति रिवाज, बोली, खान पान, संस्कृति लोक कला का संवर्धन और विकास करना है, महासभा एक गैर राजनीतिक सामाजिक संगठन है, किसी भी राजनीतिक विचार धारा के सदस्य इसके सदस्य हो सकते हैं, छत्तीसगढ़ राज बने के 24 साल बाद भी छत्तीसगढ़ी लोगों का आर्थिक स्थिति में सुधार होना था वह नहीं दिख रहा है क्यों नौकरी के लिए गिड़गिड़ाना स्वयं नौकरी देने के बारे में क्यों नहीं सोचते काबर राज बने के 24 साल के बाद भी कोनो पावर प्लांट ,कोनो स्पंज आयरन फेक्ट्री के मालिक छत्तीसगढ़िया मन नो हव, अब्बड दम हे छाती में, छत्तसीगढ़ के माटी में, का नारा लगवा डॉ निर्वाणी ने कहा कि वक्त आ गया है अपने स्वाभिमान को जागने का, ये वक्त है अपनी बोली भाषा को सम्मान दिलाने का, दूसर राज के मंत्री विधायक अधिकारी मन अपन राज के भाखा में गोठियाथे, हमन ल कोन रोके हे, छत्तसिगढ़ी महासभा सरकार के नीति के उपयोग कर, सहकारिता, एफ पी ओ जैसे योजना से अपन आर्थिक स्थिति ल सुदृड़ करबो, बइठका में नवागढ़ विधासभा के नवनियुक्त अध्यक्ष गजानंद साहू का परिचय एवम सम्मान किया गया, गजानंद साहू, कुशाल दास, दीपक साहू, मुकेश साहू, रूपेश साहु, लक्ष्मीनरायण वैष्णव, पारद साहू, किशन निषाद, जितेंद्र यादव, हरीश साहू, चैनू साहू, कैलाश साहू, लेखराम साहु, अनिल चक्रधारी, नागेश्वर सप्रे, बसंत ध्रुव, शत्रुहन साहु, जितेंद्र सप्रे, सुनील सपरे, हिमाचल सपरे, धरम साहु, शिव साहू, बंशीराम, गंगाराम पुरुषोत्तम साहू, राधेश्याम साहू, खेमसागर, देवनाथ, डोमन सप्रे, चंद्रमोहन यादव, श्यामलाल साहू, प्रेमलाल साहू, नकुल साहू, बलिराम साहू, मंतराम साहु, संतराम साहू, शंकर साहू, राजकुमार साहू, मिलेश साहु, मनीष साहू, मोहनदास मानिकपुरी, रामचरण चक्रधारी, पुनाराम निषाद, राजेश निषाद, बेदराम निषाद, अशोक ध्रुव, प्रकाश, मनोज ध्रुव, मुकेश निषाद, मन्नू निषाद, पकलू राम साहू, जयराम साहू, संतनिषाद, राम ध्रुव, विष्णु ध्रुव, प्रीतम ध्रुव, जयलाल यादव, परमेश्वर ध्रुव, आकाश सेन, ध्रुव निषाद, अनुज निषाद, रूपचंद साहू भुनेश्वर साहू ललित विक्की साहू, रामकली साहू, जमुना साहू, दुर्गा यादव, हेमिन साहू, गीता साहू संतोषी साहू, राजमत साहू, रामगुलाल साहु, रेखा साहू, कान्ता साहू, चंद्रानी साहू तिमत यादव ताको यादव बिसमत साहू ने महासभा से जुड़कर छत्तीसगढ़ी महासभा के कार्य को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# 12438 क्विंटल धान और 2300 क्विंटल चावल जप्त

**बेमेतरा।** 01 नवंबर से पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा ज़िले के धान ख़रीदी केंद्रों में ख़रीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गयी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने धान खरीदी के दौरान रिसाइक्लिंग एवं अवैध धान की खपत को रोकने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रिसाइक्लिंग पर नियंत्रण हेतु जिला स्तर पर विशेष तैयारी की जाए। कोचिया एवं बिचौलिया द्वारा खरीदी केन्द्रों में किसान के बचत रकबे में न खपाया जाए। धान और चावल के अवैध भंडारण पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में बेमेतरा जिले के बेरला ब्लॉक के तहसील मिम्भौरी में कस्टम मिटिंग कार्य में लापरवाही बरतने वाले राइस मिलों पर, खाद्य विभाग द्वारा जांच की गई। जिसमें राधेश्याम फूड्स अकोली तहसील मिम्भौरी में 11280 क्विं. धान व जन्त किया गया। 2300 क्विं. चावल जप्त किया गया। इसी प्रकार धनलक्ष्मी राइस टेक प्राइवेट लिमिटेड नेवनारा तहसील भिम्भौरी से 1158.72 क्विं. धान जप्त किया गया।



# खुटेरी रंग में शादी के भोज कार्यक्रम में शामिल हुए ग्रामीण

## बिगड़ी तबीयत, 110 से अधिक फूड प्वाइजनिंग के शिकार

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com



जिले के गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम खुटेरी रंग में एक शादी समारोह में भोजन करना ग्रामीणों को भारी पड़ गया। शादी समारोह में खाना खाने के बाद ग्रामीण फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। बताया गया है कि गांव में बीते शनिवार को एक शादी घर में शादी की पूर्व शाम गांव के ग्रामीणजनो के लिए भोज कार्यक्रम रखा गया था, उक्त भोज कार्यक्रम में ग्रामीणजन शामिल हुए थे। जिसके बाद से लगातार ग्रामीणों में उल्टी दस्त की शिकायत सामने आने लगी। रुक रुक कर 110 से अधिक ग्रामीण उल्टी दस्त की चपेट ने आए हैं। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। गांव के 110 से अधिक लोग उल्टी और दस्त की समस्या से पीड़ित हो गए और वे सभी अपना गांव में ही लगाए गए अस्थाई शिविर व अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में लोगों की तबीयत बिगड़ने से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्थिति को देखते हुए गांव के पंचायत भवन और सामुदायिक भवन में अस्थाई स्वास्थ्य कैंप लगाया है, जहां मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा, कुछ गंभीर मरीजों को गुंडरदेही सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत में सुधार देखा जा रहा है।

### खाना खाने के बाद बिगड़ी लोगों की तबीयत

जानकारी के अनुसार, बीते शनिवार को गांव में एक शादी समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भोजन किया था। इसी के बाद से लोगों में उल्टी और दस्त की शिकायतें शुरू हो गईं। मामले की जांच में जुटे सीएमएचओ डॉ. महेश कुमार सूर्यवंशी का कहना है कि सभी बीमार ग्रामीणों की स्थिति अब बेहतर है और सभी का इलाज किया जा रहा है। सीएमएचओ ने बताया कि गांव में अस्थाई स्वास्थ्य शिविर लगाकर इलाज़ किया जा रहा है। दवाईयां भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई गई हैं। कुल 110 ग्रामीणों में उल्टी दस्त की शिकायत प्राप्त हुई है।

### शादी समारोह में परोसे गए खाने के सैंपल की जांच

स्वास्थ्य विभाग ने एहतियात के तौर पर पूरे गांव में जागरूकता फैलाने और संभावित कारणों का पता लगाने के लिए टीम को सक्रिय कर दिया है। फिलहाल, शादी समारोह में परोसे गए खाने के सैंपल की जांच की जा रही है, ताकि फूड प्वाइजनिंग की असल वजह का पता लगाया जा सके।

### उल्टी दस्त से बच्चे भी पड़े बीमार

ग्राम पंचायत खुटेरी रंग के सचिव राधेश्याम चंद्राकर ने बताया कि पंचायत भवन में अस्थाई स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है, जहां रविवार को 78 और सोमवार को 20 ग्रामीण मरीज उल्टी दस्त से पीड़ित पहुचे थे। इसके अलावा 15 से अधिक मरीज स्वंय निजी या फिर शासकीय अस्पताल में सीधे पहुच अपना इलाज़ करवाया है। वही इनमे बच्चे भी शामिल हैं, अभी स्तिथि सामान्य है। आज मंगलवार को जरूरत होगी तो फिर अस्थाई स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा।

# प्रकाश पर्व गुरुनानक जयंती शोभा यात्रा में ब्रह्माकुमारीज द्वारा सम्मान एवं प्रसाद वितरण

बेमेतरा। प्रकाश पर्व गुरुनानक जयंती के उपलक्ष्य में बेमेतरा शहर में नगर भ्रमण विशाल शोभा यात्रा निकाली गई, सैकड़ों लोगों के विशाल समूहों में जब यह यात्रा ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र के सामने से निकली तो



ब्रह्माकुमारीज के भाई बहनों ने भावपूर्ण आगवानी की, इस दौरान सेवा केंद्र प्रभारी बी के शशि दीदी, राजयोग शिक्षिका बी के सुनीता समेत कई भाई बहनों ने चंदन तिलक, दूध, पुष्प वर्षा करते हुए, साफा, श्रीफल नारियल भेंट किया, बी के शशि दीदी द्वारा शोभा यात्रा में शामिल सिख समाज अध्यक्ष गुरूदयाल सिंह चावला जी, जगजीत सिंह जी, प्रसिद्ध समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी एवं सभी भाई बहनों का सम्मान करते हुए सभी को प्रसाद रूप में संतरा फल वितरण किया गया। इस दौरान ज्ञान चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सिख धर्म तथा निराकार परमात्मा द्वारा दिए गए ईश्वरीय सन्देश में काफी समानता है जिससे एक अच्छा और बेहतर समाज बनेगा, पंच प्यारे वे पुरुष जो दस गुरुओं में से अंतिम गुरु गोबिंद सिंह के नेतृत्व में खालसा (सिख योद्धाओं का विशेष समूह) में शामिल हुए थे। सिखों में वे दृढ़ता और भक्ति के प्रतीक के रूप में अत्यधिक आदर के पात्र हैं। गुरु गोबिंद सिंह ने 1699 में बैसाखी के दिन खालसा पंथ की स्थापना करते हुए पंच प्यारे संस्था की स्थापना की थी। संस्कृति को बचाने के लिए गुरु गोबिंद सिंह ने पांच लोगों से कहा कि वे उनके और उनके उद्देश्य के लिए अपनी जान देने को तैयार हों। लगभग सभी की अनिच्छा के बावजूद, आखिरकार पांच स्वयंसेवक आगे आए। गुरु गोबिंद सिंह ने स्वयं उसी मंच पर उनसे बपतिस्मा लिया था ताकि सिखों को बता सकें कि पंच प्यारों के पास समुदाय में किसी भी अन्य व्यक्ति की तुलना में अधिक अधिकार और निर्णय लेने की शक्ति है।

# 15 विपत्तिग्रस्त परिवार को 60 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत 15 विपत्तिग्रस्त परिवारों को 60 लाख रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है। इस प्रकरण के तहत विपत्तिग्रस्त परिवारों के चार-चार लाख रूपए दी जाएगी। इसके तहत ग्राम शीतलपानी निवासी रतिराम धुर्वे की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि संतोबाई को, ग्राम जामुनपानी निवासी अमृत को आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नी पांचोबाई को, सुखचैन धुर्वे की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि सुशीला धुर्वे को, ग्राम राली निवासी कु. पुष्पा मरकाम की की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता फुलचंद मरकाम को, ग्राम राजाढ़ार निवासी ओमजी बैगा की नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता हिरालाल बैगा को, ग्राम दलदली निवासी नंदेश्वर की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि दामिनी को, ग्राम तरेगांव निवासी बैसाखिन बाई की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पुत्री सुशीला को ग्राम तितरी निवासी जितेन्द्र की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि हेमलता को, ग्राम मुड़घुसरी निवासी दुजिया बाई की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पति नंदूराम साहू को, ग्राम गुडली निवासी सायरा की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके मां रामबाई को, ग्राम भेड़ागढ़ निवासी मायरा की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता अनुज को ग्राम नवघटा निवासी भनुप्रताप की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता रामाधार को, ग्राम सिंघौरी निवासी हेमलाल की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि रानी साहू को, ग्राम पिपरिया निवासी चंद्रिका साहू की आग में जलने से मौत हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पुत्र विक्रम साहू और कवर्धा निवासी अशोक यादव की नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि सरोजनी यादव को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

# नक्सल मोर्चे से टिफिन बम बरामद विशेष बल ने किया नष्ट, पुलिस कप्तान ने दी जवानों को बधाई

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com





बलरामपुर पुलिस,बीडीएस टीम और छत्ततीसगढ़ सशस्त्र बल की संयुक्त टीम को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। बड़ी घटना से पहले ही संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई कर जमीन में प्लांट आईईडी विस्फोटक को समय रहते रेस्क्यू किया है। पुलिस कप्तान वैभव बैंकर रमनलाल ने संयुक्त टीम को किसी बड़े हादसे से पहले सुरक्षित जूझारू कार्रवाई के लिए बधाई दी है। खबर के बाद क्षेत्र में जमकर हलचल है।

बहरहाल पुलिस मामले में जांच की बात कह रही है। आमजन में विस्फोटक बरामद होने के साथ नक्सल आहट को लेकर जमकर चर्चा भी है। जिले के थाना सामरीपाठ क्षेत्र स्थित कैम्प पुदांग से पीपरढाबा जाने वाली पगडंडी के पास पुलिस की संयुक्त टीम ने विस्फोटक बरामद किया है। विशेष सूचना के बाद मौके पर पहुंची संयुक्त टीम ने आईईडी प्लान्ट को नष्ट भी कर दिया है। पुलिस कप्तान वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर मौके पर पहुंची सुरक्षा बल की विशेष टीम ने आनन-फानन में मौके पर पहुंचकर क्षेत्र को अपने कब्जे में लिया। आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही टिफिन बम को नष्ट कर दिया। बम नष्ट करने से पहले बीडीएस टीम ने एरिया डोमिनेशन के दौरान आईईडी प्लांट स्थल का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पीपरढाबा जाने वाली पगडंडी जमीन में प्लान्ट टिफिन आईईडी का पता लगाया। और क्षेत्र को अपने कब्जे में लेकर सावधानी के साथ बम को नष्ट भी किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रशासन में टिफिन बम की बरामदगी की घटना को नक्सलियों के आहट के रूप में देखा जा रहा है। नक्सली शांति प्रिय क्षेत्र में टिफिन बम विस्फोट कर सुरक्षाबलों को गंभीर क्षति पहुंचाना चाहते हैं। लेकिन समय रहते टीम ने नक्सलियों के मंसुबों पर पानी फेर दिया है। जान-माल को नुकसान पहुंचने से पहले ही बम को डिस्फ्यूस्ड कर दिया गया। पुलिस कप्तान वैभव बैंकर रमनलाल ने बताया कि नक्सलियों के गलत मंसूबों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। आमजनता के बीच नक्सलियों के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बल्कि किसी प्रकार की गलत गतिविधियों से सतर्क रहने का संदेश दिया जाएगा।

# जिले के वनमण्डल के मैदानी कर्मचारियों को दी गई बाघ विचरण संबंधी प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

वाड्रफनगर के अंतर्गत बाघ विचरण के संभावित वन परिक्षेत्र रघुनाथनगर, वाड्रफनगर,बलरामपुर, रामानुजगंज एवं धमनी के मैदानी वन कर्मियों व हाथी क्रेकिंग दल के सदस्यों एवं वन प्रबंधन समिति के सदस्यों को काष्ठागार वाड्रफनगर में वन्य प्राणी विशेषज्ञ सदस्य डब्ल्यू डब्ल्यू. एफइंडिया उपेन्द्र दुबे के द्वारा विशेष रूप से बाघ के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञ दुबे के द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को बाघ के स्वभाव, बाघ की पहचान तथा वन में विचरण का ट्रेकिंग द्वारा बाघ का मॉनिटरिंग कैसे किया जाना है, किन-किन चीजों का विशेष ध्यान देना है आदि विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान कि गई। उन्होंने बाघ के विचरण क्षेत्रों में उसके संभावित मार्ग पर पदचिन्हों के पहचान स्थानीय वनक्षेत्रों में जाकर मौके पर पीआईपी बनाकर उसके विचरण के जानकारी एवं पदचिन्हों के पहचान दिशा के संबंध में किस प्रकार जानकारी एकत्र किया जा सकता है साथ ही अन्य विषयों के बारे में बताया गया। यदि कहीं किसी बाघ द्वारा किसी मवेशी का शिकार किया जाना पाया जाता है तब वहां पर एवं मार्ग में निर्मित पीआईपी के पास ट्रेप कैमरा कैसे लगाया जाये इस संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया।

बाघ विचरण की जानकारी आस-पास के आबादी क्षेत्रों में मुनादी किया जाना तथा मवेशी क्षति की स्थिति में मुआवजा प्रकरण शीघ्र तैयार करने का निर्देश दिया गया। इस प्रशिक्षण में कर्मचारियों तथा ट्रेकिंग दल के सदस्यों ने अपने शंकाओं का समाधान किया। प्रशिक्षण में वनमण्डलाधिकारी अशोक तिवारी, उप वनमंडलाधिकारी वाड्रफनगर, वन परिक्षेत्राधिकारी वाड्रफनगर उपस्थित रहे।

# बिना विघुत के लाखों रुपए का अतिरिक्त कक्ष का निर्माण

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ठेकेदारों के द्वारा अनैको अतिरिक्त कक्ष का निर्माण 7 लाख रुपए की करीब बताया गया है जहां पर तो भवन अच्छी तरह से निर्माण किया गया है लेकिन कमरे के अंदर विद्युत की व्यवस्था देखने को नहीं मिली ना पंखा कहीं पर लाईट बोर्ड, ना ही कही पर वायरिंग ही नहीं किया गया और 7 लाख से ऊपर की राशि लगाई गई ।जब ठेकेदार से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि हम लोगों ने सूचना पटल लगाया था, लेकिन किसी ने उखाड़ कर फेंक दिया होगा। जब ग्राम पंचायत देवरीमठ के लोगों ने बताया कि यहां पर सूचना पटल ही नहीं लगाया गया इस तरह से बिना सूचना पटेल के ठेकेदार के द्वारा अतिरिक कक्ष का निर्माण किया गया इस कार्य को दीपक अग्रवाल ठेकेदार ने कराया है। जहां पर ना तो कमरे के अंदर बिजली की वायरिंग की गई है न कहीं पर पंखा एवं बल्ब लगाए गया। जबकि कमरे के अंदर बल्ब, पंखा लगाना अती आवश्यक है सभी कार्य करके देना ठेकेदार कि जुम्मेदारी बनती है लेकिन वहीं पर इन्होंने विद्युत तक नहीं पहुंचा नहीं बिजली है ना ही पंखा इस प्रकार विद्युत का अभाव देखना को अतिरिक्त कक्ष में मिल रहा है। जबकि लाखों रुपए में ठेका दिया गया। क्या लाखों रुपए निर्माण केवल कमरे एवं साफ -सफाई रंग रोगन करने के बाद क्या विद्युत व्यवस्था के लिए वह राशि नहीं दिया गया जिससे कि आज तक विद्युत के अभाव में अतीरिक्ष कक्ष का निर्माण कार्य में विद्यार्थी उस कक्ष में पढ़ाई नहीं कर रहे हैं। इस अंतरिक्ष कक्ष का निर्माण में विद्युत व्यवस्था कौन करेगी यह तो समय ही बता पाएगा। विद्युत के अभाव में कोई विद्यार्थी न ही शिक्षक उस अतिरिक्ष कक्ष में बैठना नही चाहता।

# मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले के में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों में जागरूकता रैली निकाली गई। इसके तहत लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके तहत धवलपुर में जागव वोटर ''जाबो'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शपथ ग्रहण एवं रैली निकाली गई।

कार्यक्रम में पीआरपी, एफएलसीआरपी, आरबीके, सीआरपी, एकेएम, पीएस, सीएलएफ पदाधिकारी और ग्रामीण सदस्यों ने उपस्थित होकर भाग लिये। इसी प्रकार नगर पंचायत फिंगेश्वर में जागव वोटर जाबो के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। नगर पंचायत राजिम के द्वारा जागव वोटर जाबो मतदाता अभियान के तहत सुबह 8 बजे से रैली निकाल कर शहर के चौक चौराहो पर लोगों को जागरूक किया गया।




# ग्राम बांसला में नवीन धान संग्रहण खरीदी केन्द्र खोलने की मांग, नहीं खुलने पर दी चक्काजाम की चेतावनी

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम बांसला में नवीन धान संग्रहण खरीदी केन्द्र खोलने की मांग की गई थी ग्रामीण 14 नवम्बर तक आदेश का इंतजार कर रहे थे। खरीदी केन्द्र नहीं खोले जाने से किसानों का आकोश बढ़ गया उन्होने गांव में बैठक कर निर्णय लिया है कि एक सप्ताह के भीतर अगर शासन प्रशासन द्वारा यहां पर धान खरीदी केंद्र नहीं खोला जाता है तो वे संबलपुर चौक में चक्का जाम करेंगे। ग्रामीणों ने बताया आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या० लेम्पस संबलपुर के कार्य क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत बांसला में कई वर्षो से पूर्व मुख्य मंत्री डॉ. रमन सिंह भूपेश बघेल पूर्व मुख्य मंत्री छ०ग० सरकार के समय से लगातार हर वर्ष धान संग्रहण केन्द्र खोलने की मांग लंबित है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत बांसला आश्रित ग्राम जुनवानी, ग्राम पंचायत चवेला आश्रित ग्राम तुडगे, एवं ग्राम पंचायत जातावाड़ा के आश्रित ग्राम उत्तामार व जेपरा, इतने ग्राम आते हैं। जो कि नवीन धान केन्द्र संग्रहण से दूरी लेम्पस संबलपुर तक 10 एवं 15 किलोमीटर के दूरी पर ग्राम स्थित हैं। एवं सभी ग्राम के धान संग्रहण केन्द्र संबलपुर ले जाने से काफी परेशानी होती हैं। वहीं अधिक भीड़ होने के कारण समय पर धान की तौलाई नहीं हो पाती। लाईन लगाना पड़ता है। एवं कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ता हैं। समस्त ग्राम पंचायत व कृषकों के द्वारा कई बार नवीन धान उपार्जन केन्द्र हेतु शासन व प्रशासन को मांग पत्र प्रति वर्ष प्रेषित किया गया हैं। ग्राम पंचायत बांसला मेंनवीन धान एक सप्ताह के अंदर तत्काल खोला जाए अन्यथा आंदोलन करेंगे।

# मारवाड़ी युवा मंच सेंट्रल द्वारा 12,13 एवम 14 दिसंबर को होगा निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण एवं कैलीपर वितरण शिविर

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



मारवाड़ी वह मंच की रायपुर सेंट्रल शाखा द्वारा आगामी 12, 13 एवं 14 दिसंबर को रायपुर के समता कॉलोनी स्थित रामनाथ भीमसेन सभा भवन में तीन दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण एवं कैलिपर्स वितरण शिविर का आयोजन किया गया है, उपरोक्त शिविर में लाभ लेने के लिए विकलांग भाई 5 दिसंबर तक अपना अग्रिम पंजीयन करवा ले उपरोक्त जानकारी देते हुए मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल शाखा के सदस्यों ने बताया कि शिविर में निशुल्क जांच के लिए विकलांग बंधु अपने आधार कार्ड की कॉपी एवं दो पासपोर्ट साइज की फोटो जरूर लाएं, शिविर में कृत्रिम पैर, हाथ कैलिपर्स एवं बैसाखी का वितरण किया जाएगा,शिविर से संबंधित अधिक जानकारी के लिए मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल के कमल गुप्ता-9340553 471, नवीन भूषानिया-94061 18936, आशीष गर्ग-93033 54877, विकास तिवारी-9826303333, योगेश शर्माट्ट 9664663000, अभिषेक अग्रवाल- 8144156640 एवं दीपक अग्रवाल- 9111817 219 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

उपरोक्त शिविर के संयोजक के रूप में मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल के विष्णु गोयल, पंकज अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, एवम क्षितिज अग्रवाल सक्रियता के साथ जुटे हुए हैं, एवं रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी यूवा मंच के अध्यक्ष नितेश अग्रवाल, सचिव पुष्प रंजन जैन एवं कोषाध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने सभी विकलांग बंधुओ को इस निशुल्क शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

# कलेक्टर-एसपी ने गरियाबंद बस स्टैंड का किया निरीक्षण बेहतर आवाजाही के लिए पार्किंग व्यवस्थित करने के दिये निर्देश

- कलेक्टर के निरीक्षण उपरांत व्यवस्थित करने की गई आवश्यक कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com






कलेक्टर दीपक अग्रवाल और एसपी निखिल कुमार राखेचा ने आज सुबह गरियाबंद बस स्टैंड का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बस स्टैंड में पार्किंग की जगह, दुकानों की स्थिति एवं लोगों की सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने बस स्टैण्ड में लोगों की बेहतर सुविधा के लिए पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने तथा अनावश्यक अतिक्रमणों को हटाकर सुलभ व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बस स्टैण्ड के दुकानों एवं हॉटलों आदि के संचालकों को सड़क में अव्यवस्थित पार्किंग नहीं करवाने तथा वाहनों को बेतरतीब कहीं भी खड़ी नहीं करने के निर्देश दिये। साथ ही बस स्टैंड के निर्धारित जगह में अतिक्रमण भी नहीं करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने वाहनों की आवाजाही व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्थित रूप से ही निर्धारित स्थान पर पार्किंग करने के निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने बस स्टैंड के सभी जगहों का अवलोकन किया एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए जरूरी निर्देश दिये। कलेक्टर के निर्देश पश्चात नगर पालिका अमलों द्वारा जरूरी कार्यवाही करते हुए बस स्टैंड में व्यवस्थाओं को दुरूस्त किया गया। साथ ही दुकानदारों एवं हॉटल संचालकों को व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम राकेश गोलछा, सीएमओ चंदन मानकर सहित राजस्व, नगर पालिका एवं पुलिस विभाग के अधिकारी - कर्मचारी मौजूद रहे।

# जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन ने की एसडीओ पुलिस एवं टीआई से भेंट

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन जिला इकाई शक्ति के अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में सदस्यों ने 16 नवंबर को शक्ति के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मनीष कंवर एवं पुलिस थाना शक्ति के टी बृजेश कुमार तिवारी से जाकर सौजन्य मुलाकात की, इस दौरान जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल ने पुलिस प्रशासन द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं पुलिस की सक्रियता की प्रशंसा करते हुए पुलिस अधिकारियों को साधुवाद ज्ञापित किया तो वहीं जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारी वर्ग अधिकाधिक ऑनलाइन इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करता है, किंतु वर्तमान में साइबर अपराध जिस संख्या में बढ़ रहे हैं, उससे कहीं ना कहीं हमें और अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि पुलिस प्रशासन निरंतर साइबर अपराधों को लेकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है, किंतु इसके बावजूद साइबर अपराधों के पुलिस के संज्ञान में आने वाले प्रकरणों पर और अधिक त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है, तथा ऐसे मामलों में पुलिस तत्काल एफआईआर दर्ज कर संबंधित आरोपियों को तलाशने की दिशा में पहल करें, वही जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल के इस सुझाव पर एसडीओ पुलिस मनीष कंवर एवं शक्ति थाना टीआई बृजेश कुमार तिवारी ने भी बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा के दिशा-निर्देशन में शक्ति जिले में प्रमुख राष्ट्रीयकृत बैंकों के अधिकारियों के साथ आने वाले दिनों में अति शीघ्र पुलिस की एक बैठक होनी है,तथा बैठक मैं बैंकिंग अधिकारियों से उपरोक्त साइबर अपराधों के संबंध में आवश्यक चर्चा करने के पश्चात व्यापारी बंधुओ एवं आम नागरिकों से भी इस संबंध में आवश्यक जागरूकता अभियान चलाने की पहल की जाएगी। यूनियन के सदस्यों को पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा साइबर शाखा अलग से गठित की गई है,जो की निरंतर इन घटनाओं पर अपनी पैनी नजर रखती है, तथा विगत महीनो में पुलिस ने साइबर मामलों में भी तत्परता दिखाते हुए सफलताएं अर्जित की है, एवं पीड़ितों को राहत पहुंचाने का काम किया है।

# जेठा के सरकारी कॉलेज में एक दिवसीय संगोष्ठी का कार्यक्रम हुआ संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति में जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी सम्पन्न हुई है, भारत सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार और शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के निर्देशानुसार 16 नवंबर 2024 को जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान पर कार्यशाला सक्ति जिले के अग्रणी महाविद्यालय में आयोजित किया गया, मुख्य अतिथि के रूप में विद्या सिंदार (कार्यकारिणी सदस्य अनुसूचित जनजाति मोर्चा एवं सह प्रभारी मध्यप्रदेश), राजीव कुमार ध्रुव (जिला संपर्क प्रमुख वनवासी कल्याण आश्रम बिलासपुर)मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डॉ डी पी पाटले द्वारा किया गया । अन्य अतिथियों में चेतन साहू (अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय महाविद्यालय सक्ति), डॉ कौशल्या मैत्री (सहायक प्राध्यापक) मुन्ना लाल सीदार (सहायक प्राध्यापक) अर्जुन सिंह (सहायक प्राध्यापक), वेद सिंह मरकाम (ऑडिट विभाग रायपुर), खगेश्वर सिंह पोर्टे (सदस्य युवा प्रकोष्ठ कोटा), विजय सिदार, भारती सिंह सिदार, (सहायक ग्रेड 2 बिलासपुर), उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, संविधान निर्माता डॉ बी आर आंबेडकर,और आदिवासी समाज के जन नायकों की पूजा अर्चना करके दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि विद्या सिंदार का स्वागत प्रो अजय देवांगन द्वारा ,मुख्य वक्ता राजीव कुमार ध्रुव का स्वागत प्रो ललित सिंह (सह संयोजक ) द्वारा, चेतन साहू (अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति) का स्वागत प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े (जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना) द्वारा, डॉ डी पी पाटले (प्राचार्य) का स्वागत प्रो एस अनंत द्वारा पुष्पगुच्छ और बैज लगाकर किया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो डॉ शकुंतला राज और सहसंयोजक प्रो ललित सिंह का स्वागत पुष्पगुच्छ के साथ किया गया। सर्वप्रथम प्रो डॉ शकुंतला राज द्वारा कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य बताया गया कि हम सभी को जनजातियों के अतीत इतिहास और सामाजिक योगदान की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने आदिवासियों के धरती के भगवान बिरसा मुंडा, गुण्डाधुर, रानी दुर्गावती, सहित समस्त जननायकों महत्व को बताना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है उन्होंने समस्त अतिथियों का आभार और धन्यवाद किया। मुख्य वक्ता राजीव कुमार ध्रुव ने बताया कि इस देश के मूलनिवासी आदिवासी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी लोग प्रकृति के पुजारी है, इनका सांस्कृतिक घर घोटूल है जिनका उद्देश्य युवाओं को समाज से सामाजिक सांस्कृतिक, परिचय करना है। उन्होंने भगवान बिरसा मुंड के योगदान, रानी दुर्गावती के योगदान ,गुण्डाधुर,भारत के प्रथम क्रांतिकारी तिलका मांझी, शहीद वीर नारायण सिंह,बलिदानी टांटिया भील ,बुद्ध भगत गोविंद गुरु के बारे में बहुत विस्तार से जानकारी दी गई।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

## एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060718833159, मां गायत्री ट्रेडिंग कम्पनी जरिये प्रोपराइटर मुकेश कुमार (ऋणी), श्रीमती नेहा वैष्णव (सहऋणी) | 20-जुलाई-24 ₹ 35,38,908/- पैंतीस लाख अडतीस हजार नौ सौ आठ रूपये मात्र 20-जुलाई-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पीएच नं. 18, खसरा नं. 360/1, मौजा गोंदखामी ब्लॉक/तहसील-लूरमी, जिला मुंगेली, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2160 वर्ग फीट | 14-नवम्बर-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060122460492, नायक कन्सट्रक्शन (ऋणी), मनोज कुमार नायक (सहऋणी), श्रीमती सीमा नायक (सहऋणी) | 14-अगस्त-24 ₹ 11,43,277/- ग्यारह लाख तेतालीस हजार दो सौ सतहत्तर रूपये मात्र 13-अगस्त-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित ग्राम पंचायत पीएच नं. 17, खसरा नं. 130 बाई 91, रवेली, कवरधा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 240 वर्ग गज | 13-नवम्बर-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060127660002, गणेश प्रसाद कुरमी (ऋणी), चन्द्रभूषण चन्द्रवंशी (सहऋणी) | 15-जुलाई-24 ₹ 6,99,144/- छः लाख निन्यानवे हजार एक सौ चवालीस रूपये मात्र 11-जुलाई-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 435-1-क, पीएच नं. 66, ग्राम कवरधा, ग्राम पंचायत निंगापुर, आरएनएम दामापुर, कुण्डा, पंडरिया, कबीरधाम, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 200 वर्ग मीटर | 14-नवम्बर-24 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं।और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांक: 18/11/2024 स्थान: छत्तीसगढ प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# अन्वेषण कार्यक्रम के तहत अंतरिक्ष ज्ञान अभियान का कलेक्टर ने किया शुभारंभ

## हरी झंडी दिखाकर कलेक्टर अंतरिक्ष ज्ञान अभियान चलित वाहन को किया रवाना










पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले के विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि जगाने एवं उसके प्रति जागरूक करने हेतु ''अन्वेषण'' कार्यक्रम के तहत अंतरिक्ष ज्ञान अभियान की शुरूआत सोमवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर 'अंतरिक्ष ज्ञान अभियान' के तहत विशेष रूप से तैयार किए गए विभिन्न उपकरणों एवं मॉडल से सुसज्जित चलित वाहन को रवाना किया। यह वाहन विशेषज्ञों की टीम के साथ सभी विद्यालयों में भ्रमण करते हुए विद्यार्थियों को अन्तरिक्ष ज्ञान से सुशिक्षित करेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर व्यास ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि जगाने और उन्हें प्रोत्साहित करने राज्य शासन के द्वारा विज्ञान से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती रही है। जिसके तहत अन्वेषण कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है। भारत विश्व मानचित्र में अंतरिक्ष महाशक्ति बन कर उभर रहा है। भारत ने सूर्य और चन्द्रमा से लेकर मंगल तक अपने अभियान संचालित कर रहा है और शुक्र पर भी अपने पैर जमाने को तैयार है। भारत गगनयान मिशन द्वारा अंतरिक्ष में अपना अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना करने वाला है। ऐसे में जिले के बच्चों को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान के संबंध में जागरूक कर इस क्षेत्र में अपार संभावनाओं एवं अवसरों के प्रति बच्चों को जानकारी देना इस अभियान का लक्ष्य है। कलेक्टर ने कहा कि कार्यक्रम को उद्देश्य यह भी है कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत का नाम रोषन करने वाले कल्पना चावला, सुनीता विलियम्स, राकेश शर्मा की तरह ही यहां के बच्चे भी अंतरिक्ष के क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में आज उपग्रह प्रक्षेपण यानों एसएलव्ही, पीएसएलव्ही, एएसएलव्ही, जीएसएलव्ही, एलएमव्ही और चंद्रयान, मंगलयान, गगनयान, विभिन्न टेलीस्कोप, उपग्रह, स्पेस शूट आदि अंतरिक्ष उपकरणों का प्रर्दशन किया गया था। इसके साथ ही विषेशज्ञों द्वारा अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भविष्य निर्माण करने एवं विशिष्ट अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भटनागर, आईडीवायएम के रत्नेश मिश्रा सहित विद्यालयीन शिक्षक -शिक्षिकाएं तथा स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन की पहल पर इग्नाइटिंग ड्रीम्स ऑफ यंग माइंड्स फाउंडेशन (आईडीवायएम) के द्वारा जिले में अन्वेषण कार्यक्रम के तहत 18 नवंबर से 04 दिसम्बर तक जिले के विद्यालयों एवं छात्रावासों में अंतरिक्ष ज्ञान अभियान सत्र का आयोजन कराया जाएगा। इसमें जिला प्रशासन की ओर से नियुक्त 05 सदस्यीय विशेषज्ञ दल भी प्रत्येक विद्यालय में उपस्थित होगें। इसमें कक्षा 6वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों हेतु प्रत्येक विद्यालय में 02 घंटे का सत्र आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत जिले के 45 हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के लगभग 12 हजार से अधिक विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना: स्कूलों में छात्र-छात्राओं को मिलेगा पोषण से भरपूर मिलेट बार

**महासमुन्द।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत महासमुन्द जिले के सभी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पूरक पोषण के रूप में मिलेट बार, प्रोटीन बार, सोया-पीनेट चिक्की, और मोरेंगा बार वितरित करने की अनुमति दी है। इस योजना के तहत शिक्षा सत्र 2024-25 के दौरान दिसंबर 2024 से अप्रैल 2025 तक, सप्ताह में तीन दिन कुल 51 दिनों तक यह पोषण आहार वितरित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस योजना के माध्यम से जिले के 1310 प्राथमिक शालाओं के 68,680 छात्र-छात्राओं और 512 पूर्व माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड को इन पोषक आहारों की आपूर्ति हेतु अधिकृत एजेंसी नियुक्त किया गया है। छात्र-छात्राओं को 20 ग्राम का मिलेट बार, प्रोटीन बार, सोया-पीनेट चिक्की, या मोरेंगा बार प्रदान किया जाएगा, जो उनके पोषण स्तर को बेहतर बनाने तथा शारीरिक और मानसिक विकास के लिए लाभदायक होगा।

## भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा दिव्यांगजनों हेतु निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com



स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), जबलपुर द्वारा महासमुंद जिले के दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण, कैलिपर्स, एवं कृत्रिम अंग प्रदान करने हेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनके जीवन में सहूलियत और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। शिविर का आयोजन जिले के तीन प्रमुख स्थानों पर प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक किया जाएगा। जिसमें बीआरसी केंद्र, महासमुंद में मंगलवार 26 नवंबर 2024 को, ग्राम पंचायत लहरौद, पिथौरा में बुधवार 27 नवंबर एवं केंद्रीय विद्यालय, सरायपाली में गुरुवार 28 नवंबर को आयोजन किया जाएगा। शिविर में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है, जिसमें यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र (रु. 22,500/- से कम मासिक आय या बीपीएल राशन कार्ड), आवासीय प्रमाण पत्र, और तीन पासपोर्ट साइज फोटो शामिल हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अधिक से अधिक दिव्यांगजन लाभान्वित हो सके इसके लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं नगरपालिका अधिकारियों से कहा है कि वे अपने अधीनस्थ पंचायत सचिवों को इस आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दें। साथ ही कोटवार के माध्यम से मुनादी कराई जाए, ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

## जेजेएम अंतर्गत लोगों को दिया जा रहा पानी की गुणवत्ता जांच का प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ सारंगढ़ बिलाईगढ़
www.dailypioneer.com




सारंगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नौरंगपुर में जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल वाहिनियों को जल के परीक्षण की जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया। ब्लॉक के हर गांव से पांच महिलाओं को जल पीने लायक है या नहीं और इसकी गुणवत्ता को परीक्षण का समझाया गया। फील्ड टेस्ट किट, पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए इस्तेमाल की जाती है। भारत सरकार के जल जीवन मिशन योजना के तहत, महिलाओं को पानी की शुद्धता एवं गुणवत्ता जांचने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण के दौरान महिलाऐ खुद ही पानी की गुणवत्ता जांच कर सकती है। शुद्ध जल ही हमें स्वस्थ रखता है और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए शुद्ध जल की बहुत आवश्यकता होती है। वहीं हमारे जीवन में जल की काफी अहम भूमिका होती है। एफटी.के. किट के अंदर कुल आठ पैरामीटर्स होते है। इनके आधार पर ही जल की गुणवत्ता की जांच की जाती है जो कि क्रमशः फ्री रेसिडुअल टेस्ट, पी.एच. टेस्ट, टर्बिडिटी टेस्ट, हार्डनेस टेस्ट, आयरन टेस्ट, फ्लोराइड टेस्ट, नाईट्रेट टेस्ट तथा टी.डी.सी. होते है। जल जीवन मिशन के दूसरे चरण में जल की गुणवत्ता को मापने के लिए प्रत्येक राजस्व ग्राम में गठित महिला समिति को एक-एक फिल्ड टेस्ट किट उपलब्ध कराई जायेगी, जिसके माध्यम से महिलाऐं अपने गांव में पेय जल की गुणवत्ता माप कर उत्सकी रिपोर्ट जे.जे.एम. पोर्टल पर अपलोड कर सकेगें।

## जिले में नशा मुक्ति केंद्र का उद्घाटन, सद्बुद्धि हवन के साथ प्रदेश को नशा मुक्त बनाने का लिया संकल्प

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

समाज कल्याण विभाग, जिला सुकमा के निर्देशन में संचालित और संगी मितान सेवा संस्थान द्वारा संचालित नशा मुक्ति केंद्र का उद्घाटन जिले में आज आयोजित हुआ। उद्घाटन के अवसर पर नशा मुक्ति सद्बुद्धि हवन का आयोजन किया गया।

जिसमें पूजा-अर्चना के साथ गणमान्य अतिथियों ने प्रदेश और जिले को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू, राजेश नारा, जिला समाज कल्याण विभाग के डिप्टी डायरेक्टर संजय पांडे सहित सुकमा के अन्य प्रमुख नागरिक उपस्थित रहे। हवन कुंड में आहुति देकर सभी ने जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**नशे से मुक्त समाज का निर्माण**–नशा मुक्ति केंद्र का उद्देश्य जिले में नशे के कारण होने वाले पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक विघटन को रोकना है। यह केंद्र न केवल अपराधों में कमी लाने बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खोला गया है। संस्था के अनुसार, नशा मुक्ति केंद्र जिले में जागरूकता फैलाने और नशे की लत से जूझ रहे लोगों के पुनर्वास में हेतु काम करेगा।

**सामाजिक सहयोग की अपील**–संस्था ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दें। संस्था ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे नशे की लत से पीड़ित लोगों को प्रेरित करें और उन्हें केंद्र तक पहुंचाने में मदद करें।

## लैब टेक्नीशियन और हैवी वाहन चालक के संविदा नियुक्ति हेतु 19 नवंबर को वाक-इन

पायनियर संवाददाता ◄ सारंगढ़ बिलाईगढ़
www.dailypioneer.com

सारंगढ़ जिले के भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की एक मोबाइल मेडिकल यूनिट चलित वाहन इकाई के संचालन के लिए मानव संसाधन की अस्थाई संविदा भर्ती हेतु वाक- ईन का आयोजन किया जाएगा। आवेदन का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाइट सारंगढ़ बिलाईगढ़ डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन में या कार्यालय के सूचना पटल में अवलोकन किया जा सकता है। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में लैब टेक्नीशियन तथा हैवी वाहन चालक का 19 नवंबर को वाक-ईन आयोजित किया जाएगा। वाक-ईन में निर्धारित समय सुबह 9 से 11 बजे तक अभ्यर्थियों का आवेदन पंजीयन किया जाएगा और प्राप्त आवेदनों की पात्र-अपात्र की सूची दोपहर 2 बजे तक प्रकाशित किया जाएगा। दोपहर 2 से 3 बजे तक दावा आपत्ति प्राप्त किया जाएगा। इसी प्रकार शाम 5 बजे तक पात्र-अपात्र सूची की अंतिम प्रकाशन एवं मेरिट लिस्ट और चयन सूची केकार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में प्रकाशन किया जाएगा। लैब टेक्नीशियन के लिए बीएमएलटी या डीएमएलटी के साथ छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है। वाहन चालक के लिए आठवीं पास और हैवी व्हीकल लाइसेंस जीवित होना अनिवार्य है। भर्ती हेतु निर्धारित आवेदन शुल्क के ?200 लिया जाएगा। आवेदन शुल्क के लिए जिला रेडक्रास सोसाइटी समिति कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कक्ष क्रमांक 6 में आवेदन शुल्क जमा कर पावती लिया जा सकता है। वाक- ईन के दिन आवेदन शुल्क की जमा पावती संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा बिना पावती संलग्न आवेदन को अमान्य किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री बीमा योजनाओं पर हुआ विशेष जनसुरक्षा कैंप का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ कोरिया
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले में व्यापक जनसुरक्षा कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। जिला कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सभी ग्राम पंचायतों में बैंकों के सहयोग से आयोजित हो रहा है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के हर वर्ग तक इन योजनाओं के लाभ पहुंचाना है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 18 से 70 वर्ष के व्यक्तियों को मात्र 20 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर मिलता है। वहीं, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष के लोगों को 436 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाता है। जिला कलेक्टर त्रिपाठी ने नागरिकों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा, ष्ये योजनाएं समाज के हर वर्ग के लिए सुलभ और उपयोगी हैं। लोग कैंप में आकर आसानी से पंजीकरण करा सकते हैं। जिले में अब-तक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 99,200 और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 33,600 पंजीकरण हो चुके हैं। कैंपों में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर इन योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। अग्रणी जिला प्रबंधक प्रमोद कुमार ने कहा, प्रधानमंत्री बीमा योजनाएं देश के हर नागरिक को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम हैं। हमारा लक्ष्य है कि हर व्यक्ति इस सुरक्षा कवच से जुड़ सके। जनसुरक्षा कैंप के माध्यम से प्रशासन की यह पहल आर्थिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्राम पंचायत स्तर पर इन कैंपों के आयोजन से अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिलने की उम्मीद है।

## माध्यमिक शाला पतरापाली में बच्चों को मिली गुड टच-बैड टच की जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com




रामानुजनगर के माध्यमिक शाला पतरापाली में बैगलेस डे सुरक्षित शनिवार पर बच्चों को गुड टच और बैड टच के प्रति सजग और जागरूक बनाने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। बताया गया कि बच्चों के प्रति बढ़ते अपराध का मुख्य कारण जागरूकता की कमी है। माता-पिता बच्चों को अच्छी शिक्षा, खाना, कपड़े देना, बड़ों का सम्मान करना और अच्छे संस्कार देना ही अपना कर्तव्य समझते हैं। बच्चों को एक अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श के बारे में बताने में माता-पिता संकोच करते हैं। उनका यही संकोच अपराध को बढ़ावा देता है। विद्यालय की शिक्षिका अनीता सिंह ने बच्चों को बताया कि गुड टच का मतलब एक तरह का शारीरिक स्पर्श है जो दूसरे व्यक्ति को सुरक्षा और आराम का एहसास देता है और अच्छे और बुरे स्पर्श के बीच अंतर करना सिखाएँ। अच्छे स्पर्श में सिर या पीठ पर थपथपाना, दोस्तों के साथ हाथ मिलाना, हाई-फाइव और गले मिलना शामिल है। इसके विपरीत, बैड टच का मतलब है ऐसा स्पर्श जिससे बच्चे या किशोर असहज, असुरक्षित, आहत आदि महसूस करते हैं। बेड टच यानी बुरा स्पर्श जिसे कोई भी कर सकता है, बुरे स्पर्श में नापसंद गले लगना, चूमना और निजी अंगों को अनुचित तरीके से छूना शामिल है। बच्चे को अलग-अलग तरह के स्पर्श कर सिखाया गया।

**विरोध करना, नहीं कहना सीखें**–शिक्षक योगेश साहू ने बच्चे को बताया कि किसी भी ऐसे स्पर्श को मना करना बिल्कुल सही है जिससे आपको डर,भय और असहजता महसूस होती हो, उन्हें किसी को भी नहीं कहने या चिल्लाने का अधिकार है।

अगर कोई चीज़ उन्हें असहज महसूस करा रही है तो उन्हें बोलना चाहिए। अपने माता-पिता, भाई-बहन, शिक्षक के पास बताना चाहिए। महेन्द्र पटेल के द्वारा बच्चों को साफ सफाई के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बी आर हितकर, महेन्द्र पटेल, अनिता सिंह, कृष्ण कुमार यादव, योगेश साहू, रघुनाथ जायसवाल एवं विद्यालय के छात्र मौजूद थे।

## विश्व शौचालय दिवस 19 नवम्बर से प्रारंभ होकर 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस तक चलेगा "हमारा शौचालय-हमारा सम्मान" अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ गौरेला पेंड्रा मरवाही
www.dailypioneer.com




राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले में विश्व शौचालय दिवस 19 नवम्बर से प्रारंभ होकर 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस तक ''हमारा शौचालय-हमारा सम्मान'' अभियान चलेगा। इस अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने तीनों जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अभियान के सफल आयोजन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। अभियान के दौरान आयोजित गतिविधियों के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण, ग्राम पंचायत स्तर पर बेस्ट व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय प्रतियोगिता का आयोजन एवं ब्लॉक-जिला स्तर पर बेस्ट सामुदायिक शौचालय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। हमारा शौचालय-हमारा सम्मान अभियान के दौरान स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आदि में सामुदायिक शौचालय की उपलब्धता की स्थिति का आकलन एवं शौचालय उपलब्ध नहीं होने व शौचालय निर्माण की राशि संबंधित विभाग में उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में सामुदायिक शौचालय के निर्माण हेतु स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, 15वें वित्त, सीएसआर, डीएमएफ आदि मदों में स्वीकृति दिया जाना है। इसी तरह विभिन्न जल प्रदाय योजना के जल का परीक्षण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण प्रबंधन समिति की बैठक, स्वच्छाग्रहियों-सफाई मित्रों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु डिगनिटी कैम्प का आयोजन और ओडीएफ के स्थायित्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम पंचायत एवं खण्डस्तरीय प्रतिनिधियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। मानव अधिकार दिवस पर 10 दिसम्बर को अभियान का समापन होगा।

## कलिंगा विश्वविद्यालय में ड्रोन कैमरा प्रशिक्षण एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता



**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा 20 नवंबर 2024 को एक दिवसीय ड्रोन कैमरा प्रशिक्षण एवं फोटो ग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस रोमांचक कार्यक्रम में आयोजित ड्रोन कैमरा संचालन कार्यशाला, रीलॉन एयर प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर के सह-संस्थापक और निदेशक, अभिनंदन तिवारी द्वारा ड्रोन कैमरा संचालन में व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाएगा। फोटोग्राफी प्रतियोगिता यह नवोदित फोटोग्राफरों के लिए अपनी रचनात्मकता दिखाने, अपनी कहानी कहने की कला को निखारने तथा ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र के लिए प्रतिस्पर्धा करने का अवसर है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 702/क/भू.व्यप/अविअ/24 सरायपाली दिनांक 14/01/2024

आवेदक रोहित अग्रवाल पिता नत्थुलाल अग्रवाल निवासी ग्राम सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम पतेरापाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 132/3 रकबा 0.0463 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 28/11/2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सरायपाली**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-2, सिरपुर भवन परिसर रायपुर (छ.ग.)**

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक-5626/NIT-12/2024-25/नि.लि. दिनांक 05/11/2024

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 18.11.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 25.11.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि :- 26.11.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
5. निविदा प्रपत्र की कीमत प्रत्येक हेतु (रू. में) :- रू. 750.00
6. निविदा प्रपत्र का प्रकार :- प्रपत्र ''A''
7. निविदाकारों की श्रेणी :- द-पंजीयन के अंतर्गत ''द'' से ''अ'' श्रेणी तक
8. कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 03 माह

| एन आई टी क्र. निविदा क्रं. | कार्य का नाम No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 12 T0071 | Constrution of 2 No. Additional Lift (Civil Work) in New 5th Floor Building at District Court Raipur (द्वितीय आमंत्रण) | 17.38 13100.00 2,61,000.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-2**
**रायपुर (छ.ग.)**

G-242503840/2

# शिक्षा के लिए बदहाली भी ढो रहे मासूम... भवन नसीब नहीं, ग्रामीणों ने झोपड़ी से तैयार की कक्षाएं, 1992 में बना भवन खंडहर हो चुका

- भवन, सड़क जैसी मुलभूत मांगों पर ग्रामीणों मांग नज़रअंदाज होती रही, अब स्थिति बदतर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव/छुरिया
www.dailypioneer.com



आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के ग्राम पंचायत घेरुघाट के मंगियाटोला में प्राथमिक स्कूल के बच्चे बांस-बल्लियों से तैयार झोपड़ी में पढ़ाई कर रहे हैं। स्कूल भवन जर्जर होने के चलते ग्रामीणों ने मिलकर ये व्यवस्था बनाई है। इससे पहले बच्चे एक स्थानीय किसान के कोठार में पढ़ाई कर रहे थे। ग्रामवासियों ने बताया कि, कलेक्टर, शिक्षा अधिकारी तक हमने गुहार लगाई लेकिन भवन की स्वीकृति नहीं मिल सकी। 1992-93 में निर्मित भवन में बच्चों का बैठना खतरे भरा है। विकासखंड मुख्यालय छुरिया से महज 12 किमी की दूरी पर विकास की दुर्दशा देखने को मिलती है। शिक्षा के क्षेत्र में हजारों करोड़ के खर्च के बीच छोटी शालाएं खंडहर होती जा रही हैं। बूचाटोला संकुल के ग्राम मंगियाटोला के शासकीय प्राथमिक शाला में 30 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। ये नौनिहाल झोपड़ीनुमा कक्षाओं में जमीन पर बैठकर अपने उज्जवल भविष्य का सपना संजो रहे हैं। स्कूल में दो शिक्षक पदस्थ हैं।

गेरूघाट के ग्राम पटेल व मंगियाटोला निवासी चेतनराम कुंजाम, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र पडोटी, उपाध्यक्ष उमेश कंवर, उमेन्द सिंह खुरश्याम, बीरसिंग मंडावी, रामलाल नेताम व पूनत राम कुमरे आदि आदिवासियों ने बताया कि जमीनी स्तर पर देखा जाए तो आदिवासी वर्ग को योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल रहा है। शासन- प्रशासन को सच्चाई को स्वीकार कर जनजाति गौरव दिवस मनाने के पूर्व आदिवासी अंचल के आदिवासियों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ दिलाना चाहिए।

**1992 में बना भवन :** मंगियाटोला के ग्रामीणों ने आगे बताया कि बच्चों की पढ़ाई एवं खेलकूद का स्तर उत्कृष्ट है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या सर्व सुविधायुक्त शाला भवन की है। मंगियाटोला में कनिष्ठ शाला के नाम से 1992-93 संचालन का शुभारंभ हुआ पांच साल के बाद में प्राथमिक शाला का दर्जा मिला। प्राथमिक शाला के नाम पर शासकीय शाला भवन का निर्माण हुआ जो अत्यंत ही जर्जर अवस्था में है। सन 2008 में शाला भवन का मरम्मत भी किया गया गया लेकिन वर्तमान में शाला भवन अति जर्जर अवस्था में है।

**छत गिर रही, मलमा गिर रहा :** हालात ऐसे हैं कि छत का मलमा टूट कर गिरने, छज्जे की छड़- सीमेंट निकलने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मुख्य दरवाजा का चैनल गेट टूट चुका है। शाला भवन के अति जर्जर स्थिति को देखकर शाला के समीप एक आदिवासी किसान लखन लाल मंडावी के खलिहान (कोठार) में बने निजी भवन मे शाला संचालित हो रही थी। लेकिन धान कटाई एवं मिंजाई का समय आने के कारण वहां शाला संचालन करना संभव नहीं हो पाया।

### खुले में शौच करने मजबूर

मंगियाटोला के ग्रामीणों ने आगे बताया कि शाला भवन के साथ-साथ रसोई कक्ष एवं बालक-बालिका शौचालय भी अत्यंत ही जर्जर अवस्था में है। रसोई कक्ष अति जर्जर स्थिति में होने के कारण बरसात के मौसम में पानी टपकने से मध्यान्ह भोजन पकाने में रसोईयों को अत्यंत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बालक-बालिका शौचालय भी अत्यंत ही जर्जर अवस्था में है जिससे शिक्षकों एवं बालक-बालिकाओं को परेशानियों से दो चार होना पड़ता है। शाला भवन एवं शाला परिसर की सुरक्षा की दृष्टि से अहाता का निर्माण किया गया है। वह भी अपूर्ण है जिससे जंगली जानवरों की आने का भय बना रहता है।

### अब सड़क पर उतरेंगे ग्रामीण

ग्रामीणों ने सैकड़ों हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन के माध्यम से बताया कि अत्यंत जर्जर शाला भवन संबंधी समस्याओं से क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय, कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी को भी अवगत कराया जा चुका है। कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। समस्याओं के समाधान की गुहार लगाते हुए मंगियाटोला के आदिवासी ग्रामीण अब थक चुके है। अब अंतिम एक बार फिर से उच्च अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के बाद वे छुरिया-बंजारी मुख्य सड़क मार्ग पर चक्काजाम करने की तैयारी में हैं।

### विधायकों ने नहीं ली खबर, न विकास किया

मंगियाटोला के ग्रामीण जितने निराश हैं उससे ज्यादा उनमें जनप्रतिनिधियों को लेकर आक्रोश है। कांग्रेसी विधायकों ने भी उनके बीच पहुंचकर बड़े वायदे किए और सहानुभूति तो दी लेकिन कभी विकास कार्यों के लिए गंभीरता नहीं दिखाई। ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व विधायक छन्नी साहू ने गांव आकर वायदे किए और अखबारों में सुर्खियां छपवाई। अवसरवादियों ने हमारा इस्तेमाल किया और हम जहां के तहां हैं। उन्होंने मौजूदा विधायक भोलाराम साहू के प्रति भी निराशा जताई।

छुरिया ब्लॉक में जर्जर स्कूल भवन का मामला संज्ञान में है। नए भवन के लिए स्वीकृति में समय तो लगता है, हमने डीपीआई को प्रस्ताव भेजा दिया है। कई और स्कूलों के लिए भवन की मांग उसमें शामिल है। हम इस संबंध में कलेक्टर से भी बात करेंगे। अगर, किन्हीं और मद से मदद मिल सकती है तो उसके लिए प्रयास किए जाएंगे।
**-प्रवास बघेल,** डीईओ

## पहले दिन धान बेचने वाले किसानों के खाते में आज-कल में आएगी रकम

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



समर्थन मूल्य में खरीदे जा रहे धान का भुगतान तीन दिनों के भीतर होना है। 14 नवंबर को पहले दिन धान बेचने वाले 2561किसानों को आज-कल में समर्थन मूल्य की राशि बैंक खातों में अंतरित होगी। इसके साथ ही धान खरीदी के अलावा भुगतान का सिलसिला भी शुरु हो जाएगा। हालांकि, किसानों को पूरे 3100 सौ रुपए नहीं मिलेंगे। फिलहाल उन्हें प्रति क्विंटल के लिए निर्धारित 2300-2320 रुपए की रकम का ही भुगतान किया जाएगा।

इस बार किसानों को एक नई सुविधा भी मिल रही है। उपार्जन केंद्रों में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक ने माइक्रो एटीएम की व्यवस्था बहाल की है। इसके माध्यम से बगैर बैंक की शाखा जाए ही एक दिन में किसान 10 हजार रुपए तक की रकम निकाल सकते हैं। बैंक के चेयरमेन सचिन सिंह बघेल ने कहा कि, नगद की समस्याओं से जूझने वाले किसानों के लिए यह बड़ी राहत है। केंद्रों से इसकी सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। हम किसानों की सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध हैं। बैंक सीईओ प्रभात मिश्रा ने बताया कि अधिकतम 72 घंटों के भीतर भुगतान किया जाना है। अगर खाते में किसी तरह की तकनीकी दिक्कत नहीं होगी तो किसानों को तय समर पर पैसे मिल जाएंगे। पहले दिन किसानों ने कुल 1,15,862.2 क्विंटल धान बेचकर अविभाजित राजनांदगांव धान खरीदी की बोहनी की थी। सोमवार को उपार्जन केंद्रों के दोबारा खुलते ही दूसरे दिन256,923.8 क्विंटल धान की खरीद की गई है। जारी आंकड़ों के अनुसार अविभाजित राजनांदगांव जिले में धान खरीदी के दो दिनों में 7866 किसानों ने धान बेचा है। राजनांदगांव जिले में 4874 किसानों से करीब 221510 क्विंटल धान की खरीद हुई है। 51 लाख 19 हजार मूल्य के इस धान से 15 लाख 66 हजार रुपए की लिकिंग वसूली हुई है। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 2461 किसानों ने 128171 क्विंटल धान खरीदा गया है। 29 लाख 58 हजार की धान खरीदी पर 10 लाख रुपए की लिकिंग वसूली की गई है। इसी तरह मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 531 किसानों ने 23104 क्विंटल धान की बिक्री की है। 5 लाख 35 हजार की इस धान खरीदी में 1 लाख 53 हजार की लिकिंग वसूली की गई है।

## छेड़खानी के आरोपी को जेल भेजा



**खैरागढ़।** खैरागढ़ थाना पुलिस ने महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले आदतन अपराधी अमीरलाल सोनवानी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने 1 अक्टूबर 2024 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया था कि वह घर से पानी भरने जा रही थी, तभी आरोपी अमीरलाल सोनवानी ने उसके साथ छेड़छाड़ की और उसकी साड़ी खींची। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 74, 76 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया था।

## तीन लोगों ने मिलकर की हत्या करने की कोशिश

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




अंचल के रातापायली में सर्जिकल ब्लेड से हमला कर हत्या की कोशिश करने के प्रकरण में पुलिस ने घटना में शामिल 3 आरोपी में से दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त घटना का एक आरोपी पहले से ही गिरफ्तार किया जा चुका है। 2 अन्य फरार थे, जिनमे दूसरे आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर फरार तीसरे आरोपी की सघन पतासाजी की जा रही है।

पुलिस की आधिकारिक जानकारी मुताबिक जिला पुलिस के निर्देशन में संवेदनशील मामलों के गतिविधियों पर निरीक्षक उपेन्द्र शाह द्वारा नजर रखने दरम्यान 3 नवंबर को प्रार्थी भागवत निषाद पिता समारू निषाद, 60 वर्ष, निवासी ग्राम रातापायली के द्वारा थाना हाजिर आकर अपने बेटे को अनावेदगणों के द्वारा गाली गलौच करते हुये जान से मारने की धमकी देकर सर्जिकल ब्लेड से हमला कर देने की शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस ने अपराध क्र 270/2024, धारा 296, 115(2), 351(2), 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया था। एसआई ध्रुव के निगरानी में मुख्य आरोपी रीतेश पिता धनसा निषाद, 22 साल, जाति केंवट, साकिन रातापायली को जेल भेज दिया गया था, उपरांत दूसरे आरोपी 17 नवम्बर को 12 बजे 2 फरार आरोपियों में से दुष्यंत उर्फ छोटु पिता महेश यादव, 23 वर्ष, साकिन रातापायली को परिजनों को सूचना देकर गिरफ्तार कर रिमांड में पेश किया गया। तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।

## अस्पताल ले जाई जा रही महिला का रास्ते में हुआ प्रसव

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव/खैरागढ़
www.dailypioneer.com

छुईखदान के करीब ग्राम ढिमरीन कुंआ में गर्भवती का निजी वाहन में प्रसव करवाया गया। 102, 108 एंबुलेंस सेवा उपलब्ध न हो पाने के चलते आपात स्थिति में ग्राम कटंगी कला से महिला को निजी वाहन में अस्पताल ले जाया जा रहा था। प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने विपरित परिस्थिति में रास्ते में ही स्थानीय लोगों की मदद से डिलीवरी करवाई।

विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बघेल ने बताया कि, ग्राम कटंगी कला की गर्भवती महिला जानकी पटेल पति सुरेंद्र का यह तीसरा बच्चा है। डिलीवरी के बाद जच्चा-बच्चा दोनों को दोपहर 01.50 बजे छुईखदान अस्पताल दाखिल किया गया है और दोनों स्वस्थ हैं।

बताया गया कि, प्रसव पीड़ा होने पर जानकी के परिजनों ने 102 महतारी एक्सप्रेस और 108 से मदद मांगी। किन्हीं कारणों से उन्हें एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिल सकी। इसके बाद वे निजी वाहन में उसे लेकर छुईखदान अस्पताल के लिए निकले थे। इस बीच ग्राम ढिमरीन कुआं में महिला को प्रसव पीड़ा शुरु हो गई। सड़क के किनारे गाड़ी खड़ी कर परिजनों ने स्थानीय ग्रामीणों से मदद मांगी। आपात स्थिति में स्थानीय महिलाओं ने गर्भवती का प्रसव कराया। प्रसव के बाद मां और बच्चे को छुईखदान अस्पताल दाखिल किया गया।

## डिवाईडर तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो मिडिल कट से राहगीरों को खतरा : मुदलियार

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव-बालोद स्टेट हाइवे पर मोहारा में मौजूद महालक्ष्मी मार्केट के सामने एक बार फिर अवैध तरीके से डिवाईडर तोड़कर मिडिल कट बना दिया गया है। कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि, इस अवैध मिडिल कट से ब्लैक स्पॉट तैयार हो गया है जहां कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इससे साबित हो गया है कि सड़क सुरक्षा को लेकर बैठकें करने वाले प्रशासन की योजनाएं, तैयारियों सिर्फ बैठक तक ही सीमित हैं। मैदानी अमला गंभीर मामलों में भी दोषियों को प्रश्रय दे रहा है। उन्होंने कहा कि, बगैर अनुमति इस तरह के कृत्य से यह भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या जिला प्रशासन ऐसे लोगों के स ा म न` नतमस्तक है या फिर किन्हीं और कारणों से ऐसी मनमानियां करने की छूट दी जा रही है। मुदलियार ने कहा कि, जिन्होंने ये कृत्य किया उनके हौसले इतने बुलंद हैं कि वे प्रशासनिक और कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। यही नहीं उन्होंने राहगीरों की जान को खतरे में डाल दिया है।

जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि, महालक्ष्मी मार्केट में आवाजाही के लिए अवैध मिडिल कट बनाकर जिस तरह राहगीरों के जीवन को खतरे में डाला गया है वह एक बड़ी गैर जिम्मेदाराना करतूत है। कांग्रेस नेता ने तत्काल इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि, कलेक्टर इस मामले में संज्ञान लें। डिवाईडर तोड़ने वालों के अतिरिक्त जिम्मेदार अफसर जिनकी लापरवाही या संरक्षण में इस तरह के कृत्य किए जा रहे हैं उन पर भी कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## 33 टीमों के 1064 प्रतिभागी जुटे, पहले दिन मेजबान छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने सीबीएसई को हराया

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता सोमवार से शुरु हो गई।पहले दिन खेले गये मैचों में मेजबान छग की बालिकाओं ने 14 वर्ष बॉस्केटबॉल में सीबीएसई को 47-39 अंकों से पराजित किया। इसके अलावा अन्य मैचों में दिलचस्प मुकाबले हुए। दिग्विजय स्टेडियम के बॉस्केटबॉल कोर्ट में खेली जा रही 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के पहले दिन बॉस्केटबॉल बालिका 14 वर्ष में आईबीएसओ ने पंजाब को 44-37 अंकों से, दिल्ली ने नवोदय विद्यालय को 32-2 अंकों से चण्डीगढ़ ने आंध्रपद्रेश को 53-36 अंकों से पराजित किया। 14 वर्ष बालक वर्ग में मध्यप्रदेश ने केन्द्रीय विद्यालय को 58-45 अंकों से, आईबीएसओ ने आईपीएससी को 52-34 अंकों से, सीआईएससीई ने नवोदय विद्यालय को 66-20 से , विद्याभारती ने उत्तराखण्ड को 32-25 अंकों से और 17 वर्ष बालक वर्ग में हरियाणा ने झारखण्ड को 83-63 अंकों से, तेलंगाना ने उत्तराखण्ड को 51-39 अंको से, केरल ने कर्नाटक को 50-19 अंकों से मात दी। इसी तरह केवीएस ने पश्चिम बंगाल को 38-23 अंकों से राजस्थान ने आंध्रप्रदेश को 60-15 अंकों और गुजरात ने कड़े संघर्ष में सीबीएससी को 44-43 अंकों से पटखनी दी। हिमाचल प्रदेश ने आईपीएससी को 58-47 अंकों से लीग राउण्ड में हराया। मेजबान छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने सुबह खेले गये 14 वर्ष बालिका वर्ग में सीबीएसई को 47-39 अंकों से आसानी से हराया। प्रतियोगिता के तहत अन्य मैच देर रात्रि तक दुधिया रोशनी में खेले गये। स्पर्धा के तहत 19 नबम्बर को सुबह साढ़े 6 बजे से लगातार दिग्विजय स्टेडियम स्थित इण्डोर व आऊटडोर कोर्ट में खेले जायेंगे।

## खेल संस्कृति को बढ़ावा, खेलेगा छत्तीसगढ़-जीतेगा इंडिया : मधुसूदन यादव

# पटरी पार क्षेत्र के बच्चों को खेलों से जोड़ने की अनूठी पहल : संतोष पाण्डेय

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



खेल एवं खिलाड़ी उत्थान के लिए समर्पित छत्तीसगढ़ की अग्रणी खेल संस्था रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पटरी पार क्षेत्र के बच्चों के जीवन में खेलों के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को विभिन्न खेल सामग्री वितरित की गई, जिसमें हॉकी स्टिक , हॉकी बॉल, स्किपिंग रोप, हॉकी गोलकीपर किट, सिन गार्ड, प्लेइंग जर्सी, फुटबॉल , फिटनेस इक्विपमेंट्स जैसे उपकरण शामिल थे। कार्यक्रम में खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन के लिए उपस्थित सांसद संतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन मे रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पटरी पार के छेत्रों मे खेल के माध्यम से छोटे बच्चों में अनुशासन और सकारात्मक आदतों को विकसित करने हेतु ठोस कदम उठाने के लिए रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों को खेल में संलग्न करने से उनमे स्वस्थ आदतें विकसित होंगे एवं बच्चे नकारात्मक गतिविधियों से दूर रहेंगे। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन मे पटरी पार क्षेत्र के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव सुविधा प्रदान करने की बात कही। उन्होंने खिलाड़ी बच्चों के अभिभावकों की प्रसंशा करते हुए उनके बच्चों को मैदान से जोड़ने की सराहना की। इससे खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और और पटरी पार क्षेत्र के बच्चे जिले, राज्य एवं देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार होंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने कहा की हॉकी खेल मे पटरी पार क्षेत्र के टीमों का एवं यहाँ के खिलाड़ियों का गौरव शाली इतिहास रहा है। ग्राउंड मे अपना समय देने से बच्चे मोबाइल और टीवी से दूर रहेंगे और शारीरिक और मानसिक विकास के जरिये बीमारियों से दूर रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने बच्चों को नियमित निःशुल्क अभ्यास चिखली स्कूल के मैदान में दिए जाने की बात कही। सम्मानित अतिथियों इस बात से अवगत करवाया की चिखली स्कूल मे प्रातः साढ़े पांच बजे से सैकड़ो के संख्या में बच्चे उत्साह पूर्वक खेल गतिविधियों मे भाग लेते हैं। उन्होंने बच्चों से खेलों में नियमित रूप से भाग लेने और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, प्रकाश शर्मा, अजय झा,गोविन्द यादव, अब्दुल कादिर, प्रिंस भाटिया, शकील अहमद, अनीश रजा, हारुन खान, जावेद खान, किशोर धीवर, दिलीप रावत, राजेश निर्मलकर, हेमू सोनी ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से फिट रहने का माध्यम हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीम वर्क और आत्म-विश्वास का भी विकास करते हैं। इन बच्चों में असीम संभावनाएं हैं, और खेलों के माध्यम से उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सुनील साहू, समाज सेवी ललित नायडू, आशु लारिया, शिवा चौबे, रवि कुंजाम, संदीप यादव, ब्रम्हानंद चौबे, शेखर सिन्हा, राधे साहू, तेजन राजपूत, लाल सिंह साहू , विष्णुनंद चौबे, अंजू सिंह, प्रतिमा भारद्वाज, मोनिका राजपूत, वंदना वर्मा, सहित बड़ी संख्या मे क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

## अधूरे दस्तावेजों वाले आवेदन स्वीकार नहीं होंगे



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 द्वितीय चरण के क्रियान्वन के लिये वार्डो में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वार्ड के संभावित पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण (रैपिड एसेसमेंट सर्वे) किया जा रहा है। वार्डो में आयोजित शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने लोगों ने पहुंच ऑनलाईन आवेदन एवं दस्तावेज के संबंध में जानकारी ली। दिनांक 21 व 27 नवम्बर को भी वार्डो में शिविर आयोजित किये जायेंगे।

आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ देने वार्डो में 18, 21 व 27 नवम्बर 2024 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी कडी में आज सभी वार्डो के लिये शिविर आयोजित किया गया, जिसमें वार्ड के लोग पहुंचकर आवास योजना के आवेदन प्रक्रिया व दस्तावेंज के संबंध में जानकारी लिये। उन्होंने बताया कि जाति का लाभ मिलने वाले हितग्राहियो में कुछ के पास जाति प्रमाण पत्र नहीं है, जिनके पास नही है, उन्हें जाति प्रमाण पत्र जल्द बनावाकर लाना होगा, क्योकि ऑनलाईन आवेदन में दस्तावेज अनिवार्य होता है। अपूर्ण दस्तावेज पर आवेदन स्वीकार्य नही होता। आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि वार्डवासियों की सुविधा के लिये 21 व 27 नवम्बर को भी शिविर आयोजित किये जायेगें। शिविर में संभावित पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण कर आवेदन भराया जायेगा। वार्डवासियों की सुविधा के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है।

## नाले में मिली लाश, पुलिस जांच में जुटी

**राजनांदगांव।** नेशनल हाईवे स्थित एक होटल के समीप नाले में सुबह एक युवक की लाश मिली। पुलिस ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र के रेवाडीह स्थित एक होटल के समीप नाले में एक युवक का शव मिला। पुलिस सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर शव को नाले से बाहर निकलवाया और जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि, मृतक की शिनाख्त रेवाडीह निवासी राजेश साहू के तौर पर हुई है। युवक सुबह करीब 8 बजे तक घर पर ही था। इसके बाद वह घर से निकला। युवक शराब का आदी था। इधर नाले में युवक का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले को जांच में लिया।

## कुमारी बाई यादव का निधन



**राजनांदगांव।** लोक गायक मनोहर यादव की माता कुमारी बाई यादव का सोमवार शाम को आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 73 वर्ष कीं थीं। अंतिम मयात्रा मंगलवार सुबह 11 बजे शीतलापारा स्थित निवास से से निकाली जाएगी। अंतिम संस्कार मोतीपुर-ढाबा मार्ग स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे तीन पुत्रों मनोहर, गोवर्धन व गोविंद का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रति वर्ष आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सम्मान के लिए दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इसी अनुक्रम में विगत 14 नवम्बर 2024 को जिला एवं परियोजना स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद सभागार में किया गया जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद दुर्ग विजय बघेल एवं विशिष्ट अतिथि विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जिला पंचायत सदस्य योगिता चन्द्राकर, लक्ष्मी साहू, एवं मिनीमाता सम्मान 2024 पुरूस्कार प्राप्तकर्ता पार्वती ढीढी, बहादुर कलारिन सम्मान प्राप्तकर्ता चित्ररेखा सिन्हा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा, परियोजना अधिकारी दुर्ग (ग्रामीण) उषा झा, परियोजना अधिकारी दुर्ग (शहरी) अनिता सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला दुर्ग के पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका व समूह के सदस्य उपस्थित रही। कार्यक्रम में जिला दुर्ग अंतर्गत 8 परियोजनाओं के 16 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यकर्ताओं के द्वारा पोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य पोषण माह एवं महतारी वंदन योजना व विभागीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के साथ-साथ अन्य विभागों से समन्वय, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच एवं गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, आयुष्मान कार्ड बनाना एवं जनगणना, जन्म-मृत्यु आदि कार्यों में उल्लेखनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सहायिकाओं को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ चिकित्सा विभाग एन.आर.सी. में भर्ती आदि कार्यों में विशेष योगदान हेतु सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय पुरूस्कार प्राप्तकर्ता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दुर्ग शहरी से सुलोचना ठाकुर, दमयंत्री साहू, दुर्ग (ग्रामीण) से रत्ती ठाकुर, महेश्वरी सोनवानी, भिलाई 01 से मुनेश्वरी देवी, संगीता लहरे, भिलाई 02 से प्रेमीन देवांगन, जया गोस्वामी, अहिवारा से दीपिका बारले, उत्तरा खैरवार, धमधा से सरस्वती यादव, शारदा देवांगन, पाटन से तलिता डहरे, कामनी वर्मा, जामगांव से महेश्वरी ठाकुर, दुलारी साहू, तथा परियोजना स्तरीय सम्मान दुर्ग ग्रामीण से प्राप्तकर्ता मानकुंवर ठाकुर, बिन्दा धनकर, राधा सारथी, गंगोत्री यादव, माद्री ठाकुर, गीता महार, ललिता राजपूत, गीता साहू, वंदना बंजारे, शकुन साहू, लता त्रिपाठी, हेमलता, प्रभा देवांगन, हेमलता साहू, रेवती गौतम, उमा देवांगन, अल्का यादव, रेणु साहू तथा दुर्ग शहरी परियोजना से कविता भोंडेकर, लेखा डोंगरे, धनेश्वरी राजपूत, संगीता थापा, रश्मि साहू, सरस्वती सेन, सुरूज बाई कौशिक, माधुरी दत्ता, महेश्वरी देवांगन, सरस्वती कोसरिया, भारती यादव, हेमलता राजपूत, गायत्री साहू, सविता यादव, सुशीला निषाद, उषा चर्तुवेदी, मधू साहू, रोमा साहू को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका गर्भवती, शिशुवती एवं जन्म से 06 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल एवं अनौपचारिक शिक्षा देने में अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभा रहे है। समाज के इन हितग्राहियों को अपनी सेवा निरंतर अर्पित कर रही है। विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चन्द्राकर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को राज्य सरकार की मातृ शक्ति को बढ़ाओं देने के लिए आयोजित महतारी वंदन योजना का शत्-प्रतिशत् सफ्ल क्रियान्वन करने की सराहना की। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा ने अपने उद्बोधन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके निरन्तर प्रयास से ही विभाग के द्वारा मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर एवं कुपोषण की दर में कमी दर्ज की गई है। पोषण माह में उनके प्रयासों से ही दुर्ग जिला पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर रहा। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, बालगीत एवं फैंसी ड्रेस की प्रस्तुती दी गई।

# रामगढ़िया सेवक सभा के मनाया बंदी छोड़ दिवस एवं दिवाली मिलन समारोह

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com






महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया भवन टाटीबंध स्थित में बंदी छोड़ दिवस एवं दिवाली मिलन के लिए समाज के सम्मानित सदस्य सपरिवार शामिल हुए। प्रोग्राम की शुरुआत में संजीत कौर जी ने बंदी छोड़ दिवस पर इतिहास में दर्ज बंदी छोड़ पर कुछ पन्नों को अपनी स्पीच में बताया। दलजीत सिंह के द्वारा, महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया जी के 300 साल जन्म दिवस पर निकली गई बाइक रैली और मेडिकल कैंप का कॉर्डिनेटर होने के लिए, एवं महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया जी के जन्म दिहाड़े मे विशेष योगदान था गुरबचन सिंह भामरा, ओंकार सिंह मुद्दड़, अटल सिंह हंसपाल, मलकीत सिंह रिहल, मलकीत सिंह बाड़े, हरपाल सिंह भामरा, हरदीप सिंह भामरा, सुरेंद्र सिंह हंसपाल, तेजपाल सिंह हंसपाल, खलविंदर सिंह, सुखदेव सिंह नोटा, चरणजीत सिंह पनेसर, रंजीत सिंह पनेसर, लाली भामरा, डा. सुरेंद्र पाल सिंह माथारू, जगजीत सिंह संधू को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं मंजीत सिंह पनेसर को समाज में सक्रिय भूमिका निभाते हुए सेवा देने के लिए समाज के अध्यक्ष जसविंदर सिंह राणा ने ट्रॉफी व सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। एक परिवार से मैचिंग ड्रेस व 15 साल से कम उम्र के बच्चों की दस्तार सजाने की प्रतियोगिता, संगीत, डांस, गेम्स, हाऊजी स्वादिष्ट भोजन चाय नाश्ते के साथ सभी ने कार्यक्रम को एंजॉय किया।

# जल जीवन मिशन से अब गांव के घर तक मिल रहा शुद्ध पेयजल, जिले में 1 लाख 47 हजार से अधिक कार्य पूर्ण

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जल जीवन मिशन योजना के तहत् लोगों को हर घर तक शुद्ध पेजय जल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जल जीवन मिशन के तहत् जशपुर जिले में 1 लाख 99 हजार 930 कार्य करने का लक्ष्य रखा गया था। इसमें 1 लाख 47 हजार 500 कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इनमें से 62 हजार 930 में शुद्ध पेयजल की सुविधा सतत् रूप से दी जा रही है। इनमें मुख्यालय से 25 कि.मी. दूरी पर स्थित जंगल के किनारे बसा ग्राम बोड़ोकच्छार ग्राम शामिल हैं। जहां में 96 क्रियाशील घरेलु नल कनेक्शन के माध्यम से घर-घर तक शुद्ध पेय जल पहूंचाया जा रहा है। घर पर पानी आने से सभी ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया है। जल जीवन मिशन के आने से पूर्व ग्रामीण अपनी पानी की दैनिक आवश्यकताओं के लिए हैण्डपम्प एवं कुओं पर निर्भर रहते थे, मुख्यतः महिलायें पानी भरने के कार्यो को करती थी जिसमें दिनों का काफी समय लग जाया करता था एवं मौसमों की वजह से गर्मियों में जल स्तर का नीचे जाने से नलकूप में पानी देर से आना अथवा नहीं आने की समस्या एवं बारिसों के पानी से तबीयत ज्यादा खराब होने की समस्याएं रहती थी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.बी.सी ने बताया कि बोड़ोकच्छार में योजना के अंतर्गत 2 एकल ग्राम नल जल योजनाएं लगी है जिसमें एक 12 मी. उंचाई की सोलर योजना लगी है। जिसकी क्षमता 10000 ली. की है। जिससे 32 परिवारों को पीने का पानी पर्याप्त हो जाता है और दूसरी बिजली संचालित योजना है। जिससे 60 परिवारों को पानी पहुंचाया जा रहा है। जिसमें 12 मी. उंचाई की 10000 ली. क्षमता की टंकीयां लगाई गई है।

# कलेक्टर ने नगर पालिका क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था निरंतर बनाए रखने और स्वीकृत विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के दिए निर्देश

## जयस्तंभ चौक के सौंदर्यीकरण कार्य जल्द पूरा करने को कहा

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास ने आज नगर पालिका क्षेत्र जशपुर का निरीक्षण कर नगर की साफ -सफाई की व्यवस्था निरंतर बनाए रखने, सौंदर्यीकरण कार्य, लाइटिंग व्यवस्था, सार्वजनिक प्याऊ और स्वीकृत विकास कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जयस्तंभ चौक के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सौंदर्यीकरण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके तहत उन्होंने पौधरोपण, फाउंटेन चालू करने, पाथवे निर्माण, लाइटिंग व्यवस्था और कारपेट घास लगाने को कहा। मुख्य नगरपालिका अधिकार योगेश्वर उपाध्याय ने कलेक्टर को बताया कि जयस्तंभ चौक सौंदर्यीकरण कार्य की स्वीकृति मिल चुकी है, इसका कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। महाराजा चौक के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर व्यास ने इसके पास की चौपाटी में साफ सफाई की व्यवस्था निरंतर रखने, दिवाल में कलाकृति की सजावट करने, लोगों के बैठने की व्यवस्था सहित शेड निर्माण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर व्यास ने शहर मे नये बन रहे डामर रोड मे रोड मार्किंग करने और डेली नेटर लगाने के भी निर्देश दिए। सिटी बस टर्मिनल निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वहां मौजूद कबाड़ को नीलाम करने और खराब सिटी बसों को मरम्मत कर पुनः चालू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बगल की भूमि पर उद्यान बनाने और पाथवे निर्माण करने को भी कहा।

# मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर शासकीय महाविद्यालय तपकरा में बिजली आपूर्ति पुनः हुई बहाल




पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर शासकीय महाविद्यालय तपकरा में बिजली व्यवस्था पुनः दुरुस्त हो गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कैंप कार्यालय में आवेदन देकर बताया कि महाविद्यालय परिसर में विद्युत आपूर्ति बाधित है। उन्होंने महाविद्यालयीन गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन और विद्यार्थियों को परेशानी ना हो इसके लिए इसे ठीक करने की मांग की। कैंप कार्यालय की त्वरित पहल से महाविद्यालय में बिजली आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है। इसके लिए महाविद्यालय के कर्मचारी और छात्रों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर बगिया में खोले गए मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में लोगों की मांगों और समस्याओं के सामाधान का क्रम सतत रूप से जारी है। कैंप कार्यालय के निर्देश पर समस्या आने पर तत्काल ट्रांसफार्मर लगाने, ग्रिप चेंज, लाईन सुधारने का कार्य किया जा रहा है।

# मीशो ने प्रोजेक्ट विश्वास के साथ ऑनलाईन धोखाधड़ी के खिलाफ मुहिम तेज की, 2.2 करोड़ से ज्यादा संदिग्ध लेन-देन रोके

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने आज अपनी 'ट्रस्ट एश्योरेंस रिपोर्ट' का दूसरा संस्करण पेश किया। इस रिपोर्ट में सुरक्षा बढ़ाने और यूज़र का विश्वास स्थापित करने के लिए सक्रिय उपाय व प्रयासों के बारे में बताया गया है। टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन, उद्योग के विशेषज्ञों के साथ सहयोग, और मजबूत सुरक्षा उपायों पर जोर देते हुए मीशो अपने ग्राहकों के लिए एक सुरक्षित और भरोसेमंद ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म बन गया है। प्रोजेक्ट विश्वास के अंतर्गत, कंपनी अपनी समर्पित 'विश्वास व सुरक्षा' टीम को मजबूत बनाने के लिए निरंतर निवेश कर रही है। यह टीम प्लेटफॉर्म पर यूज़र का विश्वास स्थापित करने और बनाए रखने पर केंद्रित है। रिस्क इंटैलिजेंस विशेषज्ञों की मदद से अपनी क्षमताओं को मजबूत करते हुए कंपनी इस परिवर्तनशील परिदृश्य में सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए तैयार है। मीशो ने पिछले 12 महीने में 2.2 करोड़ से ज्यादा जाली विनिमयों को रोका है। इसके अलावा, मीशो ने प्लेटफॉर्म पर से जालसाजों को हटाने के लिए विस्तृत कदम उठाए हैं। टीम ने अग्रणी एनालिटिकल मॉडलों, जटिल डेटा साईस फ्रेमवर्क्स, और आधुनिक कंप्यूटेशनल लॉजिक का विकास किया है। इससे इस प्लेटफॉर्म पर 13 लाख बॉट ऑर्डर रोकने और 77 लाख से ज्यादा स्कैम की कोशिशों को ब्लॉक करने में मदद मिली है। मीशो में जनरल मैनेजर, फुलफिलमेंट एवं एक्सपीरियंस, सौरभ पांडे ने कहा, ''प्रोजेक्ट विश्वास मीशो की रणनीति का एक मुख्य हिस्सा है। यह विस्तृत अभियान ग्राहकों और विक्रेताओं की सुरक्षा के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करता है। हम आधुनिक टेक्नोलॉजी, विशेषज्ञ एजेंसियों और कंसल्टैंट्स की मदद से कठोर ऑन-ग्राउंड ऑडिट करके धोखाधड़ी को रोकने में बढ़त बनाए हुए हैं।

# विधायक ललित चन्द्राकर ने आस्था ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

- अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं का रेलवे स्टेशन में किया गया भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) अंतर्गत अयोध्या के भगवान श्री रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को आज आस्था स्पेशल ट्रेन दुर्ग से रवाना किया गया। श्रद्धालुओं का रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ की पारम्परिक राऊत नाचा और स्थानीय वाद्यंत्र की धुन में स्टेशन में जय श्रीराम के नारे गूंज रहे थे। रेलवे स्टेशन राम मय नजर आया। रेलवे स्टेशन में राम भक्तों को तिलक, माला पहनाकर स्वागत किया गया। दुर्ग रेल्वे स्टेशन से दोपहर 12 बजे दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी एवं रेलवे अधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए ट्रेन को रवाना किया। यात्रा में दुर्ग एवं बस्तर संभाग के कुल 850 श्रद्धालुगण शामिल है। 21 नवम्बर की मध्य रात्रि दुर्ग रेल्वे स्टेशन वापसी होगी। श्रद्धालुओं ने श्री रामलला दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए राज्य सरकार के अभिनव पहल के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बी.के. दुबे, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग अमित सिंह परिहार एवं अन्य अधिकारी तथा जिला एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## बड़ेझार कट्टा एनीकट के कार्यो के लिए 3.70 करोड़ रुपये स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने कांकेर जिले के विकासखंड कोयलीबेड़ा के बड़ेझारकट्टा एनीकट कम काजवे के निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 70 लाख पांच हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन द्वारा मुख्य अभियंता महानदी परियोजना रायपुर को कार्य कराने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

# धान खरीदी पंजी में आवेदक के मृतक पिता का नाम दर्ज, कृषक धान बिक्री करने में असमर्थ, शिकायत लेकर पहुंचा जनदर्शन

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जनदर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 115 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम कोनारी जिला दुर्ग निवासी कृषक ने धान खरीदी पंजीयन में नाम विलोपित करने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि पूर्व में पिता के द्वारा धान बिक्री किया जाता था। पिता की मृत्यु पश्चात वारिसान के नामों पर फौत दर्ज होकर नामांतरण की गई है। आवेदक द्वारा वर्ष 2020-22 में भी सेवा सहकारी समिति कोड़िया में अपने नाम पर धान बिक्री किया था। धान बिक्री हेतु टोकन लेने के लिए सेवा सहकारी समिति कोड़िया गया था तब उन्हें पता चला कि उनका नाम दर्ज नही है, बल्कि उनके पिता का नाम दर्ज होना बताया गया। पिता का नाम दर्ज होने से धान बिक्री करने से वंचित होने से परिवार को मानसिक प्रताड़ना और आर्थिक हानि का सामना करना पड़ रहा है।

इस पर कलेक्टर ने नायब तहसीलदार दुर्ग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। राधिकानगर कालोनी निवासियों ने वार्ड 8 में स्थित सियान सदन में शादी, पार्टी जैसे कार्यक्रम होने की शिकायत की। वार्डवासियों ने बताया कि कृष्णानगर वार्ड 8 में सियान सदन बनाया गया है, किंतु इस सियान सदन का उपयोग शादी, पार्टी के लिए किया जा रहा है। देर रात्रि तक कार्यक्रम चलते रहने के कारण ध्वनी प्रदूषण होता है एवं मदिरा सेवन कर वाद विवाद की स्थिति निर्मित होती रहती है। सियान सदन का उपयोग करने के बाद आसपास के क्षेत्र में शराब की खाली बोतल फेक कर अत्यधिक गंदगी फैलाते हैं, जिससे कॉलोनीवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम भिलाई को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## करडेगा में विधिक साक्षरता शिविर हुआ आयोजित

# शीघ्र न्याय प्राप्त करना सभी का मौलिक अधिकार : न्यायाधीश मंसूर अहमद

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के तत्वावधान तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुनकुरी भानु प्रताप त्यागी, अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण, तालूका कुनकुरी के विशेष सहयोग से जशपुरांचल के सूदुर वनांचल एवं मनोरम पहाड़ियों से आच्छादित झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित हाई स्कूल के विशाल मैदान करडेगा में विकासखण्ड स्तरीय विधिक साक्षरता शिविर का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर मंसूर अहमद ने संबोधित करते हुए कहा कि इस विधिक साक्षरता शिविर का मुख्य उद्देश्य हर वर्ग के नागरिकों को सहज, सरल, सुलभ और शीघ्र न्याय दिलाना है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि कोई भी नया कानून बनता है वह सर्व प्रथम भारत के राजपत्र में प्रकाशित होता है। लेकिन इसके बारे में जानकारी सभी लोगों को नहीं हो पाती है इसलिए हम आपके गांव करडेगा आकर विधिक साक्षरता के माध्यम से जानकारी दे रहे हैं। विधिक साक्षरता के तहत राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण भी आते हैं। न्याय सबके लिए इस ध्येय वाक्य के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के पक्षकारों के लिए निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान है जिसके लिए निर्धन व्यक्तियों को वकील की सेवा, न्यायालय से संबंधित सभी खर्चे विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कि आबकारी से संबंधित प्रकरण अजमानती अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने लोक अदालत एवं मध्यस्थता और आपसी राजीनामा से प्रकरणों का निराकरण के संबंध में ग्राम वासियों को विस्तार से सारगर्भित जानकारी दी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुनकुरी भानूप्रताप त्यागी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जशपुर डमरूधर चौहान, अनुविभागीय दंडाधिकारी कुनकुरी नंद पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुनकुरी विनोद मण्डावी ने संबोधित करते हुए ग्रामीण जनता को परिवहन नियम, यातायात नियम, सायबर क्राईम, टोनही प्रथा के विरुद्ध अधिनियम, राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के संबंध में ज्ञानवर्धक जानकारी गांव वालों से साझा किया। विधिक साक्षरता शिविर का सफल संचालन हाई स्कूल करडेगा के प्राचार्य नरेश चौहान एवं जशपुरांचल के वरिष्ठ समाजसेवी गणेश नारायण मिश्रा के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन नरेन्द्र तेन्दूलकर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कुनकुरी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में करडेगा ग्राम पंचायत के मेधावी विद्यार्थियों एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंसूर अहमद एवं अन्य अतिथियों के द्वारा मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# खनिज एवं राजस्व विभाग की बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◀ एमसीबी
www.dailypioneer.com

विगत दिवस कलेक्टर के निर्देश पर खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम पैनारी, तहसील खड़गवा में शासकीय भूमि पर संचालित अवैध क्रशर को सीलबंद किया गया है। ज्ञात हो कि ग्राम पैनारी, तहसील खड़गवां स्थित शासकीय भूमि खसरा न.1109 रकबा 1.81 हेक्टेयर भूमि, मद छोटे झाड़ के जंगल पर ठेकेदार शिवानी कंस्ट्रक्शन अंबिकापुर द्वारा बिना वैध अनुमति के क्रशर स्थापित कर पत्थर क्रशिंग का कार्य किया जा रहा था। ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत की गई थी। संज्ञान में आने के बाद खनिज और राजस्व विभाग के द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान अवैध रूप से स्थापित क्रशर क्षेत्र में लगभग 14 ट्रैक्टर ट्रॉली बोल्डर और गिट्टी भंडारित किया जाना पाया गया साथ ही साथ शिवानी कंस्ट्रक्शन के द्वारा लगभग 6300 घन मीटर मिट्टी, मुरूम भी अवैध उत्खनन किया जाना पाया गया है। जिससे खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत अवैध उत्खनन का केस दर्ज किया गया है। मौके पर छत्तीसगढ़ खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण) नियम 2009 के तहत क्रशर को सीलबंद किया गया है इसके साथ ही बिना अनुमति छोटे झाड़ मद की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का मामला होने के कारण क्रशर के विद्युत कनेक्शन को विच्छेदित करते हुए राजस्व विभाग द्वारा स्थल पर स्थापित जनरेटर, पैनल, मोटर कंप्रेशर मशीन को जप्त कर एवं मौके से हटाया जाकर सुरक्षार्थ कोड़ा पुलिस चौकी में रखा गया है।

# सरकार व जनता के बीच विश्वास का एक सेतु है भारतीय लेखा परीक्षा विभाग : रमेन डेका

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com






भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग सरकार और जनता के बीच विश्वास का एक सेतु है, जो सुनिश्चित करता है कि हर संसाधन का सदुपयोग हो और हर निर्णय समाज के हित में हो। राज्यपाल रमेन डेका ने प्रधान महालेखाकार कार्यालय में लेखा परीक्षा सप्ताह का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। लेखा परीक्षा दिवस के अवसर पर 22 नवम्बर 2024 एक सप्ताह तक आयोजित किया जाएगा। महालेखाकार कार्यालय के आवासीय परिसर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि लेखा परीक्षा केवल सरकारी व्यय और राजस्व की जांच तक सीमित नहीं है; यह प्रशासनिक पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन, और जनसेवा में उत्तरदायित्व का एक सशक्त माध्यम है। भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने में इस विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्यपाल डेका ने कहा कि भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग का इतिहास गौरवशाली रहा है। यह न केवल सरकारी कार्यों में वित्तीय अनुशासन लाने का कार्य करता है, बल्कि भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को रोकने का महत्वपूर्ण दायित्व भी निभाता है। इस विभाग के अधिकारियों की निष्पक्षता और कर्मठता ने इसे एक सशक्त संस्थान के रूप में स्थापित किया है। डेका ने कहा कि भारतीय प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन में नियंत्रक और महालेखाकार (सीएजी) की महत्वपूर्ण भूमिका है। संविधान निर्माताओं ने कैग को वित्तीय नियंत्रण में स्वायत्त और स्वतंत्र संस्था के रूप में स्थापित किया है जिससे इसे लोक वित्त की निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में एक प्रमुख दर्जा प्राप्त है। भारतीय प्रशासनिक ढांचे में प्रभावी वित्तीय नियंत्रण में कैग की भूमिका की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि कैग के निरीक्षण से सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की समुचित निगरानी और पारदर्शिता बनी रहती है जिससे लोक कल्याण को लाभ पहुंचाने में मदद मिलती है। राज्यपाल ने तेजी से बढ़ते हुए तकनीकी युग में लेखा परीक्षा की प्रक्रिया में भी नवाचार की आवश्यकता बताते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया के तहत बढ़ती ई-गवर्नेंस और डिजिटलीकरण के चलते लेखा परीक्षकों को आधुनिक उपकरणों और तकनीकी दक्षताओं से लैस होना जरूरी है। इससे न केवल काम की गति तेज होगी, बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी। उन्होंने विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे इस प्रतिष्ठित संस्था की परंपराओं को बनाए रखते हुए निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उनकी मेहनत और ईमानदारी से ही जनता का भरोसा और मजबूत होगा। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रधान महालेखाकार यशवंत कुमार ने दिया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन महालेखाकार मोहम्मद फैजान ने किया। इस अवसर पर राज्यपाल डेका ने सामुदायिक भवन परिसर में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में महालेखाकार कार्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# सीएम ने किक बॉक्सिंग खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की

## सरगुजा के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्पर्धा में जीते मैडल, मुख्यमंत्री ने उज्ज्वल भविष्य के लिए दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सरगुजा के चार खिलाडियों ने कर्नाटक के कुर्ग में 10 से 14 नवंबर तक आयोजित प्रोफेशनल नेशनल किक बॉक्सिंग लीग में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए 2 स्वर्ण और एक -एक रजत और कांस्य पदक हासिल इस राष्ट्रीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ का परचम लहराया। पदक विजेता इन खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें अपनी उपलब्धियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इस खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा आयोजित इस स्पर्धा में सरगुजा की स्वाति राजवाड़े ने 60 किलो से कम वजन वर्ग में गोल्ड, सरवर एक्का ने 50 किलो से कम वजन वर्ग में गोल्ड मैडल, सत्यम साहू ने 70 किलो से कम वजन वर्ग में रजत और संजना मिंज ने 50 किलो से कम वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता है। इस अवसर पर किक बॉक्सिंग एसोशिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष छगन लाल मूंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, सचिव आकाश गुरु दीवान और टीम के कोच खिलावन दास उपस्थित थे।

# महिला आयोग की नई सदस्यों को संभागों का दायित्व, न्यायपीठ का हुआ गठन, आज से 21 नवम्बर को होगी महिला उत्पीड़न की सुनवाई




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की नवनियुक्त सदस्य संभागों में अपने दायित्व का निर्वहन करेंगी। महिला आयोग की बैठक में नये सदस्यों की नियुक्ति होने के पश्चात् संभागवार न्यायपीठ का गठन किया गया। महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी सदस्यों को स्वयं से संभाग चयन करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि आगामी 19, 20 और 21 नवंबर 2024 को रायपुर मुख्यालय में महिला उत्पीडन से संबंधित सुनवाई रखी गई है, जिसमें सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि 21 नवंबर 2024 को सुबह 11 बजे सम्मिलन बैठक का आयोजन किया गया है। नए सदस्यों को संभागवार दायित्व इस प्रकार है। बस्तर संभाग का प्रमुख प्रभार दीपिका सोरी एवं अतिरिक्त प्रभार ओजस्वी मंडावी, सरगुजा सभाग का प्रमुख प्रभार प्रियंवदा सिंह जुदेव एवं अतिरिक्त प्रभार सरला कोसरिया, बिलासपुर संभाग का प्रमुख प्रभार सरला कोसरिया एवं अतिरिक्त प्रभार प्रियंवदा सिंह जुदेव संभालेंगी है। इसी प्रकार रायपुर संभाग का प्रमुख प्रभार लक्ष्मी वर्मा एवं अतिरिक्त प्रभार दीपिका सोरी व दुर्ग संभाग का प्रमुख प्रभार ओजस्वी मंडावी एवं अतिरिक्त प्रभार लक्ष्मी वर्मा संभालेंगी। बैठक में आयोग के समस्त सदस्य सहित आयोग सचिव मनोज कुमार सिन्हा, सहायक संचालक पुष्पा किरण कुजूर एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# श्री बालाजी हास्पिटल के मेडिकल सुपरिन्टेन्डेन्ट डॉ. दीपक जायसवाल को मधुमय अध्ययन के लिए केंद्रीय मंत्री के द्वारा दिया गया राष्ट्रीय सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




राजधानी रायपुर की प्रसिद्ध हास्पिटल श्री बालाजी सुपर स्पेशिलिटी के मेडिकल सुपरिन्टेन्डेन्ट एवं जाने-माने एमडी मेडिसिन एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक जायसवाल को मधुमेह अनुसन्धान मे बेस्ट इनोवेशन के लिए केंद्रीय राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जीतेन्द्र सिंह के द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। रिसर्च सोसाइटी फॉर थी स्टडी ऑफ डॉयबिटीज के 52 वें राष्ट्रीय अधिवेशन एवं इन्टरनेशनल डॉयबिटीज फेडरेशन के राष्ट्रीय अधिवेशन जो कि 14 नवम्बर से 17 नवम्बर 2024 को यशोभूमि द्वारिका नई दिल्ली में आयोजित हुआ था।

# महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में आज से 25 नवंबर तक विश्व विरासत सप्ताह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

विभाग, छत्तीसगढ़ शासन अंतर्गत संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर द्वारा महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में आज से 25 नवंबर 2024 तक विश्व विरासत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सप्ताह भर विविध कार्यक्रम होंगे। मंगलवार को संग्रहालय परिसर स्थित कला-विथिका में 'प्राचीन छत्तीसगढ़ में धातु शिल्प' पर केन्द्रित छायाचित्र-प्रदर्शनी लगाई जायेगी। इस प्रदर्शनी में सिरपुर से प्राप्त बौद्ध धातु प्रतिमाओं सहित सलखन से प्राप्त धातु निर्मित गौरी प्रतिमा के छायाचित्र, संक्षिप्त जानकारी के साथ प्रदर्शित किये जायेंगे। इस प्रदर्शनी का अवलोकन 25 नवंबर तक कार्यालयीन समय में किया जा सकेगा। 20 नवंबर को मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, 21 नवंबर को हाईस्कूल के विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। निबंध लेखन का विषय 'धरोहर संरक्षण में हमारी भूमिका' रखा गया है। इसी तरह 22 नवंबर को हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए विरासत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (बहुविकल्पीय) का आयोजन किया जावेगा।

## पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयन्ती पर कालीबाड़ी चौक में पुष्पांजलि कार्यक्रम

**रायपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी की जयन्ती 19 नवम्बर मंगलवार को प्रातः 10 बजे राजधानी शहर रायपुर के कालीबाड़ी चौक में स्थित उनके प्रतिमा स्थल के समक्ष उनका सादर नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जोन क्रमांक 4 के सहयोग से पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया है।

## सिमगा नगर पालिका गठित : राज्य शासन ने जारी की अधिसूचना

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सिमगा नगर पंचायत को नगर पालिका गठित करने के संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राजपत्र में इस संबंध में अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार नगर पंचायत सिमगा की सीमाएं ही नगर पालिका परिषद सिमगा की सीमाएं होंगी।

# 24 वें राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए स्वागत समिति का गठन एवं बैठक





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के रायपुर शहर में 24 में राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता जो की 27 से 31 दिसंबर 2024 के बीच रायपुर में आयोजित होगी, जिसमें लगभग 800 प्रतिभागी (तीरंदाजी एवं फुटबॉल) भाग लेंगे। इसकी पूर्व तैयारी एवं विभिन्न कार्यक्रमों के लिए स्वागत समिति का गठन किया गया और प्रारंभिक बैठक आयोजित हुई। जनजाति समाज के विकास के लिए 1952 में जशपुर (छत्तीसगढ़) से शुरू हुई यह यात्रा निरंतर जारी है और पूरे देश में वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा बालक/ बालिकाओं के लिए छात्रावास एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रकार के प्रकल्प चल रहे हैं। जिनमें लाखों की संख्या में बालक एवं बालिकाएं जो की जनजाति समाज के दूर वनांचल क्षेत्र के होते हैं और जिन्हें वह सुविधा प्राप्त नहीं हो पाती जिसके अभाव में वह अपनी प्रतिभा नहीं दिखा पाते। इन्हीं उद्देश्यों को लेकर वनवासी विकास समिति काम करती है। रायपुर छत्तीसगढ़ में यह कीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की जानी है। इसके लिए पूरे छत्तीसगढ़ के वनवासी कल्याण आश्रम के अधिकारी एवं अखिल भारतीय के अधिकारी उपस्थित हुए, और पूरे कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी गई, इस कार्यक्रम की शुरुआत कौशल्या विष्णु देव साय और शबरी कन्या आश्रम की बहनो द्वारा संध्या आरती के साथ हुई, कल्याण आश्रम की बहिनों द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। वनवासी कल्याण आश्रम के अखिल भारतीय संगठन मंत्री भगवान सहाय ने कल्याण आश्रम द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रम एवं अखिल भारतीय स्तर पर वनवासी समिति के बालक और बालिकाओं का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व पर भी चर्चा की और कहा कि लगभग दो लाख छात्र-छात्राएं प्रतिवर्ष प्रारंभिक स्तर पर खेलकूद की प्रतियोगिताओं में जनजाति क्षेत्र से भाग लेते हैं।

# आदिवासी अंचलों में 77,292 घरों में बिजली पहुंचाने का कार्य प्रगति पर

## 8,091 किलोमीटर लाइनें, 2217 ट्रांसफॉर्मर, 7950 बसाहटें

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

आदिवासी अँचलों में बिजली से वंचित रह गए घरों में बिजली पहुंचाने के लिए 3 अतिविशिष्ट योजनाओं के माध्यम से 77,292 घरों में बिजली पहुंचाने की कार्ययोजना बनाकर उस पर अमल प्रारंभ कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा इस महती कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है जिसमें से 2 योजनाएं केंद्र सरकार की है तथा 1 योजना छत्तीसगढ़ शासन की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 426 करोड़ रू. से अधिक लागत की इन योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्रता से करने के निर्देश दिए है। वहीं छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष रोहित यादव ने तीनों योजनाओं की प्रगति की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग की व्यवस्था की है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा-अभियान (पीएम जनमन) के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की अति पिछड़ी 7 जनजातियों जिनमें अबुझमाड़िया, बैगा, भारिया, पहाड़ी कोरवा, कमार तथा बिरहोर शामिल हैं, इन 7 जनजातियों के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। ग्रिड से विद्युतीकृत गांवों के 7,077 घरों में बिजली पहुंचाने के लिए 37 करोड़ 60 लाख रू. की लागत से कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 1,087 बसाहटों में 363.24 किलोमीटर 11 के.वी. लाइन, 267 नग 25 के.वी.ए. क्षमता के वितरण ट्रांसफॉर्मर तथा 650 किलोमीटर से अधिक निम्नदाब लाइनें बिछाई जा रही है। पीएम जनमन के तहत अभी तक 4,500 घरों में बिजली पहुंचाई जा चुकी है। प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान की घोषणा हाल ही में की गई है जिसके अंतर्गत 919 गांवों के 65,711 अविद्युतीकृत घरों में बिजली पहुंचाने के लिए 323 करोड़ 63 लाख रू. की कार्ययोजना को स्वीकृति मिली है। जिसके अंतर्गत 6,863 बसाहटों में 1889.56 किलोमीटर लाइनें, 25 के.वी.ए. क्षमता के 1950 वितरण ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए जाएंगे तथा 5,188 किलोमीटर से अधिक निम्नदाब लाइनें बिछाई जाएंगी। आदिवासी बहुल गांवों में बिजली पहुंचाने में सबसे बड़ी समस्या वहां के सघन वन क्षेत्र होते हैं। घने जंगलों में बहुत से क्षेत्र पहुंच विहीन होती हैं। इसके अलावा बस्तर के सघन वन क्षेत्रों में विरासत में मिली नक्सलवाद की समस्या भी है जिसके समाधान की दिशा में राज्य सरकार द्वारा केंद्र की मदद से लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस मोर्चे पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यकाल में बड़ी सफलताएं भी मिल रही हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सुरक्षाबलों की तैनाती केंद्र तथा राज्य शासन द्वारा की गई है। जिसके लिए सुरक्षा कैम्प बनाए गए है। सुरक्षा कैम्पों के समीप 5 किलोमीटर के दायरे में बहु-आयामी विकास कार्यों को गति देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा नियद नेल्लानार योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 24 सुरक्षा कैम्पों के 5 किलोमीटर के दायरे में 96 गांवों में घरों को रोशन करने की कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ किया गया है। इसमें ग्रिड से विद्युतीकृत 8 गांवों के 105 आवासों तथा ऑफ ग्रिड विद्युतीकृत 61 गांवों के 4,399 आवासों को ग्रिड से विद्युतीकृत करने की योजना प्रचलन में है। 61 करोड़ रू. की लागत से इस योजना के अंतर्गत उपकेंद्रों, वितरण लाइनों की स्थापना की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत बीजापुर जिले के यथागुण्डम तथा चिन्तावागु गांवों का विद्युतीकरण किया गया है तथा 60 आवासों में बिजली पहुंचाई जा चुकी है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष रोहित यादव के निर्देशानुसार इन तीनों योजनाओं को प्राथमिकता से पूरा किया जाना है। एम.डी. डिस्ट्रीब्यूशन भीमसिंह कंवर द्वारा नियमित तौर पर क्रियान्वयन की समीक्षा की जा रही है।

19 Nov. 2024
Pride Of Raipur

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit:
www.makazadpharmcy.com

DYNAMO
ESCAPE EXPLORE EXHILARATE
Price 72000/-
Offer 59,990/-
Today Only
3 Year Warranty
XL
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं। बाकि आसान किश्तों में पाएं।
निश्चित उपहार प्रत्येक बुकिंग पर 2999/- देकर बुक करें।
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कैशबैक 5000/-
सिर्फ 9999/- देकर घर ले जाएं
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

SAVI Arts
ONE STOP SHOP FOR ALL FINE ART ITEMS
Deals In
Resin work and material
Festival decoration
Handmade bandhanwar (Toran)
Diyas
Painting
Crockery items
Tealight holder (Metal/ cloth/ wood etc)
Call Now 8964029818, 8319103510
Savi Arts And Craft Store, Shop No. 4, Business Apartment Near Shankar Nagar, Chowpaty, Beside Post Office, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

9575261555
Vastu समाधान
दीपक गुप्ता
(PGD In Vaastu, MBA, MA, LLB, MSW)
(वास्तुशास्त्री एवं अंक वास्तुशास्त्र)
Life Designer and Mentor
वास्तुशास्त्र- घर, दुकान, ऑफिस, प्लॉक, फैक्टरी, कारखाना का नींव से लेकर निर्माण तक संपूर्ण वास्तु।
अंक वास्तुशास्त्र- हस्ताक्षर वास्तु, नाम स्पलिंग वास्तु मोबाईल नंबर, घर का नंबर, कार एवं अन्य किसी भी प्रकार के नंबर अंक से जीवन में सुख शांति, सफलता और संपन्नता प्राप्त करने के अचूक सरल उपाय।
पता- उषा इस्टेट, B8/6 फ्लोर, पंडरी मोवा ब्रिज के बगल में, रायपुर

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईब देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

बेचना है
रायपुर से 12 किलोमीटर पाटन के बेहतरीन लोकेशन वॉल्फोर्ट ग्रीन के पीछे कोपडीह खुडमुड़ा रोड पर कमर्शियल काम्प्लेक्स, घर एवं गोडाउन बनाने हेतु पूर्व दिशा में 2250 Sqft फीट 58 का फ्रंट प्लाट 1050/- फीट एवं अभनपुर में विशाखापट्टनम रोड से वॉकिंग डिस्टेंस नगरसीमा अंतर्गत 1000 फीट प्लॉट बेचना है।
मो. 8770262964

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403